

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, शुक्रवार, 26 मई, 2023 | वर्ष-16 | अंक -50 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



आदिवासी समाज में पैदा होना बुराई नहीं : मुर्मू 02
■ सत्येंद्र जैन को मारने पर तुला है तानाशाह : केजरीवाल
■ दिल्ली के गांवों का होगा कायाकल्प : गोपाल राय 03
■ अघोषित मार्शल लॉ के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे इमरान
■ उ. कोरिया के मिसाइल प्रक्षेपण से रूस को कोई खतरा... 07
'कुमकुम भाग्य' में आलिया के रूप में तूफान ... 10

## सार संक्षेप

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के नामांकन आमंत्रित



**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने असाधारण क्षमता वाले बच्चों को सम्मान देने के लिए प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) के लिए नामांकन आमंत्रित किये हैं। मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि आवेदन या नामांकन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इसके लिए मंत्रालय के पोर्टल पर नामांकन किया जा सकता है। पोर्टल पर इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश इस पर उपलब्ध हैं।

### 'आप' ने रुपाणी पर लगाया जमीन घोटाले का आरोप



**अहमदाबाद।** आम आदमी पार्टी (आप) की गुजरात इकाई ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी द्वारा 10,000 करोड़ रुपए की जमीन के कथित अधिग्रहण की व्यापक जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की मांग की है। आप सदस्य महेंद्रभाई नवदिया और केतनभाई पटेल ने सूरत में कलेक्टर कार्यालय के माध्यम से एक आवेदन जमा किया।

### भारत टीबी को खत्म करने का प्रयास कर रहा है : मांडविया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत में वर्ष 2015 से वर्ष 2022 तक टीबी के मामलों में 13 प्रतिशत की कमी देखी गई है। डॉ. मांडविया ने जेनेवा में आयोजित 76 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा के दौरान क्वाड प्लस देशों के एक सम्मेलन को संबोधित किया।

### आईएनएस विक्रांत पर 'मिग-29 के' फाइटर जेट उतरा



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने एक और मील का पत्थर हासिल किया है। नौसेना के आईएनएस विक्रांत पर पहले 'मिग-29के' फाइटर जेट ने नाइट लैंडिंग की है। नौसेना का कहना है कि यह रक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय नौसेना के मुताबिक, भारत के स्वदेशी आईएनएस विक्रांत युद्धपोत पर 'मिग-29के' को रात में सफलतापूर्वक लैंडिंग कराई गई है। नौसेना की यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती ताकत की ओर बड़ा कदम है।

### ट्रक ने खड़े वाहन में मारी टक्कर, 2 की मौत




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के वेलकम इलाके में गुरुवार को एक ट्रक ने दूसरे खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा नए संसद भवन का मामला

## राष्ट्रपति से उद्घाटन कराने के लिए लोकसभा सचिवालय को निर्देश देने का अनुरोध

- अधिवक्ता जया सुकीन ने दायर की याचिका
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू है भारत की प्रथम नागरिक
- 28 को है नए संसद भवन का उद्घाटन कार्यक्रम





**नई दिल्ली,** 25 मई (देशबन्धु)। नए संसद भवन के उद्घाटन का मामला अब सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से कराने के लिए लोकसभा सचिवालय को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। अधिवक्ता जया सुकीन की ओर से दायर याचिका में दलील दी गई है कि नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए 18 मई को लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बयान और लोकसभा महासचिव की ओर से जारी आमंत्रण पत्र संविधान का उल्लंघन करता है। याचिका में उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रपति भारत की प्रथम नागरिक हैं और संसद की प्रमुख हैं और नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से कराने के लिए एक निर्देश देने का न्यायालय से अनुरोध किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से जारी आमंत्रण के बाद 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करने वाले हैं। याचिका में बताया गया है कि संविधान के अनुसार, राष्ट्रपति और शीर्ष विधानमंडल के दोनों सदन, राज्यसभा और लोकसभा, संसद में शामिल होंगे। इसमें दलील दी गई है, 'साथ ही, अनुच्छेद 87 में कहा गया है कि संसद के प्रत्येक सत्र की शुरूआत में, राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों में अभिभाषण देंगे और इसकी बैठक बुलाए जाने के उद्देश्य से अवगत कराएंगे। लेकिन प्रतिवादी (लोकसभा सचिवालय और केंद्र) राष्ट्रपति को अपमानित करने का प्रयास कर रहे हैं।'

### 20 पार्टियां विरोध कर रहीं

कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, आम आदमी पार्टी, शिवसेना (उद्धव गुट), समाजवादी पार्टी, राजद, सीपीआई, जेएमएम केरल कांग्रेस (मणि), वीसीके, रालोद, राकांपा, सीपीआई (एम), आईयूएमएल, नेशनल कॉन्फ्रेंस, आरएसपी, एआईएमआईएम और एमडीएमके शामिल हैं।

### से पार्टियां होंगी शामिल

भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना (शिंदे गुट), नेशनल पीपुल्स पार्टी, मेघालय, नेशलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, जन नायक पार्टी, एआईडीएमके, आईएमकेएमके, एजेएसयू, आरपीआई, मिजो नेशनल फ्रंट, तमिम मनीला कांग्रेस, आईटीएफटी (त्रिपुरा), बोडो पीपुल्स पार्टी, पीएमके महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी, अपना दल, असम गण परिषद, लोक जनशक्ति पार्टी (पासवान), बीजू जनता दल, बहुजन समाज पार्टी, तेलगू देशम पार्टी, अकाली दल, जेडीएस।

> प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से नए संसद भवन का उद्घाटन नहीं कराके उनके हक को छीना है और संसदीय प्रणाली को ध्वस्त किया हैः **मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

> संसद के नए भवन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने वाले उद्घाटन कार्यक्रम के बहिष्कार की विपक्षी दलों की घोषणा को एक पाखंड हैः **संबित पात्रा, भाजपा प्रवक्ता**

> केन्द्र में चाहे कांग्रेस की सरकार रही हो या अब भाजपा की, बसपा ने देश व जनहित के मुद्दों पर हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उनका समर्थन किया है : **मायावती, बसपा अध्यक्ष**

# अब अमूल को लेकर तमिलनाडु में विवाद



- मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अमित शाह को लिखा खत
- राज्य में दूध की खरीद बंद करने का निर्देश देने की मांग

**चेन्नई,** 25 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के बाद अब तमिलनाडु में अमूल दूध को लेकर विवाद खड़ा होता नजर आ रहा है। अब इसे लेकर खुद सीएम एमके स्टिलन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मांग की है कि गुजरात बेस्ड डेयरी कंपनी 'अमूल' को तत्काल प्रभाव से तमिलनाडु में दूध की खरीद बंद करने का निर्देश दिया जाए। स्टालिन ने शाह को लिखे पत्र में तमिलनाडु 'मिल्क शेड' क्षेत्र में कैरा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ (अमूल) की तरफ से दूध की खरीद किए जाने से उत्पन्न मुद्दों पर केंद्र सरकार को ध्यान देने के लिए कहा है।

### मिल्क-शेड क्षेत्र का उल्लंघन करना गलत

मुख्यमंत्री ने कहा, इसके साथ ही, अमूल ने तमिलनाडु में कृष्णागिरि, धर्मपुरी, वेल्लोर, रानीपेट, तिरुपथुर, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जिलों में और आसपास स्थित एफपीओ और एसएचजी के माध्यम से दूध खरीदने की योजना बनाई है। स्टालिन ने लिखा, भारत में यह एक नियम रहा है कि सहकारी समितियों को एक-दूसरे के 'मिल्क-शेड' क्षेत्र का उल्लंघन किए बिना फलने-फूलने दिया जाए। कर्नाटक में भी अमूल दूध को लेकर काफी विवाद खड़ा हुआ था। पिछले दिनों अमूल ने कर्नाटक में अपनी एंट्री की घोषणा की थी, जिसके बाद यहां के विपक्षी दलों ने इसकी आलोचना की थी।

# उत्तराखंड को मिली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस

### प्रधानमंत्री मोदी ने झंडी दिखाकर किया रवाना



**देहरादून,** 25 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देहरादून से दिल्ली के बीच चलने वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर देहरादून में सीएम धामी व रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव व प्रशासनिक अधिकारी व आमजन मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज बहुत सौभाग्य का दिन है। पीएम मोदी ने आज देवभूमि को वंदे भारत की बहुत बड़ी सौगात दे रहे हैं। आज से 10 साल जब रेलवे की विकास की बात आती थी, तो केंद्र सरकार की तरफ से 187 करोड़ रुपए मिलते थे। और 2014 में मोदी जी जब आए तो उन्होंने तुरंत उत्तराखंड के लिए फंड की व्यवस्था की। उत्तराखंड में रेलवे के लिए 2000-4000 करोड़ रुपए तक की व्यवस्था की और इस बार उन्होंने 5000 करोड़ रुपए की व्यवस्था की। वंदे भारत को हरी झंडी दिखाने से पहले पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली और देहरादून के बीच ये चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन देश की राजधानी को और तेज गति से जोड़ेगी। इस ट्रेन से दिल्ली और देहरादून के बीच रेल सफर में अब समय काफी कम हो जाएगा। ट्रेन में जो सुविधाएं हैं वो इस सफर को आनंद दायक बनाने वाली हैं। वही पीएम के अनुसार उत्तराखंड नौ रत्नों के चलते आगे बढ़ रहे हैं।

> **दिल्ली और देहरादून के बीच ये चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन देश की राजधानी को और तेज गति से जोड़ेगीः नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### भारत को उम्मीदों से देख रहा विश्व

पीएम ने अपनी विदेश यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि अभी कुछ घंटे पहले ही मैं तीन देशों की यात्रा करके आया हूं। आज पूरा विश्व भारत को उम्मीदों से देख रहा है। हमने जिस तरह अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है, जिस तरह हम गरीबी से लड़ रहे हैं उसने पूरी दुनिया का विश्वास जगा दिया है। मेरा विश्वास है कि ये देवभूमि आने वाले समय में पूरे विश्व की आध्यात्मिक चेतना के आकर्षण का केंद्र बनेगी। हमें इस सामर्थ्य के अनुरूप भी उत्तराखंड का विकास करना है।

# आज खड़गे व राहुल से मिल सकते हैं केजरीवाल

■ दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, मैं राहुल गांधी से समय मांगूंगा ■ शरद पवार ने भी केजरीवाल को समर्थन का दिया है भरोसा



**नई दिल्ली,** 25 मई (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुबंई में एनसीपी प्रमुख शरद पवार के साथ मुलाकात की और केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ समर्थन मांगा। वे इन दिनों विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। अब उन्होंने इस मुद्दे पर समर्थन के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मिलने की बात कही है।

### राज्यसभा में बिल को पास नहीं होने देंगे

शरद पवार के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कल, मैं इस मुद्दे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मिलने के लिए समय मांगूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि शरद पवार ने हमें आश्वासन दिया है कि दिल्ली सरकार के खिलाफ केंद्र के अध्यादेश को बदलने वाला बिल राज्यसभा में आएगा तो इस बिल को वहां पास नहीं होने देंगे।

### सभी गैर-बीजेपी दलों से समर्थन मांगेंगे

केजरीवाल ने कहा कि ये दिल्ली की लड़ाई नहीं है, ये पूरे संघीय संरचना की लड़ाई है. हम सभी गैर-बीजेपी दलों से समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान, आप सांसद राघव चड्ढा, दिल्ली की मंत्री आतिशी और पार्टी के अन्य नेता भी एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार से मिलने मुंबई के यशवंतराव चव्हाण सेंटर पहुंचे थे।

### देश में संकट की स्थिति : पवार

एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि देश में संकट है और यह दिल्ली तक सीमित मुद्दा नहीं है। एनसीपी और महाराष्ट्र की जनता केजरीवाल का समर्थन करेगी। हम अरविंद केजरीवाल का समर्थन करने के लिए अन्य नेताओं से भी बात करेंगे। हमें सभी गैर-बीजेपी पार्टियों को एक साथ लाने पर ध्यान देना चाहिए. अब संसदीय लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए लड़ने का समय है।

# तिहाड़ में बंद सतेंद्र जैन बाथरूम में गिरे

### मुख्यमंत्री केजरीवाल ने जैन के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई



### एलएनजेपी अस्पताल में कराया गया भर्ती

**नई दिल्ली,** 25 मई एजेंसियां)। दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को गुरुवार सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सत्येंद्र जैन बीते कई महीनों से दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। गौरतलब है कि गुरुवार को तिहाड़ जेल के ही बाथरूम में चक्कर आने के बाद सत्येंद्र जैन फर्श पर गिर गए। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सत्येंद्र जैन के स्वास्थ्य को लेकर चिंता और अपनी शुभकामनाएं जताई हैं। केजरीवाल ने इस पूरी घटना पर कहा, 'जो इंसान (सत्येंद्र जैन) जनता को अच्छा इलाज और अच्छी सेहत देने के लिए दिन-रात काम कर रहा था, आज उस भले इंसान को एक तानाशाह मारने पर तुला है।' मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस विषय पर आगे कहा कि उस तानाशाह की एक ही सोच है- सबको खत्म कर देने की, वो सिर्फ 'मैं' में ही जीता है। वो सिर्फ खुद को ही देखना चाहता है। इस पूरी घटना पर केजरीवाल का कहना है कि भगवान सब देख रहे हैं, वो सबके साथ न्याय करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री ने सत्येंद्र जैन के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि ईश्वर से सत्येंद्र के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। भगवान उन्हें इन विपरीत परिस्थितियों से लड़ने की शक्ति दें।

# सीबीआई के नए बॉस प्रवीण सूद ने कार्यभार संभाला



- 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं सूद
- दो साल तक सीबीआई डायरेक्टर पद पर रहेंगे

**नई दिल्ली,** 25 मई( देशबन्धु)। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के अगले दिन राज्य के डीजीपी प्रवीण सूद को केंद्रीय जांच ब्यूरो का नया डायरेक्टर बनाया गया था, जिन्होंने गुरुवार को अपना पदभार संभाल लिया। 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रवीण सूद दो साल तक इस पद पर रहेंगे। वे मई 2024 में रिटायर हो रहे हैं, लेकिन इस नियुक्ति के साथ ही उनका कार्यकाल मई 2025 तक बढ़ गया है। सूद से पहले सीबीआई के डायरेक्टर सुबोध कुमार जायसवाल रहे, जिनका कार्यकाल आज समाप्त हो गया। प्रवीण सूद हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा के रहने वाले हैं। सूद की स्कूलिंग दिल्ली के सरकारी स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने आईआईटी दिल्ली से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया। 1986 में वे 22 साल की उम्र में आईपीएस बने। उन्हें कर्नाटक कैडर मिला। सर्विस के दौरान ही उन्होंने आईआईएम बेंगलुरु से पब्लिक पुलिस मैनेजमेंट में एमबीए पूरा किया। पुलिस सर्विस के शुरुआती दौर में वे बेल्लारी और रायचुर में एसपी रहे।

# दिल्ली में कांग्रेस नेताओं से मिले सिद्धारमैया, डीके

### कैबिनेट विस्तार पर वरिष्ठ नेताओं से की चर्चा

**नई दिल्ली,** 25 मई एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने गुरुवार को कर्नाटक के इंचार्ज रणदीप सुरजेवाला और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ बैठक की। इससे पहले सिद्धारमैया और डीके ने वेणुगोपाल के साथ उनके निवास पर चर्चा की थी। कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार बुधवार को ही दिल्ली पहुंच गए थे। वहीं, सिद्धारमैया रात को दिल्ली पहुंचे। डीके ने दिल्ली पहुंचकर पार्टी के भीतर फूट की अफवाहों को नकार दिया। डीके ने कहा कि ये एक रूटीन दौरा है। हमें जल्द से जल्द कैबिनेट विस्तार करना है। उस पर काम चल रहा है। हम राज्य से जुड़े मुद्दों पर पार्टी के सीनियर नेताओं से चर्चा करेंगे।

**आंकड़े** *कृषि मंत्रालय ने मुख्य फसलों के उत्पादन के अनुमान किए जारी*

# इस वर्ष 3305.34 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान

**नई दिल्ली, 25 मई (देशबन्धु)। कृषि मंत्रालय ने वर्ष 2022-23 के लिए मुख्य फसलों के उत्पादन के तीसरे अग्रिम अनुमान जारी कर दिए हैं। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को बताया कि किसानों के अथक परिश्रम, वैज्ञानिकों के योगदान एवं सरकार की किसान हितैषी नीतियों और राज्यों के सहयोग से देश में कृषि उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। चालू कृषि वर्ष में 3305.34 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान है।**



- पिछले वर्ष 2021-22 की तुलना में 149.18 लाख टन है अधिक

वर्ष 2022-23 के लिए तीसरे अग्रिम अनुमानों के अनुसार, देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 3305.34 लाख टन होने की आशा है, जो पिछले वर्ष 2021-22 की तुलना में 149.18 लाख टन अधिक है। वर्ष 2022-23 के दौरान चावल का कुल उत्पादन (रिकॉर्ड) 1355.42 लाख टन अनुमानित है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 60.71 लाख टन अधिक है। देश में गेहूं का उत्पादन (रिकॉर्ड) 1127.43 लाख टन होने की आशा है, जो पिछले वर्ष के उत्पादन की तुलना में 50.01 लाख टन अधिक है। वर्ष 2022-23 के दौरान देश में मक्का का उत्पादन रिकॉर्ड 359.13 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के उत्पादन की तुलना में 21.83 लाख टन अधिक है। मोटे अनाजों (श्री अन्न) का उत्पादन 547.48 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के उत्पादन की तुलना में 36.47 लाख टन अधिक है। मूंग का उत्पादन 37.40 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के उत्पादन की तुलना में 5.74 लाख टन अधिक है। वर्ष 2022-23के दौरान कुल दलहन उत?पादन 275.04 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के 273.02 लाख टन उत्पादन की तुलना में 2.02 लाख टन अधिक है। सोयाबीन तथा रेपसीड एवं सरसो का उत्पादन क्रमशः 149.76 लाख टन एवं 124.94 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष 2021-22 के उत्पादन की तुलना में क्रमशः 19.89 लाख टन और 5.31 लाख टन अधिक है। वर्ष 2022-23 के दौरान देश में कुल तिलहन उत्पादन रिकॉर्ड 409.96 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के तिलहन उत्पादन की तुलना में 30.33 लाख टन अधिक है। गन्ने का उत्पादन 4942.28 लाख टन अनुमानित है।

## देश

उवाच



"कर्नाटक में हम किसी को भी कानून का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं देंगे। मंगलुरु, विजयपुरा व बागलकोट में ऐसी घटनाएं हुई हैं, जहां पुलिसकर्मियों ने भगवा पोशाक पहन रखी है।

-डीके शिवकुमार,कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 23.0 |
| मुंबई | 31.0 | 30.0 |
| कोलकाता | 33.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 29.0 |

# आदिवासी समाज में पैदा होना बुराई नहीं : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने खूंटी में आयोजित स्वयं सहायता महिला सम्मेलन को किया संबोधित

**रांची,**25 मई (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खूंटी में आयोजित स्वयं सहायता महिला सम्मेलन में जोहार से अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि आदिवासी समाज में पैदा होना कोई बुराई नहीं है और मैं इसका उदाहरण हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं ओडिशा की हूं लेकिन खून झारखंड का है। मेरी दादी मंत्री जोबा मांझी के गांव की थी। जब छोटी थी तो मेरी दादी मुझे 5 किमी दूर महुआ चुनने ले जाती थी। जब खाना नहीं मिलता तो हम लोग महुआ उबालकर खाते थे। तब उसका और इस्तेमाल पता नहीं था लेकिन उसी महुआ से केक सहित कई उत्पाद बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अब महिलाएं केवल धान की खेती पर निर्भर नहीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद मैं कई राज्यों में घूमी हूं। महिलाओं से मिलती हूं। उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी बाकी राज्यों के मुकाबले सशक्त है। उन्होंने कहा कि आदिवासी अब प्रगति पथ पर हैं और मैं इस बात से काफी खुश हूं। मुख्यमंत्री के संबोधन का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आदिवासी समाज को जितनी प्रगति करनी चाहिए थी शायद उतना नहीं हुआ इसलिए सीएम हेमंत सोरेन दुखी थे लेकिन मैं खुश हूं। झारखंड में एक बार को छोड़कर हर बार कोई आदिवासी ही मुख्यमंत्री बना। राष्ट्रपति ने कहा कि झारखंड की महिला एवं बाल विकास मंत्री यहीं खूंटी की हैं। उन्होंने कहा कि महिला समूह ने जो उत्पाद बनाए हैं मैंने वह देखा। स्टॉल का निरीक्षण करने के दौरान मैंने महिलाओं में आत्मविश्वास देखा। मैंने उनमें अपनी झलक देखी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं का स्वयं



- झारखंड के आदिवासी बाकी राज्यों के मुकाबले सशक्त
- राष्ट्रपति को भाषण के बीच अचानक याद आई दादी

सहायता समूह के आर्थिक विकास और आदिवासियों की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज में जन्म लेना बुरी बात नहीं है। मेरी कहानी सबको पता है। मैं भी आदिवासी समाज से हूं।

### राष्ट्रपति ने बिरसा मुंडा व डोंबारीबुरु गोलीकांड को याद किया

द्रौपदी मुर्मू ने भगवान बिरसा मुंडा के अदम्य साहस और डोंबारीबुरु में हुए नरसंहार की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुझे आश्चर्य होता है कि 25 वर्ष से भी कम के जीवन काल में भगवान बिरसा मुंडा ने विश्व के सबसे बड़े साम्राज्य के विरुद्ध आबुआ राज के की स्थापना का शंखनाद कर दिया अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें हिला दी। उन्होंने कहा कि डोंबारीबुरु को झारखंड का जलियांवाला बाग कांड कहा जाता है। जलियांवाला बाग से 25 साल पहले यहां अंग्रेजों ने नरसंहार किया था। बेगुनाह लोगों को घेरकर गोलियों से भून दिया था। लेकिन भगवान बिरसा मुंडा यहां से बच निकले थे और बाद में उन्होंने उलगुलान का नेतृत्व किया था। देश में महिलाओं के योगदान की अनगिनत प्रेरक कहानियां हैं। अर्थव्यवस्था, विज्ञान और अनुसंधान से लेकर खेल और अन्य क्षेत्रों में हमारी बहन बेटियों ने अमूल्य योगदान दिया है। कितनी महिलाएं हैं, जो प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद आगे बढ़ रही हैं। भारत के लोकतंत्र की शक्ति हैं कि मैं आज आप सबके बीच राष्ट्रपति के रूप में उपस्थित हूं। उन्होंने कहा कि झारखंड आदिवासी बहुल राज्य हैं। यहां 26 फीसदी आबादी आदिवासियों की है, यानि 1 करोड़ से अधिक आदिवासी हैं इस राज्य में, इनमें आधी महिलाएं हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का भ्रमण किया और उनके साथ सीधा संवाद किया।

सम्मेलन में राज्यपाल सी.पी.राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, जनजातीय कार्य मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, जनजातीय कार्य मंत्रालय के माननीया केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह सरूता, झारखंड सरकार में मंत्री जोबा मांझी, विधायक कोचे मुंडा, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा एवं विधायक विकास सिंह मुंडा एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कड़िया मुंडा समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### अपनी प्रतिभा को पहचानें महिलाएं : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि किसी भी काम में सफल होने के लिए जरूरी है कि आप अपनी प्रतिभा को पहचाने। दूसरों से अपनी तुलना न करें। आपके अंदर असीम शक्ति है, उस शक्ति को पहचानें और उसे जगाएं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मैंने एक लेख लिखा था ' हर महिला की कहानी' मेरी कहानी है' इसमें मैंने लिखा था कि एक शांतिपूर्ण और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए महिला पुरुष समानता पर आधारित पूर्वाग्रह को समझना और उनसे मुक्त होना जरूरी है यदि महिला को मानवता की प्रगति में बराबर का भागीदार बनाया जाता तो हमारी दुनिया अधिक खुशहाल होती। झारखंड की परिश्रमी बहने और बेटियां देश में आर्थिक योगदान देने में सक्षम है। मैं झारखंड की धरती से ही जुड़ी हुई हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाएं सशक्त बन रही हैं। उन्होंने कहा कि मैं पहले स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच जाती थी। एक बार एक महिला कंम्प्यूटर लेकर आई और मुझे सारी योजनाओं के बारे में बताया। मैंने उसकी शिक्षा के बारे में पूछा तो पता चला कि वह केवल 9वीं पास हैं। सोचिए, वह महिला तकनीकी योग्यता में कितनी आगे है।

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में पेड़ गिरने से चार लोगों की मौत

## भारी बारिश व आंधी के कारण हुआ हादसा

**जम्मू,** 25 मई (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में पेड़ गिरने से गुरुवार तड़के एक घुमंतू परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई, जिसमें एक दंपति भी शामिल हैं। किश्तवाड़ जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) खलील पोसवाल ने कहा कि गुरुवार तड़के करीब तीन बजे पेड़ (कैल का पेड़) गिरने से खानाबदोश (घुमंतू) परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई।

उन्होंने कहा कि पेड़ भारी बारिश और आंधी के कारण गिर गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान नजीर अहमद, उनकी पत्नी अंजारा, बहू शमा बानो और शकीला के रूप में की गई है। सभी कठुआ जिले के बरवाल घट्टी निवासी थे। जम्मू और इसके आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार की शुरुआत घने बादल, बारिश और तेज हवाओं के साथ हुई। बारिश की बूंदों और हवाओं के साथ लोग सुबह अपने गंतव्यों के लिए रवाना हुए। इससे तापमान में



गिरावट आई है। इससे एसी और कूलर को एक बार आराम मिल गया है। मौसम विभाग श्रीनगर के अनुसार 30 मई तक मौसम बिगड़ा रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में 25 और 26 मई को कुछ जगहों पर ओलावृष्टि और तेज हवाओं की संभावना के साथ रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश होगी। करीब 30 मई तक मौसम बिगड़ा रहेगा। इस दौरान रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार है। मौसम विभाग ने किसानों को 25 और 26 मई के दौरान सभी कृषि कार्यों को स्थगित करने की सलाह दी है।

### उपराज्यपाल ने किश्तवाड़ हादसे पर जताया दुख

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किश्तवाड़ में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, किश्तवाड़ में एक दुखद घटना में लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। उपराज्यपाल ने उपायुक्त को मृतक के परिजनों को सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। वहीं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर शोक व्यक्त किया।

## सार संक्षेप

### गुजरात बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में 64.62 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

**गांधीनगर।** गुजरात माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं बार्ड की परीक्षा के परिणाम गुरुवार सुबह आठ बजे घोषित कर दिए। इस वर्ष 64.62 प्रतिशत छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। लड़कियों ने लड़कों से बाजी मारी है। राज्य में छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 70.62 रहा, जबकि छात्रों का 59.58 प्रतिशत रहा है। इस साल नियमित कुल 7,41,411 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था जिनमें से 7,34,898 परीक्षा में बैठे। उनमें से 4,74,893 यानी 64.62 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए हैं।

### ओडिशा में वन्यजीव अपराधी को किया गया गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने रायगढ़ा कस्बे से एक वन्यजीव अपराधी को गिरफ्तार कर उसके पास से तेंदुए की तीन खाल बरामद की हैं। एसटीएफ सूत्रों ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर एसटीएफ की एक टीम ने बुधवार को रायगढ़ जिले के रायगढ़ा कस्बे के सिरीगुडा स्वर्गधाम छाका के समीप रायगढ़-कोरापुट एनएच-326 पर छापा मारा एवं वन्यजीव अपराधी को गिरफ्तार किया।

### अतीक-अशरफ की हत्या के आरोपियों की हिरासत बढ़ी

**प्रयागराज।** अतीक अहमद और खालिद अजीम उर्फ अशरफ की हत्या के तीनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तीनों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट में पेश किया गया जहां उनकी और 14 दिनों की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई। शासकीय अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के तीनों आरोपियों लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्य को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सतीश चंद्र के समक्ष वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। नो आरोपियों की 14 दिन की न्यायिक हिरासत आज समाप्त हो रही थी।

### मनोज सिन्हा ने माता खीर भवानी मंदिर में की पूजा

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को गांदरबल जिले में माता खीर भवानी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उपराज्यपाल ने माता खीर भवानी के दर्शन किए और सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की। उन्होंने खीर भवानी मंदिर जाने के इच्छुक तीर्थयात्रियों के लिए आगामी ज्येष्ठ अष्टमी के शुभ अवसर के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की।

# नीति आयोग संचालन परिषद को संबोधित करेंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 25 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नीति आयोग की संचालन परिषद की आठवीं बैठक को संबोधित करेंगे जिसका मुख्य विषय विकसित भारत-2047 टीम इंडिया की भूमिका होगा। नीति आयोग ने गुरुवार को यहां बताया कि इस बैठक में आठ प्रमुख विषयों विकसित भारत-2047, एमएसएमई पर बल , बुनियादी ढांचा और निवेश, अनुपालन कम करना, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और पोषण, कौशल विकास, और क्षेत्र विकास तथा सामाजिक बुनियादी ढांचे के लिए गति शक्ति पर चर्चा की जाएगी।



प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में मुख्यमंत्रियों की भागीदारी होगी। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपाल, पदेन सदस्यों के रूप में केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष और सदस्य भी मौजूद रहेंगे। नीति आयोग का कहना है कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे अधिक आबादी वाले देश के रूप में, भारत अपने आर्थिक विकास के पथ पर है जहां यह अगले 25 वर्षों में तेज विकास का लक्ष्य हासिल कर सकता है। इसके लिए बैठक में प्रारुप तैयार करने का प्रयास होगा।

# सेना का उन्नत प्रौद्योगिकी से लैस होना आवश्यक : राजनाथ

**नई दिल्ली,** 25 मई (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि सीमाओं पर दोहरे खतरे को देखते हुए सेना का उन्नत प्रौद्योगिकी से लैस होना जरूरी है तथा इसमें रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और शैक्षणिक जगत यानी एकेडेमिया के बीच तालमेल तथा साझेदारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। सिंह ने गुरुवार को यहां रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) शैक्षणिक जगत सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि डीआरडीओ मुख्य रूप से रक्षा संबंधित प्रौद्योगिकी विकसित करता है लेकिन इनमें से ज्यादातर प्रौद्योगिकी अनुसंधान के परिणामस्वरूप उत्पन्न होती हैं। राजनाथ सिंह ने रक्षा तकनीकियों को मजबूत करने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और शिक्षाविदों के बीच सहयोग का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस प्रगति का एकमात्र तरीका अनुसंधान है। यह समय की मांग है कि डीआरडीओ और शिक्षाविद् दोनों मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि जितनी अधिक यह साझेदारी बढ़ेगी भारत का अनुसंधान क्षेत्र भी उसी अनुपात में बढ़ेगा। बता दें, इस दौरान डीआरडीओ और शिक्षा जगत के वैज्ञानिक और विशेषज्ञ मौके पर मौजूद थे।

हमारी सेना के शौर्य व पराक्रम की चर्चा पूरी दुनिया में होती है : राजनाथ सिंह



- रक्षा मंत्री ने सीमाओं पर दोहरे खतरे को देखते हुए दिया सुझाव
- डीआरडीओ के शैक्षणिक जगत सम्मेलन को किया संबोधित

### व्यक्तिगत स्तर पर भी जुड़ने का प्रयास करें

रक्षा मंत्री ने कहा कि हालांकि आप सभी साझेदारी के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ेंगे। मैं चाहता हूं कि आप सभी व्यक्तिगत और संस्थागत स्तर पर भी एक-दूसरे से जुड़ने का प्रयास करें। देश के सामने विभिन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए सिंह ने कहा कि प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए सामूहिक प्रयासों और साझेदारी की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि इस तरह डीआरडीओ और एकेडेमिया के बीच साझेदारी होगी, तो डीआरडीओ दोहरे इस्तेमाल की प्रौद्योगिकी के विकास की ओर आगे बढ़गा। यह साझेदारी जितनी बढ़ेगी उतने ही अनुपात में भारत का रिसर्च सेक्टर भी बढ़ेगा। दोनों क्षेत्रों के वैज्ञानिकों को व्यक्तिगत स्तर और संस्था के स्तर पर भी जुड़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हम दुनिया की सबसे बड़ी सेनाओं में से एक हैं, हमारी सेना के शौर्य और पराक्रम की चर्चा पूरी दुनिया में होती है। ऐसे में यह अनिवार्य हो जाता है, कि देश के हितों की सुरक्षा करने के लिए हमारे पास प्रौद्योगिकी के मोर्चे पर उन्नत सेना हो। भारत जैसे देश के लिए तो यह इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि हम अपनी सीमाओं पर दोहरे खतरे का सामना कर रहे हैं।

ऐसे में पूरी दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए, हमारा प्रौद्योगिकी के दृष्टिकोण में उन्नत होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी भारत की सदी है, इसलिए 21वीं सदी में हमारे सामने आ रही चुनौतियों का सामना करने में डीआरडीओ-एकेडेमिया साझेदारी बहुत बड़ी भूमिका निभाने वाली है। यह साझेदारी भारत को रक्षा प्रौद्योगिकी में विश्व में अग्रणी राष्ट्र बनाने में सहायक सिद्ध होगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज देश के सामने कई बड़ी-बड़ी चुनौतियां हैं।

# मध्य प्रदेश में हर क्षेत्र में हो चुकी हैं व्यवस्थाएं खस्ताहाल : कमलनाथ

## भाजपा व शिवराज सरकार पर जमकर साधा निशाना

**भोपाल,** 25 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव है। प्रदेश कांग्रेस सत्ता वापस पाने के लिए पूरा जोर लगा रही है। पीसीसी चीफ और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ गुरुवार को बालाघाट जिले के परसवाड़ा पहुंचे। यहां वह भाजपा और शिवराज सरकार पर जमकर बरसे। पीसीसी चीफ कमलनाथ ने कहा कि भाजपा के 28 सांसद फिलहाल छिपे हुए हैं। कमलनाथ ने कहा कि सरकार ने चार साल में कोई कार्य नहीं किया। भाजपा सरकार की विकास यात्राओं का 160 जगह विरोध हुआ। जनता ने भाजपा और उनके जनप्रतिनिधियों की पोल खोल कर रख दी। नाथ ने कहा कि प्रदेश में हर क्षेत्र में व्यवस्थाएं खस्ताहाल हो चुकी है। भर्ती व्यवस्थाओं की बात करें तो पेसा कोऑर्डिनेटर भर्ती में बड़ा घोटाला सामने आया है। जिसने प्रदेश को लज्जित किया और आदिवासी वर्ग के अधिकारियों का हनन हुआ। कमलनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रयास है कि कोई ना कोई प्रलोभन देकर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जाए।



विकास यात्रा का 160 जगह विरोध से भाजपा की खुली पोल : कमलनाथ

### शिवराज सरकार ने महंगाई व घोटाले दिए

कमलनाथ ने आरोप लगाते हुए कहा कि शिवराज सिंह ने प्रदेश को महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, घोटाले, माफियावाद दिया। उन्होंने कहा क 18 साल की भाजपा सरकार में बालाघाट जिले की स्थिति देखकर बहुत दु:ख होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर धान का भाव बढ़ाएंगे। उन्होंने जनता से सच्चाई का साथ देने की बात कहीं।

कबाड़ माफिया स्क्रेपिंग पॉलिसी घोटाला

# आम आदमी सेना के खुलासे पर दर्ज शिकायत पर विजीलेंस विभाग ने मांगे सबूत

**नई दिल्ली** 25 मई (एजेंसियां)। डीजल-पेट्रोल के 10-15 साल पुराने वाहनों की स्क्रेपिंग पॉलिसी के तहत दिल्ली में परिवहन विभाग और कबाड़ माफिया के किए गए एक घोटाले का सच एक संस्था (आम आदमी सेना) ने प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर उजागर किया था। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभात कुमार ने सारे दस्तावेजों के साथ जाचं करने की मांग के तहत एलजी, एनआईए, सीबीआई और क्राइम ब्रांच को भी शिकायत देने की भी बात प्रेसवार्ता के दौरान कही थी। अखबारों में छपी खबर का संज्ञान लेते हुए एक शिकायत दिल्ली सरकार के विजीलेंस विभाग में दर्ज कराई गई, जिस पर ही संज्ञान लेते हुए विजीलेंस विभाग ने शिकायतकर्ता से आरोप सिद्ध करने के लिए सबूत मांगे हैं। यह शिकायत जहांगीर पुरी के युगांक जो आम आदमी सेना दिल्ली प्रदेश का कार्यकता है उस ने परिवहन विभाग आयुक्त पर एक कंपनी का पक्ष लेने का कहते हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए विजीलेंस विभाग दिल्ली के पास दर्ज कराई है।

# पूर्व आईएएस अधिकारी एसएम राजू को पटना हाईकोर्ट से जमानत

## करोड़ों रुपए घोटाला मामले में जेल में थे बंद

**पटना,**25 मई (देशबन्धु)। महादलित विकास मिशन योजना के तहत करोड़ों रुपए के घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व आईएएस अधिकारी एसएम राजू को बड़ी राहत मिली है। पटना हाईकोर्ट ने उन्हें नियमित जमानत दे दी है। गुरुवार को इस संबंध में हाईकोर्ट की तरफ से आदेश जारी कर दिया गया है। जमानत देते हुए हाईकोर्ट ने पूर्व आईएएस के ऊपर 50-50 हजार रुपए का दो जुर्माना भी लगाया है। जमानत मिलने के बाद एसएम राजू जेल से बाहर आ जाएंगे। पिछले 4 महीने से वो पटना की जेल में बंद हैं। उन्होंने खुद को इसी साल 20 जनवरी को निगरानी कोर्ट में सरेंडर किया था। करोड़ों रुपए के घोटाला का यह मामला तब का है जब एसएम राजू महादलित विकास मिशन में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के साथ ही स्ट-स्ज्ञ कल्याण विभाग के प्रधान सचिव हुआ करते थे। उस समय महादलित वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृति योजना चलती थी। इसमें व्यापक स्तर पर धांधली बरती गई थी। फर्जी छात्रों के नाम, पता और कॉलेज का डिटेल्स देकर फर्जीवाड़ा किया गया था। उनके नाम पर छात्रवृत्ति के रुपए निकाले गए थे। असलियत में वे छात्र या छात्रा थे ही नहीं, इनके नाम पर स्कॉलरशिप के रुपए निकाले गए।



सिर्फ नवादा में 60 कागजी छात्रों के नाम पर 1.03 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ था। इनमें 50 छात्र-छात्राओं को देहरादून के अलग-अलग संस्थानों में और 7 को भोपाल के संस्थानों में पढ़ते हुए बताए गया था। इसी तरह पटना जिले में 1.06 करोड़, बेतिया में 1 करोड़, सुपौल व खगड़िया में 20-20 लाख के गोलमाल की बात सामने आई थी। यह घोटाला अफसरों और दलालों की मिलीभगत से हुआ था। छात्रों ने राज्य अनुसूचित जाति आयोग से स्कॉलरशिप नहीं मिलने की शिकायत की थी। जांच में फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ था।

उम्मीद | *जम्मू-कश्मीर में जी-20 सम्मेलन बना उम्मीद का नया सवेरा*

# इस वर्ष दो करोड़ पर्यटकों के वादियों में आने की बंधी आस

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,25 मई (देशबन्धु)। राजधानी शहर श्रीनगर में तीन दिनों तक चले जी-20 सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधियों ने कश्मीर को धरती का स्वर्ग बताते हुए लोगों से आह्वान किया है कि वे भी इस स्वर्ग की अनुभूति को महसूस करें पर यह वादा नहीं किया है कि कुछ देशों द्वारा अपने नागरिकों के।**

दौरों पर लगाई गई पाबंदियों को हटाया जाएगा।और अब कश्मीर प्रशासन इन तारीफों के पुल से उत्साहित है और उसे अब इंतजार है कि इन तारीफों की फसल को कम से कम दो करोड़ टूरिस्टों की संख्या के रूप में काटा जा सके।

वह यह दो करोड़ पर्यटकों की संख्या सिर्फ कश्मीर के लिए चाहता है। याद रहे पिछले साल प्रदेश में आने वाले 1.88 करोड़ पर्यटकों की जिस संख्या को प्रसारित कर कश्मीर को धरती का स्वर्ग बताने की मुहिम छेड़ी गई थी उसमें वैष्णो देवी के तीर्थस्थल पर आने वाले 92.5 लाख श्रद्धालु भी शामिल किए गए थे। सरकार द्वारा जारी आंकड़े खुद कहते हैं कि वर्ष 2022 में 26.73 लाख लोग ही कश्मीर आए थे। जो वर्ष 2016 के मुकाबले आने वाले 12.99 लाख पर्यटकों से 13.74 लाख अधिक थे। यही कारण था कि वर्ष 2022 को कश्मीर में पर्यटन के हिसाब से पिछले 3 दशकों में सबसे बेहतर माना जाता रहा है। पर कश्मीर प्रशासन के लिए यह आंकड़े खुशी देने वाले नहीं थे। वह आज भी देशभर से आने वालों को या फिर स्थानीय पर्यटकों को पर्यटक नहीं मानता है। कारण स्पष्ट है। पर्यटन विभाग से जुड़े एक अधिकारी के बकौल, पर्यटन की रीढ़ उसमें शामिल लोगों द्वारा किए जाने वाला खर्च होता है तभी आपकी अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। हालांकि इस साल कश्मीर के गुलमर्ग में पिछले चार महीनों में 443847 पर्यटक आए थे।



■ पिछले वर्ष 26.73 लाख लोग ही आए थे कश्मीर

दरअसल गुलमर्ग सबसे पसंदीदा पर्यटनस्थल माना जाता है। पर यह संख्या भी न ही कश्मीरियों को और न ही सरकार को खुशी दे पा रही है क्योंकि इसमें सिर्फ 4218 विदेशी पर्यटक थे और 72426 देशभर के अन्य भागों से आने वाले। जबकि 367203 लोकल टूरिस्टों द्वारा ज्यादा खर्चा न किए जाने से वे नाखुश थे।

यही कारण है की विदेशी पर्यटकों को कश्मीर की ओर खिंचने की खातिर जो इंवेस्टमेंट भारत सरकार ने जी-20 की बैठक पर हुए खर्चे के रूप में की है उसका मकसद विदेशी पर्यटकों को कश्मीर में लाने के साथ ही दुनिया को कश्मीर की उस शांति को दिखना है जिसके प्रति आज भी सवाल उठ रहे हैं। यह सच है कि जी-20 की बैठक की कामयाबी के लिए सुरक्षाबलों की तैनाती परदे के पीछे रखने से आलोचनाएं भी हुई हैं पर आम कश्मीरी की चिंता सिर्फ टूरिज्म की है ताकि अर्थ व्यवस्था ढलान पर न उतरे। यह बात अलग है कि प्रशासन का सारा ध्यान सिर्फ कश्मीर पर ही है जिस कारण बाकी इलाकों के लोग अनदेखी का आरोप जरूर मढ़ रहे हैं।

**उल्टा पुल्टा**

मास्टर जी : संगठन में ही शक्ति है का एक अच्छा सा उदाहरण दो...!

छात्र : जेब में एक बीड़ी हो तो टूट जाती है और पूरा बंडल हो तो नहीं टूटता...!

बेचारे मास्टर जी अब तक बेहोश हैं...!

# कैपिटल ज़ोन

# सत्येंद्र जैन को मारने पर तुला है तानाशाह : केजरीवाल

## जेल में जैन की तबीयत बिगड़ने पर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली**,25 मई (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल में पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की तबीयत बिगड़ने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जो इंसान जनता को अच्छा इलाज और अच्छी सेहत देने के लिए दिन-रात काम कर रहा था उसे एक तानाशाह मारने पर तुला है। केंद्र सरकार हर जगह खुद को ही देखना चाहती है। भगवान सब देख रहे हैं। वो सबके साथ न्याय करेंगे। ईश्वर से सत्येंद्र के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। भगवान उन्हें इन विपरीत परिस्थितियों से लड़ने की शक्ति दें। दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन गुरुवार को जेल के बाथरूम में गिर गए। सामान्य कमजोरी की शिकायत होने पर उन्हें जेल के अस्पताल में निगरानी के लिए रखा गया हुआ था, यहां बाथरूम में गिरने के कारण उनके पीठ, कंधा और बाएं पैर में चोट लग गई है। दुर्घटना के तुरंत बाद उन्हें उपचार के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां स्थिति खराब होने पर



हर जगह खुद को ही देखना चाहती है केंद्र सरकार : अरविंद केजरीवाल

लोकनायक अस्पताल में शिफ्ट किया गया। फिलहाल वह आईसीयू में भर्ती हैं, उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। जेल प्रशासन के मुताबिक प्रारंभिक जांच में कोई गंभीर चोट की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं अस्पताल सूत्रों का कहना है कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री की स्थिति अभी बेहतर है। बता दें कि इससे पहले 22 मई को पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की जेल में तबीयत बिगड़ने पर सफदरजंग अस्पताल लाया गया था। अस्पताल में उनका स्वास्थ्य चेकअप किया गया।

### एक साल में घट गया 36 किलो वजन

दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज का कहना है कि पिछले एक साल में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन का करीब 36 किलोग्राम वजन घट गया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर मैंने उनकी तस्वीर देखी, जो डराने वाली है। इसमें वह काफी कमजोर दिख रहे हैं। उन्होंने कमर पर बेल्ट बाधी हुई हुई। कहा जा रहा है कि एक-दो बार पहले भी वो इस तरह से जेल के अंदर गिरे हैं। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार की घटना के बाद उन्हें पहले दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल लाया गया। यहां पर स्थिति खराब होने के बाद लोकनायक अस्पताल के न्यूरो विभाग में भर्ती किया गया। इस घटना में उन्हें सिर में चोट बताई जा रही है। यहां पर उनका अभी इलाज चल रहा है। टेस्ट की रिपोर्ट आने के बाद ही उनके स्वास्थ्य के बारे में पूरी जानकारी मिल जाएगी। कोरोना होने के बाद से उनको सांस लेने में दिक्कत रहती है। वह रात में सोने के दौरान बीआईपीएपी मशीन लगाकर सोते हैं।

इसके बाद छुट्टी दे दी गई थी। सत्येंद्र जैन को स्पाइनल इंजरी की गंभीर समस्या है। बताया जा रहा है कि जेल के बाथरूम में गिरने के कारण उन्हें यह समस्या हुई है। बताया जा रहा है कि एक एमआरआई जांच में इंटरवर्टेब्रल डिस्क में गिरावट का पता चला था। डॉक्टरों ने तत्काल रीढ़ की हड्डी-वर्टेब्रल सर्जरी और उचित पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल की सलाह दी है। इसके लिए सत्येंद्र जैन को जेल अधिकारियों द्वारा प्रतीक्षा सूची में 416 नंबर पर रखा गया है। ऐसा बताया जा रहा है कि अगले 5 महीनों के बाद ही उनकी सर्जरी हो पाएगी। उन्हें रात को नींद भी नहीं आती है और गंभीर अवसाद में हैं। वहीं डॉक्टरों का कहना है कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के वजन घटने के पीछे खान-पान कारण है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने सत्येंद्र जैन को जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। राज्यसभा सांसद संजय सिंह, राघव चड्ढा, विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि भगवान जल्द सत्येंद्र जैन को स्वस्थ करेंगे। केंद्र सरकार को कर रही है उसे सभी देख रहे हैं। राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने ट्वीट कर कहा है कि दिल्ली की जनता को अच्छा स्वास्थ्य देने वाले व्यक्ति आज एक तानाशाह सरकार के जुल्मों के खिलाफ जान की बाजी लगाकर संघर्ष कर रहा है। आज सत्येंद्र जैन के साथ ऐसा बर्ताव होने दिया गया, तो भविष्य में कोई आम आदमी देश सेवा का सपना नहीं देखेगा। सारा देश जैन साहब के लिए प्रार्थना कर रहा है। आप राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सत्येंद्र जैन का स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा है कि जुर्म का अंत होगा। तानाशाह हटेगा। वक्त बदलेगा।

# मसीडी में स्वास्थ्य क्रांति की हो चुकी है शुरुआत : शैली



फतेहपुर बेरी पीएचसी में अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर व प्रसूति वार्ड का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली**,25 मई (देशबन्धु)। मेयर डॉ.शैली ओबेरॉय ने फतेहपुर बेरी पीएचसी में अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर और प्रसूति वार्ड का उद्घाटन किया। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के विजन के तहत एमसीडी में स्वास्थ्य क्रांति की शुरुआत हो चुकी है। यह पीएचसी दिल्ली के सीमावर्ती गांवों तक बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने में मदद करेगी। सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में एमसीडी अपने सभी अस्पतालों का कायाकल्प करेगी और विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगी।

दिल्ली की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने आज फतेहपुर बेरी में नवनिर्मित ऑपरेशन थियेटर तथा प्रसूति वार्ड का उद्घाटन किया। नवनिर्मित ऑपरेशन थिएटर और प्रसूति वार्ड में सभी अत्याधुनिक सुविधायें उपलब्ध हैं। इस क्षेत्र में काफी संख्या में डिलीवरी घरों पर ही होती थी। क्योंकि आस-पास के क्षेत्र में कोई मेटरनिटी सेंटर नहीं था। इस असुविधा को दूर करने के लिए फतेहपुर बेरी अस्पताल में प्रसूति वार्ड की स्थापना की गई है। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने आशा व्यक्त की निकटतम भविष्य में फतेहपुर बेरी हेल्थ सेंटर सबसे उम्दा हेल्थ सेंटर होगा। उन्होंने माता गुर्जरी अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की सराहना करते हुए निगम के अन्य अस्पतालों के उन्नयन की भी बात कही। मेयर ने कहा कि निगम में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने और प्रदत स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी के लिए एक प्राथमिक उपचार समिति का गठन किया जा रहा है, जोकि सभी 12 जोनों में काम करेगी। उन्होंने दिल्ली नगर निगम के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी योग्य हैं और सीमित संसाधनों में सर्वोत्तम संभव सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए बधाई के पात्र हैं। दिल्ली की जनता को एक बढ़िया हेल्थ सिस्टम उपलब्ध कराने के लिए सभी के सामूहिक सहयोग की आवश्यकता है।

## सार संक्षेप

### आरवी यूनिवर्सिटी ने सिडबी के साथ किया गठबंधन

**नई दिल्ली।** स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया और आरवी यूनिवर्सिटी ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, ताकि भारत में नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने में मदद की जा सके। इस एमओयू के तहत सिडबी 6 महीने का एक विशिष्ट रूप से निर्मित प्रोग्राम लॉन्च करेगी, जिसका लक्ष्य होगा सफल उद्यमी बनाना। इस लक्ष्य के लिए, आकांक्षियों की साइकोमेट्रिक टेस्ट्स, एप्टिट्यूड टेस्ट्स, आदि के जरिये चयन किया जाएगा। आरवीयू या इसके सेंटर फॉर इनोवेशन एण्ड आंत्रप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट द्वारा प्रस्तुत खास प्रस्तावों के आधार पर सिडबी आर्थिक सहयोग भी प्रदान करेगी और उद्यमों को लॉन्च करने के लिए ऋण संबधों तथा संरक्षण को आसान बनाएगी। इस एमओयू के बारे में सिडबी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस. रमन ने कहा की यह गठबंधन यूनिवर्सिटी द्वारा पाठ्यक्रम के निर्धारण, और ऐसा वातावरण बनाने के लिये है, जहां विद्यार्थियों को उद्यमिता के अध्ययन के फायदे मिल सकें। इस एमओयू पर सिडबी के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. एस. एस. आचार्य और आरवी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर वाय.एस.आर.मूर्ति ने सिडबी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस. रमन, आरवीयू के कार्यकारी निदेशक एवं असोसिएट प्रोफेसर अरुणकुमार ए. वी. तथा अन्य वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

### आप सरकार के खिलाफ भाजपा की बैटिंग कर रहे माकन : भारद्वाज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को कांग्रेस नेता अजय माकन पर निशाना साधते हुए सिलसिलेवार तरीके से उनके झूठ का पर्दाफाश किया। आप के वरिष्ठ नेता व कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि आम आदमी पार्टी की सरकार के खिलाफ कांग्रेस नेता अजय माकन भाजपा की बैटिंग कर रहे हैं। आज बीजेपी के साथ खड़ी दिख रही कांग्रेस कैसे कुछ साल पहले कहती थी कि दिल्ली एक प्रदेश की तरह है। अजय माकन ने दिल्ली विधानसभा में कहा था कि जनता द्वारा चुनी हुई सरकार ही गवर्नमेंट है, लेकिन केंद्र ने ये क्या किया, 25 जुलाई को एक पत्र लिख कर के चुनी हुई सरकार के हक छीन लिए अगर सबकुछ उपराज्यपाल हैं, तो हमारी क्या जरूरत है दिल्ली को स्टेटहुड मिले, इस रेजोलूशन को बीजेपी और कांग्रेस, दोनों के विधायकों ने पास किया था। कांग्रेस को बताना चाहता हूं कि अपने नेता राहुल गांधी को गुमराह मत कीजिए। जनता के बीच में जाएं और चर्चा करें, जनता बताएगी कि आर्डिनेंस सही है या गलत।

### रोबोट से होगी मैनहोल की सफाई

**नई दिल्ली।** मैनहोल सफाई की सदियों पुरानी समस्या का सुरक्षित और अधिक कुशल समाधान के लिए उज्जैन के सरकारी प्रतिनिधियों ने दुनिया के पहले रोबोटिक मैला ढोने वाले बैंडिकूट को पेश करने के लिए जेनरोबोटिक्स के साथ सहयोग किया। जेनरोबोटिक्स एक रोबोटिक्स कंपनी जो सीवर और मैनहोल की सफाई में विशेषज्ञता रखती है, ने उन्नत रोबोटिक तकनीक के माध्यम से मैनहोल की सफाई की प्रक्रिया में क्रांति ला दी है। बैंडिकूट ने शहर की मैनहोल सफाई प्रक्रिया को पूरी तरह से स्वचालित बना दिया है, मैनहोल सफाई की सदियों पुरानी समस्या का सुरक्षित और अधिक कुशल समाधान प्रदान किया है। कृति चौहान, एसवीएम अपर आयुक्त, आदित्य नागर, अपर नगर आयुक्त उज्जैन, पी.सी. यादव, कार्यपालक अभियंता एवं विजय गोयल सहायक अभियंता लॉन्च के अवसर पर अरुण जॉर्ज, निदेशक जेनरोबोटिक्स ने टिप्पणी की मैनहोल की सफाई के तरीके में क्रांति लाने के लिए, हम उज्जैन में बैंडिकूट रोबोट पेश करने के लिए रोमांचित हैं।

# राजस्व सेवा की अधिकारी सुमन शर्मा ने संभाला यूपीएससी सदस्य का पदभार

■ डा.कला अय्यर

**नई दिल्ली**, 25 मई ( देशबन्धु )। सुमन शर्मा गुरुवार को यूपीएससी के सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। वे आईआरएस 1990 (आयकर) की अधिकारी हैं। यूपीएससी के अध्यक्ष डॉ. मनोज सोनी ने उन्हें शपथ दिलाई। भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) 1990 बैच के एक अधिकारी के रूप में सुमन शर्मा नें अपने 30 से अधिक वर्षों के शानदार करियर में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है, और अंतरराष्ट्रीय कराधान, स्थानांतरण मूल्य निर्धारण, निर्यात प्रोत्साहन योजनाएं और विद्युत व्यापार करार आदि विषयों के साथ




■ आयकर विभाग के इन्वेस्टिगेशन विंग में काम करते हुए मिला था अवार्ड फॉर द बेस्ट सर्च

निकटता से जुड़ी रही हैं। सुमन शर्मा को आयकर विभाग के इन्वेस्टिगेशन विंग में काम करते हुए अवार्ड फॉर द बेस्ट सर्च का पुरस्कार दिया गया था। विदेश व्यापार के अतिरिक्त महा निदेशक, सीएलए, नई दिल्ली, के रूप में उन्होंने उत्तरी क्षेत्र में स्थित सभी निर्यातकों के लिए निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं को सँभाला। सुमन शर्मा ने ड्यूक यूनिवर्सिटी, नॉर्थ कैरोलिना, यूएसए में बजट पूर्वानुमान पर मिड करियर कोर्स और एमडीआई गुरुग्राम, आईआईएम, बैंगलोर और आईबीएफडी एम्स्टर्डम, नीदरलैंड में प्रबंधन पाठ्यक्रम में भी भाग लिया है। वर्तमान में सुमन शर्मा प्रबंध निदेशक सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) के पद पर कार्यरत थीं। एसईसीआई के प्रबंध निदेशक के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान कंपनी ने अपने राजस्व और मुनाफे में महत्वपूर्ण वृद्धि हासिल की। इनके कार्यकाल के दौरान कंपनी ने 'मिनी रत्न' का दर्जा भी प्राप्त किया। उन्हें नीतिगत सुधारों से संबंधित विभिन्न बोर्डों और समितियों के सदस्य/अध्यक्ष के रूप में भी नामित किया है।

# दिल्ली के गांवों का होगा कायाकल्प : गोपाल राय

**नई दिल्ली**,25 मई (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार 242 करोड़ रुपए से दिल्ली के गांवों का कायाकल्प करेगी। दिल्ली के विकास मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड ने 118 नई योजनाओं को मंजूरी दे दी। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में 242.12 करोड़ रुपए के लागत से विकास कार्य किए जाएंगे। राजधानी के गांवों में विकास सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड ने 118 योजनाओं को मंजूरी दी है। इसके तहत सड़कों, नालियों, जल निकाय, सामुदायिक केंद्र, पार्क, श्मशान, खेल मैदान आदि से जुड़े विकास कार्य किए जाएंगे। बोर्ड मीटिंग के दौरान सभी अधिकारियों को ग्राम विकास की परियोजनाओं को तय समय सीमा के अंदर पूरा



■ दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड ने 118 नई योजनाओं को दी मंजूरी

■ 242.12 करोड़ रुपए की 118 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी

करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पूरी की गई परियोजनाओं की जियोटैग फोटो के साथ रिपोर्ट जमा करने के भी निर्देश दिए गए हैं। मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में आयोजित बैठक में सदस्यों ने लंबित और नए प्रस्तावों का मामला उठाया। इसके बाद विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के गांवो में विकास सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड का गठन किया था और इस बैठक में दिल्ली के गांवो के विकास के लिए 242.12 करोड़ रुपए की 118 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

इसके तहत दिल्ली के सभी गांवो में बेहतर सुख सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा है। इसके साथ ही बैठक के दौरान सभी विभाग के अधिकारियों को ग्राम विकास से जुड़ी परियोजना की फाइलों को समय सीमा के भीतर काम पूरा करने और पूरी की गई परियोजनाओं की जियोटैग फोटो के साथ रिपोर्ट जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। विकास मंत्री ने बताया कि सरकार शहरी क्षेत्रों में रहने वाले दिल्ली के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

**ग्राम विकास परियोजना के कार्य**

- दिल्ली के गांवों में संपर्क सड़कों व ग्रामीण सड़कों का निर्माण
- तालाबों/जलाशयों का विकास
- गांवों में सामुदायिक केंद्र, पार्क, श्मशान, खेल मैदान, व्यायामशाला, लाइब्रेरी का विकास
- जल निकासी संरचनाओं का निर्माण
- चौपालों, बारात घर, सामुदायिक केंद्र आदि का निर्माण और मरम्मत का कार्य
- पेयजल सुविधा, स्ट्रीट लाइट आदि जैसे अन्य आवश्यकता आधारित कार्य

# अब केंद्र सरकार की जेड प्लस सुरक्षा के घेरे में रहेंगे पंजाब के सीएम भगवंत मान

### अमृतपाल की गिरफ्तारी के बाद गृह मंत्रालय ने लिया फैसला

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली**,25 मई (देशबन्धु)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को अब देशभर में जेड प्लस की सुरक्षा मिलेगी। उनको यह सुरक्षा सीआरपीएफ की तरफ मुहैया कराई जाएगी।

सीआरपीएफ की ओर से उनको देशभर में जेड प्लस का सुरक्षा कवर दिया जाएगा। जेड प्लस की सुरक्षा मुहैया कराने का फैसला केंद्रीय गृह मंत्रालय ने किया है। होम मिनिस्ट्री ने ये फैंसला खालिस्तानी नेता अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी के बाद उनकी जान को खतरे की खुफिया सूचना के बाद लिया है। बताते चलें कि जेड प्लस सुरक्षा



देने का फैसला केंद्र सरकार करती है। खुफिया विभागों द्वारा हासिल सूचना के आधार पर जेड प्लस और अन्य तरह की सुरक्षा वीआईपी लोगों को दी जाती है। जेड सुरक्षा दो तरह की होती है। एक जेड प्लस और दूसरी जेड सिक्यूरिटी। आमतौर पर केंद्र के बड़े मंत्रियों और राज्यों के मुख्यमंत्रियों को जेड प्लस सुरक्षा मिली होती है। गृह मंत्रालय ने भारत में सुरक्षा व्यवस्था को 4 श्रेणियों में विभाजित किया गया है। जेड प्लस, (उच्चतम स्तर); जेड , वाई और जेड एक्स श्रेणी। सरकार इस बात का निर्णय ले सकती है कि इन 4 श्रेणियों में किसे कौन से स्तर की सुरक्षा देनी है। सरकार खतरे के आधार पर यह वीआईपी सुरक्षा प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक, पार्षद, नौकरशाह, पूर्व नौकरशाह, जज, पूर्व जज, बिजनेसमैन, क्रिकेटर, फिल्मी कलाकार, साधु-संत या आम नागरिक किसी को भी दे सकती है। जेड प्लस सुरक्षा को देश की दूसरी बड़ी सुरक्षा माना जाता है।

# नन्हे विद्यार्थियों को वैश्विक शैक्षणिक मंच से जोड़ेगा माइंड वॉर्स

**नई दिल्ली**,25 मई (देशबन्धु)। ज्ञान को बढ़ावा देने वाले भारत के अनूठे प्लेटफॉर्म और अपनी तरह के पहले एक ऑनलाइन क्वालिफायर टेस्ट नेशनल एकेडमिक चैम्पियनशिप एनएसी के आयोजक, माइंड वॉर्स ने नेशनल एकेडमिक चैम्पियनशिप एनएसी, 2023 के विजेताओं की घोषणा की है।

यह परीक्षा इंटरनेशनल एकेडमिक चैम्पियनशिप एनएसी के साथ गठजोड़ में भारत के 480 स्कूलों में आयोजित हुई थी। माइंड वॉर्स एनएसी के विजेताओं की सफलता पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए, जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के सीनियर एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट उमेश कुमार बंसल ने कहा की माइंड वॉर्स की परिकल्पना यह सुनिश्चित करने के लिए हुई थी कि विद्यार्थियों को ज्ञान के एक अभिनव मंच का परिचय मिले, जो कक्षा की चार दीवारी तक ही सीमित न हो। इंटरनेशनल एकेडमिक कॉम्पीटिशंस के साथ हमारे गठजोड़ का लक्ष्य विद्यार्थियों के लिए अभिनव जगहें तैयार करना है, जहां वे अपनी प्रतिभा दिखा सकें।

# चौहान बांगर में कर्नाटक की जीत का मनाया जश्न

### चाय पार्टी, मोहब्बत का शरबत व पकौड़े का किया आयोजन



**नई दिल्ली**,25 मई (देशबन्धु)। बाबरपुर जिला कांग्रेस कमेटी ने चौहान बांगर में कर्नाटक में कांग्रेस को मिली प्रचंड जीत का जश्न धूमधाम से मनाया तथा चाय पार्टी, मोहब्बत का शरबत व पकौड़े का भी आयोजन किया। इस अवसर पर जिले भर के पूर्व विधायक, पार्षद, पूर्व पार्षद, डेलिगेट के अलावा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक चौधरी मतीन अहमद की अध्यक्षता में भाग लिया। इस मौके पर मतीन चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी ने नफरत के बाजार में प्यार की दुकान खोलने के फैसले का असर कर्नाटक में देखने को मिला है। जिससे कांग्रेस पार्टी को प्रचंड जीत हासिल हुई है। इस अवसर पर पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, वीर सिंह धिंगान, निगम पार्षद शगुफ्ता चौधरी, जुबैर, हाजी जरीफ, संजय गौड़, संजय वर्मा, ब्रिज भूषण, नासिर जावेद, जमाल भाई, साहिल रियासत, निगम पार्षद जरीफ, हाजी साबिर सैफी, नौशाद अली, नीलम चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**बैठक** *केसीआर ने डा.बीआर अंबेडकर सचिवालय में कलेक्टरों संग की बैठक*

# केसीआर ने की आदिवासियों को पोडू भूमि वितरण करने की घोषणा

**नई दिल्ली,25 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने जिलाधिकारियों को शहीदों के बलिदान को याद करने और तेलंगाना की दस साल की प्रगति का जश्न मनाने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना की विकास यात्रा को दर्शाने के लिए 2 जून से तीन सप्ताह तक चलने वाले दसवें स्थापना दिवस समारोह को उत्सव के माहौल में मनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग को इस समारोह के अवसर पर खर्च के लिए कलेक्टरों को 105 करोड़ रुपए की धनराशि जारी करने का आदेश दिया है।**

मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की अध्यक्षता में गुरुवार को डा.बीआर अंबेडकर सचिवालय में कलेक्टरों की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना हरितहरम देश के लिए उदाहरण बन गया है। मुख्यमंत्री ने आदिवासियों को पोडू पट्टों के वितरण की घोषणा की। केसीआर ने समारोह को सफल बनाने के लिए कलेक्टरों को मंत्रियों, विधायकों और जन-प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कलेक्टकरों को 2 जून से 22 जून तक तीन सप्ताह के लिए तेलंगाना राज्य दसाब्दी उत्सव की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों का पूरा विवरण समझाया और समारोह को सफल बनाने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने दस साल की प्रगति में मिसाल के तौर पर खड़े होने वाले संबंधित विभागों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कृषि, बिजली, सिंचाई, आरएंडबी और अन्य विभागों के मंत्रियों को बधाई दी। कलेक्टरों ने कहा कि वे जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप तेलंगाना द्वारा हासिल



■ तेलंगाना के दसवें स्थापना दिवस समारोह आयोजन पर खर्च को 105 करोड़ जारी करने का दिया आदेश

किए गए विकास को प्रदर्शित करने के लिए उत्सव के माहौल में दशक समारोह आयोजित करने के लिए इन तीन हफ्तों के लिए कड़ी मेहनत करेंगे ताकि देशभर में तेलंगाना के विकास को दिखाया जा सके। इस बैठक में राज्य के मंत्रियों, सलाहकारों, मुख्यमंत्री के सलाहकारों, सरकार के मुख्य सचिव, सीएमओ सचिवों, जिला कलेक्टरों, जिला एसपी, डीजीपी, पुलिस, सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। गृह मामलों के मंत्री महमूद अली, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण मंत्री, वित्त हरीश राव, वन, पर्यावरण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री, कानून और न्याय मंत्री इंद्रकरन रेड्डी, पशुपालन, मत्स्य पालन, डेयरी विकास, छायांकन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव, ऊर्जा मंत्री गुंटाकांडला जगदीश रेड्डी, कृषि, सहकारिता और विपणन मंत्री सिंगरेड्डी निरंजन रेड्डी, अनुसूचित जाति विकास, अल्पसंख्यक कल्याण, विकलांग कल्याण, बुजुर्ग कल्याण मंत्री कोप्पुला ईश्वर, सड़क-भवन, विधायी मामले, आवास मंत्री वेमुला प्रशांत रेड्डी, मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार मुख्यमंत्री सोमेश कुमार, डीजीपी अंजनीकुमार, मुख्यमंत्री के सचिव स्मिता सभरवाल, मुख्यमंत्री विशेष सचिव भोपाल रेड्डी, विशेष मुख्य सचिव रामकृष्ण राव, सिंचाई विभाग, विशेष मुख्य सचिव रजत कुमार, विशेष मुख्य सचिव अरविंद कुमार, गृह विभाग प्रमुख सचिव डॉ.जितेन्द्र, राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव नवीन मित्तल ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को निर्देश दिए कि 21 दिवसीय उत्सव की जिलेवार वीडियो रिकार्डिंग की जाए। इसी सन्दर्भ में वे 10वीं वर्ष की प्रगति प्रतिवेदन पुस्तकों को मुद्रित कर उपलब्ध कराना चाहते हैं जिसमें निर्वाचन क्षेत्रों द्वारा जिलावार किए गए विकास को दर्शाया गया हो। मुख्यमंत्री ने आदेश दिया कि पहले से तय सीमा तक संबंधित क्षेत्रों में हुए विकास पर डॉक्यूमेंट्री बनाई जा रही है और उन्हें इस अवसर पर दिखाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने घोषणा की कि 2845 गांवों में आदिवासियों के नियंत्रण वाली 4,01,405 एकड़ बंजर भूमि, टंडालु गुडाला को टाइटल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि 1,50,224 आदिवासी लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने आदेश दिया कि जैसे ही भूमि का अधिकार दिया जाता है, आदिवासी कल्याण विभाग और कलेक्टरों को प्रत्येक लाभार्थी के नाम पर आईएफएस कोड के साथ एक बैंक खाता खोलना चाहिए।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "डोर टू डोर के माध्यम से कूड़ा निस्तारण गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। जिस के क्रम में यूजर चार्जेज का भुगतान शहर निवासियों द्वारा किया जा रहा है शहर वासियों की सुविधा दृष्टिगत गाजियाबाद नगर निगम द्वारा टीम भी बनाई गई है जोकि डोर टू डोर जाकर यूजर चार्जेस का भुगतान करा रहे हैं।

**डॉ. संजीव सिन्हा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी**

## 4डी कांसेप्ट जू पार्क का निर्माण कार्य शुरू

### जेड टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कर रही निर्माण

**नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। एनसीआर का पहला नेचुरल ट्रेल ऑफ आर्टिफिशियल जू थीम पार्क दिल्ली के एकदम नजदीक महामाया फ्लाईओवर के पास नोएडा में बनने का काम शुरू हो गया है। साइट पर कंपनी की ओर से साजोसामान व साइट आफिस तैयार किया जा रहा है। करीब छह महीने में निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। निर्माण कार्य जेड टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कर रही है। निर्माण में करीब 15 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

ये पार्क अपने आप में अनोखा होगा, जिसका कॉन्सेप्ट 4डी पर आधारित होगा। इस पार्क को बनाने वाली कंपनी ही इसका संचालन और मेंटेनेंस करेगी। पार्क में आने वाले लोगों के लिए टिकट रखा जाएगा जिसका 50-50 प्रतिशत राजस्व की हिस्सेदारी होगी। इस पार्क की रीच को बढ़ाने के लिए ही इसे सेक्टर-94 के पास बनाया जाएगा। ताकि दिल्ली, ग्रेटरनोएडा और फरीदाबाद के लोग तक यहां आ सके। पार्क को मास्टर प्लान-2031 में रिकियेशनल ग्रीन के तहत 25 एकड़ में बनाया जाएगा।

### 500 टन का होगा प्रयोग

पार्क में 500 टन लोहे का प्रयोग किया जाएगा। इस लोहे को प्लांट में री-साइकिल किया जाएगा। इसके बाद लोहे से पार्क में स्कल्पचर बनाए जाएंगे। इसके अलावा प्लास्टिक वेस्ट का प्रयोग भी किया जाएगा। इस पार्क को बनाने में करीब 15 करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा। जो भी संस्था पार्क का निर्माण करेगी, उसे ही 20 साल तक इसकी मेंटेनेंस और देखभाल करनी होगी।

### 4डी कॉन्सेप्ट पर होगा पूरा पार्क

पार्क को 4डी कॉन्सेप्ट पर बनाया जा रहा है। इस तकनीक का प्रयोग यहां बनाए जाने वाले जंगली जानवरों में किया जाएगा। जो बने तो नकली होंगे, लेकिन उनकी प्रतिक्रिया असली से कम नहीं होगी। असली जानवरों की तरह की उनके शरीर में मूवमेंट और आवाज भी होगी। साथ ही उनकी पूरी जानकारी के लिए गाइड में रखे जाएंगे। पार्क के 1 प्रतिशत हिस्से होंगी ये एक्टिविटी पार्क में लोगों के लिए रेस्टोरेंट, फूड कोर्ट, वेंडिंग बूथ, इंडोर गेम्स, रिटेल शॉप्स भी होंगी। इन सबका निर्माण कुल ग्रीन एरिया का 1त्न हिस्से में किया जाएगा। बता दें दिल्ली में भी बर्ड्स ऑफ वंडर और भारत दर्शन पार्क बनाया गया है, लेकिन नोएडा में बनाए जाने वाला पार्क इससे काफी अलग और ज्यादा खूबसूरत होगा।

## पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने ली मंडल कार्यसमिति की बैठक



**गाजियाबाद,** 25 मई (देशबन्धु)। गुरुवार को गाजियाबाद के पूर्व सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. रमेश चंद तोमर ने मुरादनगर देहात मंडल कार्यसमिति की बैठक ली। इस बैठक में डॉ. रमेश चंद तोमर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। देहात मंडल कार्यसमिति की बैठक के माध्यम से आदरणीय गुरु जी ने मंडल के कार्यकर्ता पदाधिकारियों के साथ भाजपा सरकार की सफलता के 9 वर्ष में हुई जन कल्याणकारी नीतियां जनता की महत्वकांक्षी योजनाओं को पूर्ण करने वाली योजनाओं पर चर्चा की भारतीय जनता पार्टी का महा जनसंपर्क अभियान जो 30 मई से 30 जून तक संपूर्ण देश में चलाया जाएगा। इसमें सरकार की उपलब्धियां सरकार के द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय और भारत देश के बढ़ते हुए वर्चस्व और गौरव को जो मोदी के द्वारा पूरे विश्व में फैलाया गया है तथा आर्थिक, सांस्कृतिक ढांचे को जो भाजपा सरकार के नेतृत्व में अमृत रूप दिया है उसको जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया आदरणीय गुरु जी डॉक्टर रमेश चंद तोमर कार्यकर्ताओं के साथ पुरानी बातों के किस्से के माध्यम से बताई सभी कार्यकर्ता पदाधिकारियों से पारिवारिक व्यवहार से मिले और हालचाल जाना वही मंडल के प्रभारी आदरणीय अश्वनी शर्मा जी ने भी भाजपा की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को दिलवाया बैठक में मुख्य रूप से महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अमरीश त्यागी, मंडल उपाध्यक्ष डॉ प्रमोद त्यागी, मोहित त्यागी, महामंत्री विपिन चौधरी, मीडिया के प्रभारी अंकुर तोमर, हंसराज कश्यप निजारूल, इस्लामुद्दीन, दिनेश प्रधान, विपिन प्रधान, वीरेंद्र प्रधान, प्रमोद त्यागी, योगेंद्र शर्मा भाजपा के सभी बुथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त ने की यूजर चार्जेज टीम की समीक्षा, जन जागरूकता के दिए निर्देश



**गाजियाबाद,** 25 मई (देशबन्धु)। जन सुनवाई के दौरान नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से आए निवासियों की समस्याओं का समाधान कराया। जिस के क्रम में ही यूजर चार्जेज के विषय पर भी संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान शहर वासियों से भी नगर आयुक्त ने यूजर चार्जेज के ऑनलाइन भुगतान की अपील की। साथ ही टीम का आई कार्ड देखने के बाद ऑनलाइन भुगतान नगर निगम गाजियाबाद के अकाउंट पर ही करने हेतु जागरूक किया गया।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा ने बताया गया कि डोर टू डोर के माध्यम से कूड़ा निस्तारण गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। जिस के क्रम में यूजर चार्जेज का भुगतान शहर निवासियों द्वारा किया जा रहा है शहर वासियों की सुविधा दृष्टिगत गाजियाबाद नगर निगम द्वारा टीम भी बनाई गई है जोकि डोर टू डोर जाकर यूजर चार्जेस का भुगतान करा रहे हैं, नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार समस्त यूजर्स चार्जेज का कार्य कर रही टीम को आई कार्ड भी दिया गया है संबंधित को भुगतान करने से पहले उनका आई कार्ड भी देखकर अग्रिम कार्यवाही करें ऐसी अपील शहर वासियों से की गई है।

नगर आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को शहर में यूजर चार्जेज टीम पर नजर बनाए रखने के लिए निर्देशित किया साथ ही प्रतिदिन होने वाले यूजर चार्जेज की कार्रवाई रिपोर्ट जांचने के लिए भी आदेशित किया गया नगर आयुक्त महोदय द्वारा शहर वासियों से अधिकांश ऑनलाइन भुगतान हेतु अपील की गई है किसी प्रकार की परेशानी या शंका होने पर गाजियाबाद नगर निगम के 18001803012 नंबर पर संपर्क करने हेतु भी अवगत कराया गया है। जनप्रतिनिधियों के विशेष सहयोग से गाजियाबाद नगर निगम की कई योजनाएं शहर में फलीभूत हो रही है जिसमें शहर निवासियों को सहूलियत प्रदान की जा रही है, शहर निवासियों को योजनाओं के बारे में समय-समय पर जागरूक भी किया जा रहा है यूजर चार्जेज का ससमय भुगतान करने हेतु गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अपील की गई है।

## सार संक्षेप

### जिलाधिकारी ने प्राइस डिस्ट्रीब्यूट सेरेमनी का किया शुभारंभ




**बुलंदशहर।** तहसील शिकारपुर के अंतर्गत ग्राम खण्डवाया में स्थित रज्जु भैय्या सैनिक विद्या मंदिर में आयोजित प्राइज डिस्ट्रीब्यूट सेरेमनी में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने प्रतिभाग करते हुए द्वीप प्रज्वलित करते हुए शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा विद्यालय कर मेधावी छात्रों को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि समाज के ऐसे बच्चे जो सुविधाओं के अभाव में अपनी शिक्षा पूरी नहीं कट पाते है ऐसे ही मेधावी छात्रों को चयनित कर इस विद्यालय में शिक्षा दी जा रही है। मेधावी बच्चों के जीवन को संवारने के लिए विद्यालय में दी जा रही शिक्षा एवं सुविधाओं के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति को बधाई भी दी। कार्यक्रम में प्रबंधन समिति के सदस्य, विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

### तेज हवा बारिश के साथ मौसम सुहावना

**नोएडा।** तेज हवा के साथ गुरुवार शाम से नोएडा का मौसम बदल गया। रात करीब साढ़े आठ बजे बारिश हुई और ओले भी गिरे। जिससे मौसम सुहावना हो गया। तेज हवा चलने का सिलसिला शाम से ही शुरू हो गया था। नोएडा-ग्रेटर नोएडा का अधिकतम तापमान 36.4 दर्ज किया गया। न्यूनतम 22 डिग्री रहा। 51 प्रतिशत नमी रही। चार दिनों तक इसी तरह के मौसम का पूर्वानुमान है। 28 मई तक प्रत्येक दिन एक या दो बार बारिश का अनुमान जताया गया है। 29 मई को बादलों की आवाजाही रह सकती है। 30 मई से गर्मी बढ़ने की संभावना है। सुबह नोएडा और ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 100 से कम था, लेकिन शाम होते होते ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई खराब श्रेणी में पहुंच गया। ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 250 दर्ज किया गया। वहीं नोएडा का 120 रहा।

### सट्टा खिलाने वाले 7 गिरफ्तार

**नोएडा।** आईपीएल में मुबंई और लखनऊ के बीच चल रहे मैच में सट्टा लगाने वाले 7 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से सट्टे में प्रयोग किये जा रहे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, भारी मात्रा में नगदी व अन्य सामान बरामद किया है। ये लोग क्रिकेट लाइन लाइन ऐप के जरिए सट्टा खिलवाते थे। ये एप गूगल प्ले और आईओएस दोनों पर है। इससे ये लोग रेट देखते थे। इसके बाद आगे सट्टा खिलवाते थे। एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस द्वारा गोपनीय सूचना के आधार पर बीट पुलिसिंग, मैनुअल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के माध्यम से जानकारी ली गई। पता चला कि ग्राम गिझौड़ में बड़े पैमाने पर आईपीएल मैच के दौरान सट्टा लगाया जा रहा है। पुलिस ने यहां छापमार कर सात लोगों को गिरफ्तार किया। यहां मैच पर हारजीत का सट्टा लगाया जा रहा था। इनके पास से जो मोबाइल मिले है। उनके डाटा से भी काफी जानकारी मिली है। इनकी पहचान सचिन पुत्र सूरजभान आदित्य पुत्र सूरजभान, नितीश जैन पुत्र शशिकान्त जैन, जयदेव पांडेय पुत्र प्रभाकर पांडये, 5 पाण्डये कुमार पुत्र सिकन्दर, इंदु कुमार पुत्र केलु महतो और अभिनव पुत्र देवेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। जिस मकान में सट्टा खिलवाया जा रहा था वो सचिन का है।

## कुत्तों के नामांकन न कराने वालों के लिए चलेगी स्पेशल ड्राइव

### एक जून से चलेगा अभियान कटेगा चालान

**नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। नोएडा में पालतू डॉग और कैट का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। पहली जून से एक स्पेशल ड्राइव चलाई जाएगी। ये ड्राइव उन लोगों के लिए होगी जिन्होंने अभी तक अपने पैट का रजिस्ट्रेशन नहीं कराया। उन पर बड़े स्तर पर जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा। कितने डॉग और कैट बचे है इसकी एक सूची आरडब्ल्यूए, एओए से मिल गई है। जिसे सेक्टर वाइज कंपाइल किया जा रहा है। ये रजिस्ट्रेशन एनएपीआर एप के जरिए किया जाता है। अब तक कुल 5914 पैट का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। इसमें 70 कैट है। प्राधिकरण के डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि लगातार कैंप और प्रचार प्रसार के बाद भी लोग अपने पैट का रजिस्ट्रेशन नहीं कर रहे है। इसलिए ये ड्राइव चलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि नोएडा में कैट और डॉग का सालाना रजिस्ट्रेशन और रिन्यू चार्ज 500 रुपए है। देसी नस्ल के डॉग के लिए प्रति व्यक्ति 10 डॉग के रजिस्ट्रेशन में कोई शुल्क नहीं है। इन देसी नस्ल के रजिस्टर्ड डॉग को एनिमल बर्थ कंट्रोल कैंपस में नसबंदी एवं प्रथम टीकाकरण नि:शुल्क किया जाएगा।

### ये है नामांकन और नवीनीकरण की शर्त

सभी पैट मालिकों प्रत्येक डॉग का अलग अलग रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

नोएडा प्राधिकरण गुण और दोष के आधार पर आवेदन को जारी और निरस्त कर सकता है।

पैट डॉग के नसबंदी, टीकाकरण कार्ड उपलब्ध कराने के बाद ही नवीनीकरण किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन अवधि पूरी होने से पहले ही आवेदक को नवीनीकरण के लिए एसएमएस भेजा जाएगा।

रजिस्ट्रेशन 1 अप्रैल से 31 मार्च तक मान्य होगा इसके बाद दोबारा नवीनीकरण कराना होगा। 1 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच नवीनीकरण कराना होगा।

1 मई के बाद 31 मई के पहले आवेदन करने पर 200 रुपए इसके बाद रोजाना 10 रुपए जुर्माना लगाया जाएगा।

## उद्यमियों ने प्राधिकरण के सामने रखी समस्या

### साइट प्लान जारी होने के बाद भी नहीं मिला भूखंड, डीजी सेट चलाने के मिले अनुमति

**नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। उद्यमियों की समस्या को लेकर सेक्टर-6 उद्योग सहायक समिति की एक बैठक हुई। बैठक में नोएडा के सभी औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधियों के साथ नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर उद्यमियों ने प्राधिकरण को समस्या बताई। नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन ने कहा कि प्राधिकरण ने सेक्टर-164 में ई-बिडिंग के जरिए भूखंड आबंटित किए गए थे। प्राधिकरण ने इसका साइट प्लान भी दिया था। मौके पर अभी भी खेती हो रही है। उद्यमियों को आबंटित भूखंड का पोजेशन दिलाया जाए। जब तक डीजी सेट पीएनजी में कनवर्ट नहीं होते तब तक डीजी सेट चलाने की अनुमति दी जाए। औद्योगिक सेक्टरों में मॉल वाहनों को सड़क किनारे खड़ा होने से रोका जाए। इनके लिए ट्रांसपोर्ट नगर में वाहन खड़ा करने का निर्देश दिया जाए। औद्योगिक सेक्टरों में नालियां व बड़े नाले गंदगी से भरे हुए है। इनकी सफाई कराई जाए। प्राधिकरण में स्टार्ट अप खोलने के कई आवेदन लंबित पड़े है। दरअसल स्टार्टअप के लिए जब कोई टीएम अप्लाई करता है तो आप उससे जीएसटी नंबर मांगते है। जबकि बिना कार्यशील हुए इकाई को जीएसटी नंबर नहीं मिलता। इसमें कोई शर्त लगा सकते है। औद्योगिक सेक्टरों में वैंडर जोन में जितनी दुकानें आवंटित की गई हैं। उससे दोगुनी दुकानें लगाई जा रही है। छोटे उद्यमियों को विस्तार के लिए भूखंड दिए जाए। सड़कों की मरम्मत मकी जाती है तो ऊपर से तारकोल चढ़ा दिया जाता है। इससे सड़क की ऊचाई बढ़ रही है। जरा सी बारिश में पानी इंडस्ट्री में भर रहा है। सेक्टर-9 और 10 के उद्यमियों से सर्विस इंडस्ट्री शुल्क लेकर उसे रॉ मैटेरियल का बाजार बना दिया जाए। औद्योगिक सेक्टर में भूमिगत केबल बिछाई जाए।



## जिला कार्यक्रम अधिकारी ने किया एनआरसी का निरीक्षण



- **केंद्र पर सभी बेड मिले फुल, दस बच्चों का चल रहा है उपचार**
- **दस में से सात बच्चे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भर्ती कराए**

**नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भंगेल स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) का निरीक्षण किया। उन्होंने मौजूद स्टाफ से बच्चों की देखभाल के बारे में बातचीत की और कहा कि किसी भी स्तर पर बच्चों के उपचार में कमी न रहने पाये। एनआरसी में दस गंभीर तीव्र अतिकुपोषित (सैम) बच्चे भर्ती मिले। निरीक्षण के दौरान सीएचसी भंगेल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. यतेन्द्र सिंह, एनआरसी की इंचार्ज डॉ. साधना, डाइटीशियन सचिन मलिक, स्टाफ नर्स प्रीति राय भी मौजूद रहीं। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ने भर्ती बच्चों के अभिभावकों से बातचीत भी की और केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों का उपचार करा रहे सलारपुर निवासी इंद्रपाल व दीपू से पूछा कि उन्हें यहां किसी भी तरह की कोई दिक्कत तो नहीं है। सभी ने संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि यहां से जाने के बाद घर पर भी बच्चों का विशेष ख्याल रखें इस वक्त एनआरसी में दस बच्चे उपचाराधीन भर्ती हैं। इस माह 16 बच्चों को भर्ती कराया जा चुका है। पिछले दिनों ठीक हुए छह बच्चे घर भेजे जा चुके हैं। पूनम तिवारी ने बताया बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग बच्चों के पोषण को लेकर बेहद गंभीर है। विभाग की ओर से संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कुपोषित और अतिकुपोषित बच्चों की पहचान की जाती है।

## पेड़ से फंदा लगाकर युवक ने की आत्महत्या

### रात में कुत्ते को टहलाने के लिए निकला था, शरीर पर नहीं मिले चोट के निशान






**नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-96 के पास प्राधिकरण की निर्माणाधीन इमारत के पास बनी ग्रीन बेल्ट में एक युवक ने पेड़ से फंदा लगाकार सुसाइड कर लिया। युवक की उम्र करीब 22 साल है। सुसाइड क्यों किया पुलिस परिजनों और उसके साथियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने युवक का मोबाइल जब्त कर लिया है। शव के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि सुबह करीब साढ़े सात बजे थाना सेक्टर 39 पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ने सेक्टर-96 की ग्रीन बेल्ट में फांसी लगा ली है। पुलिस ने मौके पर पंहुचकर फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में शव को नीचे उतारा। घटना स्थल को येलो टेप से सुरक्षित किया गया। डीसीपी ने बताया कि प्राथमिक जांच में शरीर पर चोट के निशान नहीं है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉटर्म के लिए भेज दिया गया है। युवक की पहचान मृत्युंजय कौशिक उर्फ भानु पुत्र योगेन्द्र कौशिक निवासी मूल चंद स्कूल के पास गली नम्बर 03 सदर पुर कालोनी सेक्टर 45 नोएडा के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि भानु को कोई परेशानी नहीं थी और न ही वो मानसिक रूप से परेशान था। भानु बीबीए के लास्ट ईयर का छात्र था। वो सुसाइड नहीं कर सकता। पुलिस ने इस मामले में सुसाइड और मर्डर दोनों एंगल से जांच कर रही है।

### डॉग को टहलाने घर से निकला था

डीसीपी ने बताया कि युवक रात साढ़े आठ बजे डॉग को घर से टहलाने के लिए निकला था। करीब साढ़े नौ बजे परिजनों से उसकी बात हुई। इसके बाद से उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा था। सुबह सुसाइड की जानकारी मिली। मौके पर उसका शव पेड़ से लटका मिला। घर से सिर्फ मोबाइल ही लेकर निकला था। डॉग उसी पेड़ के पास ही बैठा था। इस मामले में पुलिस युवक के मोबाइल की सीडीआर भी खंगालेगी। मृतक भानु के चाचा उमा नंदन कोशिक विश्व हिंदु परिषद में प्रांतीय सेवा प्रमुख है। पिता भी संगठने से जुड़े काम करते है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**आयोजन** सीएमओ ने नर्स मेंटर्स के साथ की बैठक

## प्रसव पूर्व जांच और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दें : सीएमओ

**गाजियाबाद, 25 मई (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. भवतोष शंखधर ने गुरुवार को अपने कार्यालय में नर्स मेंटर्स के साथ बैठक की। सीएमओ ने नर्स मेंटर्स से संबंधित स्वास्थ्य केन्द्रों पर संसाधनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए हैं कि प्रसव पूर्व जांच बढ़ाने के साथ ही संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने का प्रयास करें। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) का लाभ हर गर्भवती को मिले। एनीमिक (रक्त की कमी) होने पर चिकित्सक की देखरेख में गर्भवती को आयरन सेल्युलॉज दें।**

सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर ने निर्देश दिए हैं कि आशा कार्यकर्ता से बेहतर सामंजस्य स्थापित कर प्रसव पूर्व जांच पर जोर दें और साथ ही यह सुनिश्चित करें कि अधिक से अधिक प्रसव सरकारी चिकित्सालय में ही हों। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मोदीनगर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी (एमओआईसी) डॉ. कैलाश को सीएमओ ने मौके से ही दूरभाष पर निर्देश दिए कि रोजाना रात के समय ड्यूटी पर रहने वाली स्टाफ नर्स और ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर की जानकारी भेजी जाए। गुरुवार को ही मेंटर्स मीटिंग से पहले सीएमओ सीएचसी मोदीनगर का निरीक्षण करने भी पहुंचे थे।

नर्स मेंटर्स को सीएमओ ने निर्देश दिए हैं कि लेबर रूम में गर्भवती को किसी तरह की परेशानी होने पर तत्काल डयूटी डॉक्टर को रिपोर्ट करें और जरूरत पड़ने पर तत्काल स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ को भी बुलाएं। गर्भवती की देखभाल के मामले में किसी तरह की लापरवाही न होने पाए। बैठक में एसीएमओ (आरसीएच) डा. डीएम सक्सेना, डा. चरण सिंह और अर्बन हेल्थ मिशन प्रभारी डा. आरके गुप्ता के अलावा क्वालिटी एश्योरेंस से डा. पूर्वा, डीपीएमयूओ पूजा सक्सेना और मातृ स्वास्थ्य कंसलटेंट जितेंद्र राव के अलावा उत्तर प्रदेश टेक्नीकल सपोर्ट यूनिट (टीएसयू) के कर्मचारी भी मौजूद रहे।



- **एनीमिक गर्भवती को चिकित्सक की देखरेख में आयरन सेल्यूलोज दें**

### 230 एचआरपी चिन्हित की गई

सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर ने बताया कि बुधवार को आयोजित पीएमएसएमए दिवस पर जिले की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर गर्भवती की प्रसव पूर्व जांच की गई। इस दौरान कुल 230 हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एचआरपी) चिन्हित की गईं। सीएमओ ने नर्स मेंटर्स को निर्देश दिए हैं कि सभी एचआरपी की लगातार मॉनिटरिंग की जाए और प्रसव के समय भी उनके लिए विशेष तैयारी रखी जाए। एक, नौ, 16 और 24 तारीख को पीएमएसएमए के मौके पर केवल आपातकाल में ही छुट्टी लें।

## वृद्ध किसान की अज्ञात लोगों ने की हत्या



**बुलंदशहर,** 25 मई (देशबन्धु)। औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गांव सुरजावली ट्यूबवेल पर सो रहे थे 65 वर्षीय वृद्ध की अज्ञात लोगों ने की हत्या। आपको बता दें कि सुरात सुरजावली गांव के 65 वर्षीय किसान महावीर सिंह बीती रात खेतों पर अपनी ट्यूबेल पर सो रहे थे कि किसी अज्ञात लोगों ने पहले उनके साथ मारपीट की उसके बाद उनकी फांसी लगाकर हत्या कर दी और फरार हो गए। परिजनों को सूचना मिली तो परिजन ट्यूबेल पर पहुंचे तो देखा कि महावीर सिंह मृत अवस्था में पड़े तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। परिजनों का आरोप है कि पैसे के लेनदेन को लेकर फांसी लगाकर हत्या की गई है। और बताया कि उनके कई लोगो पर पैसे थे बताया कि वह ब्याज का काम करते थे हो सकता है उन लोगों में से किसी ने हत्या की हो। सूचना पर एसपी सिटी सुरेंद्र नाथ तिवारी सहित पुलिस के आला अधिकारी पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और वृद्ध किसान की हत्या की जांच पड़ताल में जुटे। एसपी सिटी सुरेंद्र नाथ तिवारी का कहना है कि वृद्ध महावीर के कई लोगो पर पैसे थे। जांच के बाद ही हत्या के कारणों का पता चल पाएगा जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी फिलहाल शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “

देहात क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति चरमराई हुई है। जर्जर लाइन में तारों के चलते मामूली हवा के चलने से आपूर्ति बाधित हो जाती है। खराब मीटर व टीएफ आदि को नहीं बदला जा रहा है। आपसी सहमति से क्रय की जाने वाली जमीनों के किसानों को कर्मचारियों द्वारा परेशान किया जा रहा है।

इकपाल सिंह, संगठन जिला अध्यक्ष

## आबंटन धनराशि न जमा करने वाले आबंटियों के आबंटन जल्द होंगे निरस्त



- आवासीय संपत्ति विभाग की समीक्षा बैठक में सीईओ ने दिए निर्देश
- समीक्षा बैठक में 50 बड़े डिफॉल्टरों के आबंटन रद्द करने का निर्णय
- लेफ्ट आउट फ्लैटों व निर्मित भवनों की स्कीम जल्द लाने को भी कहा
- तय समय में इकाई न लगाने वाले आईटी भूखंडों के आबंटन भी होंगे रद्द

**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की विगत भूखंड योजना के जिन सफल आबंटियों ने अभी तक आबंटन धनराशि भी जमा नहीं की है, उनके आबंटन जल्द ही रद्द किए जाएंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने गुरुवार को आवासीय संपत्ति विभाग की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। सीईओ ने 50 बड़े डिफॉल्टरों के आबंटन भी शीघ्र रद्द करने को कहा है। इसके साथ ही ग्रेटर नोएडा में घर चाहने वालों के लिए जल्द ही फ्लैटों की स्कीम लांच की जाएगी। सीईओ ने इस बाबत निर्देश दे दिए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इसी साल जनवरी में आवासीय भूखंडों की योजना लांच की थी। 156 सफल आबंटियों को 21 अप्रैल को आबंटन पत्र जारी कर दिए गए। आबंटियों को 25 प्रतिशत धनराशि 15 दिनों के भीतर जमा करनी थी। गुरुवार को आवासीय संपत्ति विभाग की समीक्षा बैठक में यह तथ्य सीईओ के समक्ष रखा गया। सीईओ ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अब तक जिन आबंटियों ने आबंटन धनराशि जमा नहीं की है, उनके आबंटन शीघ्र रद्द कर दिए जाएं। सीईओ ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बकाया न जमा करने वाले 50 बड़े डिफॉल्टरों के आबंटन भी रद्द करने के निर्देश दिए हैं। आवासीय संपत्ति विभाग के आबंटियों पर करीब 800 करोड़ रुपए बकाया होने का आकलन है। आवासीय संपत्ति विभाग ने इन बड़े डिफॉल्टरों की सूची तैयार कर ली है। सीईओ ने आबंटन रद्द होने से प्राप्त भूखंडों को नई स्कीम में शामिल कर आबंटित करने को कहा है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से निर्मित करीब डेढ़ हजार फ्लैट खाली पड़े हैं। सीईओ ने इन फ्लैटों को दुरुस्त कर तत्काल स्कीम लांच करने को कहा है। इसके साथ ही कुछ निर्मित भवन भी खाली हैं। सीईओ ने इन निर्मित भवनों की भी योजना एक माह में लांच करने का निर्देश दिए हैं। इस बैठक में एसीईओ आनंद वर्धन व जीएम आरके देव समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। सीईओ ने आईटी विभाग की भी समीक्षा की। तय समयावधि में उद्योग न लगाने वाले आबंटियों के आबंटन निरस्त करने और खाली भूखंडों को नई स्कीम में शामिल करने के निर्देश दिए। इस बैठक में एसीईओ अमनदीप डुली व ओएसडी एनके सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सिविल सेवा की टॉपर इशिता किशोर व कुश मिश्र को सीईओ ने किया सम्मानित







- आप देश की सर्वोच्च सेवा के लिए चयनित हुए हैं, आप पर गर्व है : रितु माहेश्वरी
- सीईओ ने दी सीख, इस सेवा के दौरान बहुत सी चुनौतियां सामने आएंगी, धैर्य से काम लेते हुए आगे बढ़ना होगा

**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने सिविल सेवा परीक्षा में टॉप करने वाली ग्रेटर नोएडा निवासी इशिता किशोर और आईपीएस के लिए चयनित कुश मिश्र को गुरुवार को सम्मानित किया। सीईओ ने कहा कि आप देश की सर्वोच्च सेवा के लिए चयनित हुए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण परिवार और ग्रेटर नोएडा का हर नागरिक आप पर गर्व कर रहा है। सीईओ ने दोनों सफल अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में आयोजित कार्यक्रम में सीईओ रितु माहेश्वरी ने कहा कि देश की सर्वोच्च सेवा होने के नाते बड़ी चुनौतियां भी सामने आएंगी। उनका धैर्य पूर्वक सामना करना होगा। इशिता किशोर ने सीईओ रितु माहेश्वरी की तरफ से इस सम्मान के लिए आभार जताते हुए कहा कि यहां उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला है। कुश मिश्र ने कहा कि उनकी सफलता में सभी का सहयोग शामिल है। इशिता किशोर की मां ज्योति किशोर व कुश मिश्र के पिता पीपी मिश्र को सफल मार्गदर्शन की सराहना की। सीईओ ने कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे माता-पिता की मेहनत और मार्गदर्शन का बहुत अहम रोल होता है। आईपीएस के लिए चयनित कुश मिश्र के पिता पीपी मिश्र ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। सीईओ ने पीपी मिश्र को बधाई देते हुए कहा कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण परिवार के लिए यह बड़े गर्व और हर्ष की बात है। पीपी मिश्र ने बेटे की सफलता पर खुशी जताते कहा कि इस सफलता में कुश की मेहनत के साथ ही सभी का सहयोग है। उन्होंने कहा कि बेटा देश की सेवा करे, इससे अधिक गर्व की बात और क्या हो सकती है। इशिता किशोर की मां ज्योति किशोर ने कहा कि मैंने मां के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। बेटी की मेहनत के साथ ही सभी का आशीर्वाद भी जुड़ा हुआ है। इस दौरान एसीईओ आनंद वर्धन ने दोनों सफल अभ्यर्थियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। एसीईओ अमनदीपु डुली ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

## जीबीयू में चार वर्षीय बीए-बीएड कला, विज्ञान एवं कॉमर्स पाठ्यक्रम इसी शैक्षणिक सत्र में लागू



**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एन.सी.टी.ई.) ने पूरे देश में शैक्षणिक सत्र 2023-24 से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों, केंद्र/राज्य सरकार के विश्वविद्यालयों और सरकारी कॉलेजों में एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम प्रारंभ किया है, जो कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एक प्रमुख कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चार वर्षीय दोहरा संपूर्ण स्नातक कार्यक्रम प्रस्तावित किया जाता है, जिसके अंतर्गत कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संवर्ग में स्नातक के साथ शिक्षा विषय में स्नातक की डिग्री प्रदान की जाती है। यह कार्यक्रम विद्यालयों की नव संरचना अर्थात फाउंडेशन, प्रेपरेटरी, मिडिल एवं सेकेंडरी शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए शिक्षकों को तैयार करेगा। इस एकीकृत पाठ्यक्रम से छात्रों की शिक्षा में एक वर्ष की बचत होगी। इस पाठ्यक्रम में एकल राष्ट्रव्यापी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश लिया जा सकेगा। शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय को भी मान्यता प्रदान की गई है जो कि नई शिक्षा नीति 2022 से संरेखित एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम के प्रथम चरण के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शी कार्यक्रम के माध्यम से योजना के सार तत्व एवं दृष्टिकोण से परिचय कराएगा।

## समस्याओं के समाधान नहीं होने पर राकियू करेगी आंदोलन

**रबूपुरा,** 25 मई (देशबन्धु)। जिम्मेदारों को बार-बार अवगत कराने के बावजूद भी किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। अधिकारी लगातार किसानों की उपेक्षा कर रहे हैं जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी को लेकर बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने गांव कुरैब में एक बैठक का आयोजन किया तथा सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। साथ ही जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होने पर व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी है। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष इकपाल सिंह ने कहा कि देहात क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति चरमराई हुई है। जर्जर लाइन में तारों के चलते मामूली हवा के चलने से आपूर्ति बाधित हो जाती है। खराब मीटर व टीएफआदि को नहीं बदला जा रहा है। आपसी सहमति से क्रय की जाने वाली जमीनों के किसानों को कर्मचारियों द्वारा परेशान किया जा रहा है। पशुओं की बीमारियों की रोकथाम के लिए गांव में कैंप लगाकर टीकाकरण व कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जाए। जेवर को जाने वाले रास्ते में दयानतपुर यमुना एक्सप्रेस वे के अंडरपास पर गहरे गड्ढ़े बने हुए तथा पूरा मार्ग क्षतिग्रस्त है। जिसे तत्काल दुरुस्त कराए जाएं। अतिरिक्त मुआवजा, आबादी निस्तारण, आवासीय भूखंड, युवाओं को रोजगार की समस्या अधिकारियों की उदासीनता के चलते बढ़ती जा रही है। समस्याओं को लेकर संगठन गंभीर है और चेतावनी दी जाती है कि अगर जल्द निस्तारण नहीं हुआ तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान शाहिद मंजूर, हरीश पाल, किशनलाल सिंह, विजय वीर, गिरी प्रसाद, रविंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, दुष्यंत, राजू, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

## अवैध रुप से भूगर्भ जल दोहन करने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई : जिलाधिकारी



- भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद की बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को किया निर्देशित

**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई(देशबन्धु)। जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद की बैठक जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में जल का अविरल प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए भूगर्भ जल दोहन पर नियंत्रण, भू जल संरक्षण, संचयन एवं रिचार्ज करने के उद्देश्य से अधिकारियों को ठोस कदम उठाने होंगे। प्राकृतिक रूप से जल के स्तर को ऊपर उठाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं और जल दोहन रोका जाए। उन्होंने कहा कि भूगर्भ जल के दुरुपयोग को रोकने के लिए सरकार द्वारा आर्थिक दंड व सजा का प्रावधान है, जिसका कढ़ाई से अनुपालन कराया जाए ताकि अनावश्यक जल के बहाव को रोका जा सके और सभी को जल उपयोग करने के लिए मिल सके। उन्होंने कहा कहीं पर भी कंस्ट्रक्शन साइट, कार वॉशिंग सेंटर, पानी के प्लांट आदि पर अनाधिकृत रूप से भूजल का दोहन न होता पाया जाए और यदि उक्त स्थानों पर अनाधिकृत रूप से भूजल का दोहन होता पाया जाए तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए एवं जुर्माना लगाया जाए, ताकि अन्य लोग भी कार्रवाई से प्रभावित होकर अनाधिकृत रूप से भूजल का दोहन न करें। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोरवेल आदि की एनओसी निर्गमन के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि एनओसी निर्गमन के लिए पोर्टल पर जो भी लंबित प्रकरण है उनका समिति के माध्यम से सत्यापन कराते हुए उनको एनओसी निर्गमन करने की कार्रवाई ससमय की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, यमुना प्राधिकरण एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एयरपोर्ट को जोड़ने वाले दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे डीएम ने किया शिलान्यास



**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। जेवर में बन रहे एयरपोर्ट को बल्लभगढ़ नेशनल हाईवे एवं आईजीआई और दिल्ली मुंबई कॉरिडोर से कनेक्ट करने के उद्देश्य से बनाए जा रहे 8.5 किलोमीटर लंबे लिंक रोड का गुरुवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने ग्राम दयानतपुर में पहुंचकर लिंक रोड का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने लिंक रोड के शुभारंभ अवसर पर कहा कि यह लिंक रोड जेवर क्षेत्र में बनाए जा रहे एयरपोर्ट को बल्लभगढ़ नेशनल हाईवे, आईजीआई तथा दिल्ली मुंबई कॉरिडोर से जोड़ने का काम करेगा, जिससे जेवर क्षेत्र का विकास और गति के साथ आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर जिला अधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी भू.अ. बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह तथा ग्राम के सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## यमुना एक्सप्रेस वे पर दर्दनाक हादसे में हरियाणा पुलिस की महिला हेड कांस्टेबल व चालक की मौत



**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे पर दनकौर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। इमरजेंसी ब्रेक लगाने पर पुलिसकर्मियों की कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में हरियाणा पुलिस की महिला हेड कांस्टेबल व चालक की मौत हो गई, जबकि दो एएसआई समेत कार में सवार अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान बबिता व प्रदीप के रूप में हुई है। पुलिसकर्मी एक अपहृत नाबालिग को छत्तीसगढ़ से सकुशल बरामद कर हरियाणा जा रहे थे। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा जोन अशोक कुमार ने बताया कि हरियाणा के जनपद सोनीपत थाना खरखोदा के एएसआई वीरपाल सिंह, वेदपाल सिंह व महिला हेड कांस्टेबल बबीता एक नाबालिग अपहृत लड़की को छत्तीसगढ़ से सकुशल बरामद कर यमुना एक्सप्रेस वे के रास्ते हरियाणा जा रहे थे। साथ में लड़की के परिजन भी थे। गुरुवार सुबह 5.30 बजे दनकौर कोतवाली क्षेत्र में पहुंचे तो चालक प्रदीप द्वारा इमरजेंसी ब्रेक लगाने के कारण कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में लड़की व अभियुक्त डाक्टर व लड़की के पिता रामनरेश व उल्फत सवार थे। हादसे में एएसआई वेदपाल सिंह, एएसआई वीरपाल सिंह, हेड कांस्टेबल बबीता, चालक प्रदीप, लड़की के पिता रामनरेश व अन्य परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने महिला हेड कांस्टेबल बबीता व कार चालक प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। एडीसीपी ने बताया कि खरखोदा थाना पुलिस व मृतकों के परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में आज से शुरु होगी तैराकी प्रतियोगिताएं



- तीसरे दिन कबड्डी व बास्केटबॉल के खेले गए कई लीग मैच

**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स और गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी में तीसरे दिन कबड्डी और बास्केटबाल के मैच खेले गए। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में कबड्डी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में पहला मैच एसआरएम यूनिवर्सिटी और गुरु काशी यूनिवर्सिटी के बीच खेला गया। एसआरएम यूनिवर्सिटी ने 30-24 से जीत दर्ज की। वहीं महिला वर्ग में केयूके हरियाणा ने सीआरएस यूनिवर्सिटी जिंद को 50-22 के अंतर से मात दी। कोटा यूनिवर्सिटी ने एडमास यूनिवर्सिटी को 72-27 से मात दी। वहीं अन्य मैच में अटल बिहारी वाजपेयी बिलासपुर ने भारतियर यूनिवर्सिटी कोयंबटुर को 39-30 से हराया। द यूनिवर्सिटी आफबर्धवान ने हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग को 30-23 के अंतर से हराया। पुरुष वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच गुरु काशी यूनिवर्सिटी व सीयू मोहाली और दूसरा सेमीफाइनल मैच एसआरएम यूनिवर्सिटी चेन्नई और वीईएलएस यूनिवर्सिटी तमिलनाडु के बीच खेला जाएगा। महिला वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच केयूके हरियाणा व द यूनिवर्सिटी आफ बर्धवान और दूसरा सेमीफाइनल मैच एचपी यूनिवर्सिटी शिमला और सीआरएस यूनिवर्सिटी जिंद के बीच होगा। सभी सेमीफाइनल 26 मई को खेले जाएंगे। कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच 27 मई को खेले जाएंगे। वहीं गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में खेली जा रही बास्केटबाल प्रतियोगिता में टीमों के बीच सेमीफाइनल में पहुंचने की होड़ होगी। उधर शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुक्रवार से स्वीमिंग प्रतियोगिता का भी आगाज होगा।

### प्रधानमंत्री के उद्बोधन को खिलाड़ियों ने सुना, जीबीयू में लगायी बड़ी स्क्रीन

खेलो इंडिया युनिवर्सिटी गेम का औपचारिक उद्घाटन लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर वर्चुअल रुप से शामिल हुए। खेलो इंडिया युनिवर्सिटी गेम के उद्घाटन सत्र का लाइव प्रसारण गौतमबुद्ध विवि(जीबीयू) में बड़ी स्क्रीन लगाकर किया गया, जिसमें देश के कोने-कोने से आए प्रतिभगियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन को सुना। गौतमबुध नगर में छह खेल आयोजित हो रहे हैं, जिसमें बारह सौ खिलाड़ी शामिल हुए हैं। इस दौरान गौतमबुद्ध नगर जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी व खेल विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### बास्केटबॉल में खिलाड़ियों के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला

गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में चल रही बास्केटबाल प्रतियोगिता के महिला वर्ग में गुरुवार का पहला मैच यूनिवर्सिटी आफ मद्रास चेन्नई व बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के बीच खेला गया। मैच में यूनिवर्सिटी आफमद्रास ने 110-42 के अंतर से जीत दर्ज की। दूसरा मैच पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब के बीच हुआ,जिसमें रोमांचक मैच में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने 73-70 अंक के अंतर से जीत दर्ज की। एसआरएमआइएसटी यूनिवर्सिटी चेन्नई ने लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फिजिकल एजुकेशन ग्वालियर को 70-59 से हराया। स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी गांधीनगर ने महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी को 67-65 के मामूली अंतर से मात दी। वहीं दोपहर बाद पुरुष वर्ग के मैच खेले गए। पहले मैच में जैन यूनिवर्सिटी ने यूनिवर्सिटी आफ मद्रास चेन्नई को 99-78 के स्कोर से हराया। दूसरे मैच में महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को 74-54 के अंतर से मात दी। जामिया मिलिया इस्लामिया नई दिल्ली ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी हरियाणा को 93-92 के स्कोर से हराया। वहीं पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ ने पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला को 106-83 के स्कोर से हराया।

**NAME CHANGE**

I Priyanka Jain W/o Ankit Jain R/o B-1/302, Tower-5, Purvanchal Silver City-II, Sector-Pi-II, Greater Noida U.P. have changed my name to Priyanka Kumar for all future purposes.

**सूचना**

मैसर्स VEDAM निवासी C- 38 सेकंड फ्लोर डबल स्टोरी रमेश नगर दिल्ली 110015 का पता बदलकर NS-68 सेक्टर EtA-1 ग्रेटर नोएडा यू.पी. हो गया है भविष्य में इसी पत्ते से जाना जाए विनय कुमार पुत्र हरीश चंद्र कुमार निवासी फ्लैट नंबर 4252 T-4, ATS सेक्टर जीटा 1, ग्रेटर नोएडा

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तिरथली उप जिलाधिकारी, जेवर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 304/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 03.03.2023 में मृतक श्रीमती हरप्यारी पत्नी सुखवीर सिंह नि0 ग्राम कुरैब परगना जेवर, तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 25.01.2018 को हो चुकी है जिनके स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित हैं।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम व पता | वारिसानों का नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/ अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वीरमपुर | 360म | श्रीमती हरप्यारी पत्नी सुखवीर सिंह नि0 ग्राम कुरैब परगना जेवर तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर | गजेन्द्र सिंह | पुत्र | 70 वर्ष | विवाहित |
| | | | | सुरेन्द्र सिंह | पुत्र | 60 वर्ष | विवाहित |
| | | | | हरिशचन्द्र | पुत्र | 57 वर्ष | विवाहित |
| | | | | राजकली | पुत्रवधू | 58 वर्ष | विधवा |
| | | | | चन्द्रवीर | पौत्र | 38 वर्ष | विवाहित |
| | | | | प्रदीप कुमार | पौत्र | 36 वर्ष | विवाहित |
| | | | | नीरज कुमार | पौत्र | 31 वर्ष | विवाहित |
| | | | | सुनीता | पुत्रवधू | 53 वर्ष | विधवा |
| | | | | योगेश कुमार | पौत्र | 28 वर्ष | विवाहित |
| | | | | चन्द्रवती | पुत्री | 73 वर्ष | विवाहित |
| | | | | राजेन्द्री | पुत्री | 58 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड एवं 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जिला-गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. Amazona-11, 1st Floor, Area-154.27 Sqm. Eldeco Green Meadows, Pocket-C, Sector Pi, Greater Noida जो कि Dr. V. Mallika निवासी Type-6, House 10 M.A. Medical Campus, New Delhi के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक-10.07.2007 को पंजीकृत है। Dr. V. Mallika की मृत्यु के उपरान्त उनके भाई Mr. Venkatesan Sukumar Iyer ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Venkatesan Sukumar Iyer S/o Sh. Nolambal Ekambaram Venkatesan का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स )
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जिला-गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 401A, 4th Floor, Tower-F, Area-65.00 Sqm., Ace Platinum, Sector Zeta-1, Greater Noida जो कि Sh. Virinder Kumar Mehta & Mrs. Santosh Mehta निवासी 108 GF, A-2 Block Janakpuri New Delhi के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक-05.07.2016 को पंजीकृत है। Sh. Virinder Kumar Mehta की मृत्यु के उपरांत उनकी पत्नी Mrs. Santosh Mehta ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पति के भाग का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में Mrs. Santosh Mehta W/o Late Sh. Virinder Kumar Mehta का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स )
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 26 मई 2023

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## संसद भवन के उद्घाटन पर राजनैतिक विवाद

सेंट्रल विस्टा यानी भारत के नए संसद भवन का उद्घाटन 28 मई को होना है और केंद्र की मोदी सरकार ने फैसला लिया है कि प्रधानमंत्री मोदी के हाथों उद्घाटन कराया जाएगा। इससे पहले इस भवन का शिलान्यास भी श्री मोदी ने ही किया था। नए संसद भवन का यह उद्घाटन कार्यक्रम पहले इस वजह से विवाद में आया कि सावरकर जयंती के दिन उद्घाटन कर मोदी सरकार क्या संदेश देना चाहती है। अब इस सवाल पर राजनैतिक बहस छिड़ गई है कि संसद भवन का उद्घाटन किसके हाथों होना चाहिए, राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री। और जैसा कि हर राजनैतिक बहस में होता है, बात तर्क-वितर्कों से होते हुए कुतर्कों तक ले जाई जा रही है। कांग्रेस, राकांपा, तृणमूल कांग्रेस, आप, सपा, राजद, जदयू, माकपा, भाकपा जैसे कई दलों का मानना है कि नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों होना चाहिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया है कि, 'राष्ट्रपति से संसद का उद्घाटन न करवाना और न ही उन्हें समारोह में बुलाना- यह देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान है। संसद अहंकार की ईंटों से नहीं, संवैधानिक मूल्यों से बनती है'। इस मसले पर एक जैसी राय रखने वाले तमाम दलों ने नए संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम के बहिष्कार का ऐलान किया है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट के वकील सीआर सुकिन ने शीर्ष अदालत में जनहित याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति को उद्घाटन समारोह से बाहर करके, सरकार ने भारतीय संविधान का उल्लंघन किया है। याचिका में मांग की गई है कि उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों कराया जाना चाहिए।

देश की संसद महज कांक्रीट की इमारत नहीं होती है, आम नागरिकों की उम्मीदों का प्रतीक होती है कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि यहां बैठकर, जनहित और देशहित के मसलों पर सार्थक चर्चा करेंगे, उचित फैसले लेंगे। इसलिए संसद भवन कई सौ कमरों की सर्वसुविधायुक्त इमारत हो या कोई साधारण सा मकान हो, असल मुद्दा तो ये है कि वहां लोकतंत्र धड़कता हुआ, अपने जिंदा होने पर खुश दिखाई देना चाहिए। अगर सारे तामझाम के नीचे लोकतंत्र कराहता हुआ दिखाई दे, तो समझ लेना चाहिए कि कहीं कुछ गलत है। देश में विपक्ष जब किसी मुद्दे पर अपना विरोध जाहिर करता है, तो यह लोकतंत्र के धड़कने की निशानी है। और सत्तापक्ष जब उस विरोध को देशभक्ति और राष्ट्रवाद से जोड़ने की कोशिश करे, तो यह लोकतंत्र के टूटने की पहचान है। संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से ही क्यों करवाना चाहिए, इसके लिए विपक्ष के पास पुख्ता तर्क हैं। विपक्ष संविधान के हवाले से बता रहा है कि राष्ट्रपति देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद है। संविधान राष्ट्रपति को कार्यकारी, विधायी, न्यायपालिका, आपातकालीन और सैन्य शक्तियां प्रदान करता है। विधायी शक्तियों में संसद के दोनों सदन, लोकसभा और राज्यसभा शामिल हैं। संविधान का अनुच्छेद-79 कहता है कि देश के लिए एक संसद होगी। इसमें राष्ट्रपति और दो सदन -र-ज्यसभा और लोकसभा शामिल होंगे। संविधान के अनुच्छेद-74 (1) में कहा गया है, 'राष्ट्रपति की सहायता और सलाह देने के लिए प्रधानमंत्री के साथ एक मंत्रिपरिषद होगा जो उनके कामों में मदद करेगा। आर्टिकल-87 कहता है कि प्रत्येक संसदीय सत्र की शुरुआत में राष्ट्रपति दोनों सदनों को संबोधित करेंगे। संविधान के इन प्रावधानों के मद्देनजर कांग्रेस का तर्क है कि संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों होना चाहिए, न कि प्रधानमंत्री के।

विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्षी दलों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने फैसले पर दोबारा विचार करें और इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनें। श्री जोशी ने कहा कि स्पीकर संसद का संरक्षक होता है और स्पीकर ने ही प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया है। पहले भी जो प्रधानमंत्री थे, उन लोगों ने भी बहुत सी इमारत वगैरह के उद्घाटन किए हैं। ऐसा कारण देकर इस तरह से कार्यक्रम का बहिष्कार करना ठीक नहीं है। लेकिन मुद्दा तो यही है कि बहुत सी इमारतों और संसद भवन में जो फर्क है, भाजपा उसे क्यों नहीं देख रही है। अगर प्रधानमंत्री को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया था, तो क्या यह श्री मोदी की जिम्मेदारी नहीं है कि वे इसके लिए अपनी जगह राष्ट्रपति मुर्मू के नाम का प्रस्ताव देते। इससे पहले राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन भी मोदीजी ने ही किया था, जबकि तीनों सेनाओं की सुप्रीम कमांडर राष्ट्रपति हैं। वैसे भी नोटबंदी से लेकर जीएसटी की घोषणा और ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने से लेकर रोजगार के नियुक्ति पत्र बांटने का सारा काम मोदीजी ही कर रहे हैं। बेहतर होता भाजपा संसद भवन के उद्घाटन के लिए राष्ट्रपति को आमंत्रित करती, और मोदीजी वहां उपस्थित होते ही। अब प्रधानमंत्री उद्घाटन करेंगी तो प्रोटोकॉल के तहत राष्ट्रपति वहां मौजूद नहीं होंगी। यानी जिस संसद का वे अनिवार्य हिस्सा हैं, उसके उद्घाटन पर वे नहीं होंगी। यह स्थिति क्या लोकतंत्र के लिए अच्छी है, ये सवाल भाजपा को खुद से करना चाहिए।

लेकिन अभी कुछ भाजपा नेता पुराने प्रकरणों की याद दिला कर कांग्रेस को गलत साबित कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कांग्रेस संविधान का गलत हवाला दे रही है। प्रधानमंत्री रहते हुए इंदिरा गांधी ने 24 अक्टूबर, 1975 को पार्लियामेंट एनेक्सी का उद्घाटन किया और राजीव गांधी ने 15 अगस्त 1987 को पार्लियामेंट लाइब्रेरी की आधारशिला रखी थी। कुछ नेताओं ने यह भी याद दिलाया कि छत्तीसगढ़ में नए विधानसभा भवन का शिलान्यास सोनिया गांधी ने किया था। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मणिपुर की राजधानी इंफाल में नए विधानसभा परिसर और सिटी कन्वेंशन सेंटर समेत कई भवनों का शुभारंभ किया था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश विधानसभा के नए केंद्रीय कक्ष का उद्घाटन किया था। मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी और तमिलनाडु के सीएम एम करुणानिधि ने नए विधानसभा परिसर का उद्घाटन किया था. और इन कार्यक्रमों में राज्यपाल को नहीं बुलाया गया था।

लेकिन राष्ट्रपति और राज्यपाल के पदों, अधिकारों और शक्तियों में बड़ा अंतर है। दोनों को एक पलड़े पर नहीं रखा जा सकता। राष्ट्रपति देश के प्रथम नागरिक हैं। राष्ट्रपति निर्वाचित होते हैं। जबकि राज्यपाल मनोनीत होते हैं। इसलिए विधानसभा या विधानसभा के किसी केंद्र या कक्ष का उद्घाटन राज्यपाल न करें तो उससे फर्क नहीं पड़ता। मगर राष्ट्रपति की जगह प्रधानमंत्री से संसद भवन का उद्घाटन करवाया जाए, इससे देश की संवैधानिक व्यवस्था पर फर्क पड़ता है।

# जो गीत दिलों में क़त्ल हुए हर गीत का बदला मांगेंगे



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

**आखिर क्यों ये सरकार देश के भीतर अक्सर देशवासियों से ही उलझती और भिड़ती देखी जाती है। शाहीन बाग, किसान आंदोलन और अब जंतर-मंतर पर एक महीने से न्याय मांग रही इन लड़कियों की शिकायत पर क्यों कोई कार्रवाई नहीं हो रही है? क्या केंद्र यही चाहता है कि ये लड़कियां हताश होकर अपनी अंधेरी और अत्याचार की दुनिया में लौट जाएं और फिर कोई बच्ची पहलवानी का जुनून लेकर अपने गांव से न चले?**

अच्छा है कि ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'बॉस' कहा और यह भी अच्छा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उनसे ऑटोग्राफ लेने की ख़्वाहिश की। कोई उनके पैर छूने को ही लालायित है। सच तो यह है कि भारत की जनता भी उनसे कुछ उम्मीद रखती है। उन्हें यही कहना चाहती है या शायद कहती भी रही है लेकिन अक्सर देखा जाता है कि वे सरकार में मिलकर जनता के हित साधने में चूक कर जाते हैं। किसी भी लोकतंत्र में सरकार के मायने क्या होते हैं? यही कि उसके फैसलों से उसके नागरिकों की जिंदगी आसान हो, उनकी तकलीफ़ों की सुनवाई हो, वे सुरक्षित हों लेकिन क्या ऐसा है? तो फिर जंतर-मंतर पर देश के लिए मैडल लाने वाली पहलवानों की तकलीफ पर कोई क्यों कान नहीं धरता? दिल्ली पर जनता के विरुद्ध क्यों अध्यादेश आता है? और मणिपुर में 75 लोगों के प्राण जाने के बाद हिंसा का दोबारा भड़कना क्यों होता है? क्यों ऐसा होता है कि केंद्र की सरकार जिसका 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' में गहरा यकीन है वह महिला पहलवानों की पीड़ा को यूं अनदेखा कर देता है? 'सबका साथ सबका विकास' कहते-कहते मणिपुर में क्यों ऐसा फैसला लिया कि वह हिंसा की आग में जलने लगा? 'न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन' का भी नारा तो दिया लेकिन दिल्ली राज्य पर अपनी सरकार का कब्ज़ा सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद क्यों नहीं हटाया?

विदेशों में बसे भारतीय अपने मेहमान प्रधानमंत्री के लिए पलकें बिछाए हुए रहते हैं। यह स्वाभाविक भी है और फिर भाजपा ने इसे बड़े इवेंट्स में तब्दील करने में कोई कसर भी नहीं छोड़ी है। खूब खर्च किया जाता है और फिर भारतीय मीडिया इसे दिखा-दिखाकर जनता के बीच अच्छी छवि गढ़ने के काम में जुट जाता है। अभी हाल ही में एनडीटीवी की एक पत्रकार पर ऐसा ही दबाव था जिसके चलते उन्हें इस्तीफ़ा देना पड़ा। बेशक, नेता का सम्मान होता है क्योंकि उसका देश उसे यह शक्ति देता है। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का भी होता था और डॉक्टर मनमोहन सिंह का भी, जिनके लिए तो अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने यहां तक कहा था कि 'उनका होना दुनिया के लिए फख्र की बात है। लिहाजा उनका पूरा ध्यान रखा जाए।' यह सब अच्छा लगता है, लेकिन बात फिर वहीं लौटती है कि देश की जनता को क्यों भुला दिया जाता है। मुल्क में इन दिनों जो निर्णय लिए गए हैं उन पर भी गौर करने की जरूरत है, विचार की ज़रूरत है, बहस की ज़रूरत है। विदेश के लाल और खूबसूरत कालीन के नीचे इन फैसलों के कागजात दब नहीं जाने चाहिए। जंतर-मंतर पर पहलवानों का धरना, मणिपुर का धधकना, दिल्ली का अध्यादेश ऐसे तीन मुद्दे हैं जो देश में इस समय सुलग रहे हैं।

सितंबर में एशियाई खेल होने हैं। धरने पर बैठी विनेश फोगाट खुद 2018 में एशियाड में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। इस बार भी पहलवानों को तैयारी करनी है लेकिन वे आत्मसम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई लड़ रही हैं। मैट पर अपने विरोधी खिलाड़ी से दो-दो हाथ करने की बजाय उन्हें सरकार से लड़ना पड़ रहा है। विनेश फोगाट अपने एक लेख में लिखती हैं-'सच है कि हमें देश के लिए और मेडल लेने हैं लेकिन ये लड़ाई बड़ी है। उन पदकों का गले में होने का क्या मान जब आप अपने लिए ही न्याय की लड़ाई नहीं लड़ सकते।' दिन ढलते ही मच्छरों का हमला होता है और सड़कों पर दौड़ने वाले कुत्ते आसपास आ जाते हैं। सबसे बड़ी समस्या होती है साफ टॉयलेट्स की। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह के ख़िलाफ़ सात पहलवानों ने, जिनमें से एक नाबालिग भी है, अपनी एफआईआर में कहा है कि इन्होंने उनका यौन शौषण किया है, उन्हें प्रताड़ित किया है। ये खिलाड़ी खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से भी बहुत निराश हैं। सबने उन्हें अपने साथ हुई ज्यादतियों की घटनाएं सुनाई लेकिन बाद में फिर उन्होंने सबूत की बात कह डाली जबकि भारतीय दंड विधान आईपीसी केवल पीड़िता के बयान को बहुत महत्वपूर्ण मानता है।

आखिर क्यों ख़ामोश हैं वे लोग जो कहते हैं कि इन खिलाड़ियों के जीतने पर जब भारत का झंडा लहराता है तो उनके शरीर में सिहरन दौड़ जाती हैं और आंखें अनायास बहने लगती हैं। अब जब ये पहलवान लड़कियां खुद पर हुए अन्याय की बात करती हैं तब क्यों किसी के रोंगटे नहीं खड़े होते? देश के गौरव के लिए दिन-रात पसीना बहाने वाली इन खिलाड़ियों के आंसू क्यों किसी को नहीं दिखाई दे रहे? बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे की यही हकीकत है? आखिर क्यों ये सरकार देश के भीतर अक्सर देशवासियों से ही उलझती और भिड़ती देखी जाती है। शाहीन बाग, किसान आंदोलन और अब जंतर-मंतर पर एक महीने से न्याय मांग रही इन लड़कियों की शिकायत पर क्यों कोई कार्रवाई नहीं हो रही है? क्या केंद्र यही चाहता है कि ये लड़कियां हताश होकर अपनी अंधेरी और अत्याचार की दुनिया में लौट जाएं और फिर कोई बच्ची पहलवानी का जुनून लेकर अपने गांव से न चले? जो ऐसा नहीं है तो अब तक न आरोपी का इस्तीफा ही लिया गया न यह कहा गया कि वह बेगुनाह है।

जिस दूसरे मसले ने देश को हैरान किया और तकलीफ पहुंचाई वह सात बहनें कहे जाने वाले उत्तर पूर्व के 7 राज्यों में से एक मणिपुर से जुड़ी है। मार्च, 2022 में ही भारतीय जनता पार्टी ने वहां लगातार दूसरी बार सरकार बनाई थी। 60 में से 37 विधायक भाजपा के ही हैं। लंबे समय से डबल इंजन की सरकार है लेकिन फिर क्यों मणिपुर हिंसक आग में जलने लगा? मिज़ोरम, असम, नगालैंड और म्यांमार से घिरा हुआ मणिपुर बेहद खूबसूरत प्रदेश तो है ही, देश को बड़ी प्रतिभाओं से भी रूबरू कराता आया है। बॉक्सर मेरी कोम, डिंको सिंह, वेटलिफ्टर मीराबाई चानू, कुंजू रानी जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के प्रदेश में कुछ ठीक नहीं है। एक्टिविस्ट इरोम शर्मीला, जिन्हें देश 'आयरन लेडी' के नाम से जानता है, उन्होंने एक कानून के खिलाफ 16 साल तक अपना अनशन जारी रखा था उस प्रदेश को सेना के हवाले करना पड़ा है। बेहतरीन शेफ और कलाकार मणिपुर की बड़ी पहचान बन रहे थे कि प्रदेश में माहौल बिगड़ गया। भारत सरकार को इसकी चिंता होनी चाहिए क्योंकि सीमावर्ती इलाकों में जहां चीन जैसा दुश्मन अपनी गिद्ध दृष्टि डाले हुए है वहां के लिए सरकार यूं अनजान कैसे रह सकती है?


मार्च 2023 में मणिपुर उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से कहा था कि वह राज्य की आबादी में 53 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले मैतई समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के लिए चार हफ्तों में केंद्र को सिफारिश भेजे। इसके बाद आदिवासी स्टूडेंट यूनियन का बड़ा प्रदर्शन हुआ। हालात इतने हिंसक हो जाएंगे, इसका आभास सरकार को होना चाहिए था क्योंकि 75 से ज़्यादा जानें जा चुकी हैं। तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव का कहना है कि पूर्वोत्तर बहुत संवेदनशील क्षेत्र है जहां विभिन्न जातीय समुदायों के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। चुनाव जीतना और सुशासन दो अलग-अलग पहलू हैं। सांसद का आरोप था कि भाजपा पूर्वोत्तर के डीएनए को नहीं समझती है जबकि मोदी का नारा था कि पूर्वोत्तर अष्टलक्ष्मी है, उसे भाजपा के कमल की ज़रूरत है।

तीसरा मसला दिल्ली का है जहां केंद्र की सरकार एक चुनी हुई सरकार के हक़ लेने पर तुली हुई है। सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले को, जिसमें दिल्ली सरकार को अपने अधिकारियों को चुनने, बदलने का हक़ होगा उसे एक अध्यादेश से पलट दिया है। क्या भाजपा को यही लगता है कि ऐसा कभी नहीं होगा कि उनकी पार्टी की भी दिल्ली राज्य में सरकार होगी और कभी केंद्र में उनकी सरकार नहीं भी होगी। क्या तब भी वे दिल्ली की चुनी हुई सरकार को उसके बुनियादी हक़ देने में इतने ही अनुदार होंगे? ऐसा तो कोई तानाशाह ही सोच सकता है। ऐसे अध्यादेश सरकार के नहीं नागरिक के हक़ छीनते हैं। वह अध्यादेश ही था जिसने इंदौर की शाहबानो को गुज़ारा भत्ता देने से इंकार कर दिया था। तलाक के बाद अदालत ने उनके शौहर को गुज़ारा भत्ता देने के लिए कहा था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने भी अध्यादेश थमा दिया। शायद जनता के लिए अभी भी अच्छा वक्त आया नहीं है। शायर फैज़ अहमद फैज़ ने लिखा है-

जो खून बहा जो बाग़ उजड़े जो गीत दिलों में क़त्ल हुए।
हर कतरे का हर गुंचे का हर गीत का बदला मांगेंगे।।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# सहनशीलता के आलोक में पंडित नेहरू और संघ परिवार



एल एस हरदेनिया

**नेहरू जी से संबंधित ये दोनों घटनाएं यह बताती हैं कि सहिष्णुता क्या होती है। इस समय सत्ताधारी पार्टी यह दावा कर रही है कि देश में सहिष्णुता का वातावरण है। मेरी राय में इससे बड़ा झूठ कुछ नहीं हो सकता। सच यह है कि भाजपा और संघ के नेता जो कह रहे हैं और जिस भाषा का उपयोग कर रहे हैं, उसे कोई भी सहन नहीं कर सकता।**

केन्द्र में वर्तमान सत्ताधारी दल भाजपा और उसके प्रधानमंत्री को जरा सी भी आलोचना सहन नहीं है। वे आलोचना करने वाले कई पत्रकारों और विपक्षी नेताओं से बदला लेने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। यहां तक कि उन्हें झूठे-सच्चे आरोप लगाकर गिरफ्तार करने और कई महीनों तक कैद रखने के बहुत से मामले हमने देखे हैं। इस पृष्ठभूमि में नेहरू जी की पुण्यतिथि (27 मई) के अवसर पर यह देखना प्रासंगिक होगा कि नेहरू जी का उनकी आलोचना करने वालों के प्रति क्या रवैया रहता था और वर्तमान शासक दल का क्या रवैया रहता है।

लोकसभा में चीनी हमले पर बहस हो रही थी। बहस में भाग लेते हुए समाजवादी सदस्य हेम बरूआ ने नेहरू जी को गद्दार कह दिया। नेहरू जी स्वयं सदन में बैठे थे। लोकसभा के भोजनावकाश के दौरान नेहरू ने हेम बरूआ को बुलवाया। नेहरू जी ने उन्हें काफी पिलवाई, उनके भाषण की प्रशंसा की और आने के लिये धन्यवाद कहकर उन्हें विदा किया।

इसी तरह, लोकसभा में एक समाचारपत्र के विरूद्ध प्रस्तुत अवमानना के प्रस्ताव पर बहस चल रही थी। समाचारपत्र ने तत्कालीन स्पीकर सरदार हुकुम सिंह के विरूद्ध एक अपमानजनक टिप्पणी की थी। टिप्पणी लगभग बेबुनियाद थी इसलिए इसकी लोकसभा में रोषपूर्ण प्रतिक्रिया हुई। अनेक सदस्यों ने मांग की कि संबंधित समाचारपत्र के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। बहस में हस्तक्षेप करते हुए नेहरू जी ने कहा कि अखबार के संपादक के विरूद्ध काफी कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस पर सदन में तालियां बजीं परंतु कुछ क्षणों के बाद, ऊंची आवाज़ में नेहरू ने कहा कि मेरी राय में इस समाचारपत्र की उपेक्षा की जाए, उसकी टिप्पणी को पूरी तरह से नज़रअंदाज़ किया जाए। मेरी राय में यही सबसे कड़ी कार्रवाई होगी।

27 मई, 1964 को नेहरू जी की मृत्यु हुई। नेहरू जी की मृत्यु के बाद हेम बरूआ ने एक लेख लिखा। लेख में उन्होंने कहा कि नेहरू के पार्थिव शरीर का मैंने तीन बार चरण स्पर्श किया। पहली बार मैंने आज़ादी के आंदोलन के हीरो के रूप में उन्हें सलाम किया, दूसरी बार एक महान प्रधानमंत्री के रूप में मैंने उन्हें याद किया और तीसरी बार मैंने उन्हें गद्दार कहने के अपने गंभीर अपराध के लिए क्षमा मांगी।

नेहरू जी से संबंधित ये दोनों घटनाएं यह बताती हैं कि सहिष्णुता क्या होती है। इस समय सत्ताधारी पार्टी यह दावा कर रही है कि देश में सहिष्णुता का वातावरण है। मेरी राय में इससे बड़ा झूठ कुछ नहीं हो सकता। सच यह है कि भाजपा और संघ के नेता जो कह रहे हैं और जिस भाषा का उपयोग कर रहे हैं, उसे कोई भी सहन नहीं कर सकता। हमें याद है कि बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि यदि राज्य में भाजपा हारेगी तो पाकिस्तान में पटाखे चलेंगे। अमित शाह ने ऐसा कहकर पूरे बिहार का अपमान किया था। बिहार ने उनके द्वारा किए गए इस अपमान का बदला भाजपा को हराकर लिया। यदि ऐसी भाषा में भाजपा के बारे में बोला जाता तो उसके नेता आसमान सिर पर उठा लेते। सच पूछा जाए तो संघ परिवार की यह फितरत है कि यदि वह किसी के बारे में कुछ भी कहे तो उसे सहा जाए परंतु यदि कोई उसके विरूद्ध कोई कुछ कहता है, तो वह उसे कदापि सहन नहीं करता। संघ परिवार की एक और आदत यह है कि यदि कोई उसके किसी विचार या नेता की आलोचना करता है तो वे उसे तुरंत पाकिस्तान चले जाने की सलाह देता है। जैसे जब शाहरूख खान और आमिर खान ने कुछ ऐसी बातें कहीं जो संघ परिवार को पसंद नहीं आईं तो उसकी ओर से आदेश दे दिया गया कि दोनों पाकिस्तान चले जाएं।

सच बात यह है कि जब से दिल्ली में एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली है तब से ही पूरे देश में घृणा का वातावरण निर्मित हो गया है। इसका कारण यह है कि भारतीय जनता पार्टी के अनेक नेता, जिनमें कुछ केन्द्रीय मंत्री शामिल हैं, ऐसी बातें कहने लगे हैं जो एक प्रजातांत्रिक समाज में नहीं कही जानी चाहिए। इससे बड़ी चिंता की बात यह है कि भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने ऐसे गैर-ज़िम्मेदार नेताओं को दंडित करना तो दूर, उन्हें फटकारा तक नहीं।

असल बात यह है कि संघ परिवार के अंदर भी उसके सदस्यों को बोलने की आज़ादी नहीं है। बुनियादी रूप से संघ एक फासिस्ट संगठन है। इस संगठन में उसी तरह की परंपरा है जैसी सेना में रहती है। जब संघ का कोई कार्यक्रम होता है तो स्वयंसेवकों को दो आदेश दिए जाते हैं-पहला शांति बनाए रखिए और दूसरा ताली मत बजाइए।

किसी के भाषण के दौरान ताली उस समय बजाई जाती है जब हमें वक्ता की कोई बात अच्छी लगती है। तालियां बजाना मन की भावना प्रकट करने का माध्यम है। परंतु लगता है कि संघ में अपनी प्रसन्नता जाहिर करने पर भी प्रतिबंध है। संघ यह मानता है कि चूंकि अब हम सत्ता में हैं इसलिए पूरा देश संघ की शाखा बन गया है और वहां वही अनुशासन होना चाहिए, जो संघ की शाखा में रहता है।

लगता है कि संघ यह भूल गया है कि भारत वह देश है जहां गांधी और नेहरू ने जन्म लिया था, जिन्होंने आज़ाद भारत की नींव रखी और सभी नागरिकों को वाणी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी। हम एक प्रजातांत्रिक देश हैं और प्रजातंत्र की सबसे बड़ी शर्त वाणी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है।

यदि इन स्वतंत्रताओं को सीमित कर दिया जाता है तो उससे प्रजातंत्र की नींव कमज़ोर होती है। प्रजातंत्र का अर्थ केवल चुनाव नहीं है। चुनाव, प्रजातंत्र का एक हिस्सा भर हैं। बोलने-लिखने की आज़ादी प्रजातंत्र में अपरिहार्य है। नेहरू जी ने वास्तविक प्रजातंत्र की नींव रखी थी। आज की सत्ताधारी पार्टी, नेहरू की स्मृति के साथ-साथ उनके द्वारा स्थापित हमारे प्रजातांत्रिक समाज को भी नष्ट करना चाहती है।

## पावन प्रसंग

### सर्वोपरि है कर्म की महत्ता

यह सत्य है कि मनुष्य परमात्मा के द्वारा सृजित इस सुंदर सृष्टि का सर्वश्रेष्ठ प्राणी है, पर सत्य यह भी है कि उसकी श्रेष्ठता प्रकट तभी होती है जब वह श्रेष्ठ कर्म करता है। जब वह अच्छे कर्म करता है। एक ओर अपने सांसारिक कर्मों से वह भौतिक प्रगति के सर्वोच्च सोपान को पा सकता है तो वहीं दूसरी ओर अपने आध्यात्मिक कर्मों से वह अपनी चेतना के सर्वोच्च शिखर को छूकर आध्यात्मिकता के शिखर तक पहुंचकर अपने जीवन के सर्वोच्च लक्ष्य, परम लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकता है। इसे प्राप्त कर वह सचमुच शाश्वत सुख व परम आनंद की प्राप्ति कर सकता है। वह भौतिक, आध्यात्मिक दोनों सुखों की प्राप्ति क सकता है। अस्तु यह स्पष्ट है कि भौतिकता की चरम उपलब्धि करनी हो या आध्यात्मिकता की परम उपलब्धि कर परम आनंद की प्राप्ति करनी हो-तो दोनों के मूल में कर्म ही है। इसलिए कर्म ही जीवन का सार है। मनुष्य की मृत्यु के बाद उसका कर्म ही शेष रह जाता है। वह जीवनपर्यन्त अपने अच्छे -बुरे कर्म के कारण ही जाना जाता है और सुख-दुख प्राप्त करता है और मरने के बाद भी अपने जीवन में किए गए कर्मों के आधार पर ही नूतन जीवन पाता है या परमगति को प्राप्त करता है।

अब तक मानवीय सभ्यता का जो विकास हो सकता है, वह मनुष्य के द्वारा किए गए कार्यों का ही परिणाम है। आज दुनिया में शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, कृषि, अंतरिक्ष, विज्ञान, सूचना, संचार तकनीक आदि के क्षेत्र में जो क्रांति, प्रगति दिखाई पड़ रही है, वह मनुष्य के द्वारा किए गए आविष्कारों व प्रयासों का ही परिणाम है। कर्मशील बनकर ही मनुष्य ने चंद्रग्रह, मंगल ग्रह तक अपनी पहुंच बनाई है। इस संसार में शिक्षा, चिकित्सा, अंतरिक्ष, उद्योग, खेल, व्यवसाय फिल्म, राजनीति, साहित्य, विज्ञान, अध्यात्म आदि विभिन्न क्षेत्रों में जिन लोगों ने भी सफलता पाई है या सफलता के सर्वोच्च शिखर को छुआ है- उसे उन्होंने अपने कार्यों के बल पर ही किया है।

जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल या असफल होना हमारे कर्मों के ऊपर ही निर्भर करता है। कर्म से ही व्यक्ति के जीवन की दिशा व दशा तय होती है। सत्प्रयास, सत्कार्य, गलत कर्म, बुरे कर्म करने से मनुष्य का पतन होता है।

कर्मशील व्यक्ति के लिए इस संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं है तो वहीं कर्महीन, निष्क्रिय व्यक्ति के लिए इस संसार में कुछ भी सुलभ नहीं है। कर्मशील व्यक्ति का जीवन सुख, समृद्धि, धन, ऐश्वर्य, यश व आनंद से भर जाता है। निष्क्रिय व्यक्ति का जीवन दुख, दारिद्रय, कष्ट कलेश व अभावों से भर जाता है।

यदि हम जीवन में भौतिक या आध्यात्मिक उत्थान चाहते हैं तो हमें कर्मशील रहना ही होगा। यदि हम जीवन में सुख, समृद्धि, सफलता शांति व आनंद पाना चाहते हैं तो हमें सदैव कर्मशील होना चाहिए। कर्मशीलता का दूसरा नाम ही जीवन है और अकर्मण्यता व निष्क्रियता का दूसरा नाम मृत्यु है। अकर्मण्य व्यक्ति के लिए तो शरीर का निर्वाह कर पाना भी संभव नहीं होता।

अस्तु इस जीवन में कर्म की महत्ता सर्वोपरि है, सर्वविविदत है। इसलिए भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा है कि मेरे लिए कोई कर्म करना शेष नहीं, पर फिर भी मैं करता हूं। अत: मनुष्य को भी कर्मशील रहना चाहिए। प्रकृति भी सदैव क्रियाशील होकर हमें क्रियाशील होने की प्रेरणा दे रही है। पृथ्वी गतिशील है, सरिताएं सदैव प्रवाहमान हैं। समुद्र में लहरें उठती ही रहती हैं, सूर्य जगत को प्रकाशित करने में संलग्न है। गगनमंडल में चंद्रमा भी प्रकाशित है-सितारे भी टूटते-बिखरते रहते हैं।

अत: हमें भी गतिशील होना चाहिए क्रियाशील होना चाहिए।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### किसान की उन्नति देश की उन्नति

सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी, कुपोषण और साक्षरता बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब इंसान झेलता है। प्राचीन काल से ही की उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख दर्द हटाने के उचित उपाय करने को माना गया है। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए। इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता के हित सर्वोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने के मुहिम जोर शोर से चलने लगे, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है।

जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट्र माना जाता है। पर इसे देखकर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है कि यह एक ऐसा देश है जिसके पास में पर्याप्त प्राकृतिक साधन है न ही सुरक्षित निवास स्थान फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश ना जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है, इसके बावजूद जापान सफल समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है, निस्संदेह इसके पीछे विज्ञान तकनीकी का वृहद तथा व्यापक प्रयोग ही है। दूसरी तरफ एशिया, अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, वे आज भी गरीबी पिछड़ापन को नहीं हटा पाए इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है। विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है। गरीबी का सबसे भयानक रूप भुखमरी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है किंतु अब विज्ञान के प्रयोग से काफी कम हो चुकी है। भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 135 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है। भारत ने कृषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर-तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवॉल्यूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न का भंडार भारतीय जनमानस के लिए उपलब्ध है। यह निस्संदेह वैज्ञानिक तकनीक और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है, जो हमारे लिए गौरव का विषय भी है। इसी तरह मानव के विकास की अहम आवश्यकता शिक्षा और कौशल तकनीक भी गरीबी निवारण के लिए अपरिहार्य बन गई है। यहां भी वैज्ञानिक तरीकों से लॉजिकल पाठ्यक्रम ऑनलाइन पढ़ाई आदि से गरीबी के कई आधार स्तंभ हटाए गए हैं। विज्ञान आधारित विकास से अब समाज में उद्योग सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां तथा रोजगार के अनेक अवसर पैदा हो रहे हैं।

**संजीव ठाकुर**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव,
(पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## पनामा-कोलंबिया सीमा क्षेत्र में लगे भूकंप के तेज झटके

**पानामा**। पनामा-कोलंबिया सीमा क्षेत्र में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.6 मापी गई। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप का केंद्र सतह से 10.0 किमी की गहराई और 8.88 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 77.12 डिग्री पश्चिम देशांतर पर स्थित था। अभी तक भूकंप से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई जानकारी नहीं मिली है।

# अघोषित मार्शल लॉ के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे इमरान

**इस्लामाबाद,** 25 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख इमरान खान ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है। जिसमें उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से देश के कुछ हिस्सों में अघोषित मार्शल लॉ और उनकी पार्टी पर चल रही आक्रामक कार्रवाई पर ध्यान देने का आग्रह किया है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, इमरान खान ने अपने वकील हामिद खान के माध्यम से संविधान के अनुच्छेद 245 के तहत शीर्ष अदालत से संघीय राजधानी क्षेत्र, पंजाब, बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में सशस्त्र बलों की मदद के सरकार के फैसले की जांच करने का अनुरोध किया है। याचिका में कहा गया है कि उस शक्ति के प्रयोग के लिए किसी ठोस कारण के अभाव में संघीय कैबिनेट द्वारा इस शक्ति का निर्धारित अभ्यास स्पष्ट रूप से मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।



उनकी पार्टी पर चल रही आक्रामक कार्रवाई पर ध्यान देने का किया आग्रह

इमरान खान ने 9 मई को अपनी गिरफ्तारी और उसके बाद की घटनाओं की जांच के लिए एक शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के नेतृत्व में एक आयोग नियुक्त करने के लिए अदालत से भी गुहार लगाई।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, विशेष रूप से 16 उपद्रवियों के खिलाफ मामलों की सुनवाई सैन्य अदालतों द्वारा की जानी है, जो पूर्व प्रधानमंत्री की गिरफ्तारी के बाद कथित रूप से सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने और शहीदों के स्मारकों का अपमान करने में शामिल थे।

## इमरान ने सहयोगियों के साथ मिलकर बनाई थी दंगों की 'योजना'



**लाहौर**। इमरान खान और उनके करीबी सहयोगियों ने 9 मई को पाकिस्तान के पूर्व प्रधान मंत्री की गिरफ्तारी के बाद कथित रूप से लाहौर कॉर्प्स कमांडर के आवास और अन्य इमारतों पर धावा बोलने के प्रयासों का समन्वय किया। पंजाब प्रांत की पुलिस ने जियो-फेंसिंग रिपोर्ट का हवाला देते हुए यह दावा किया है। पुलिस ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा लाहौर कैंट में सैन्य अधिकारी के आवास और अन्य संवेदनशील सार्वजनिक भवनों की ओर जाने के लिए कथित रूप से पार्टी कार्यकर्ताओं को उकसाने के लिए किए गए 400 से अधिक कॉल का पता लगाया।

# पाकिस्तान राष्ट्रीय विकास के लिए एआई को देगा बढ़ावा

**इस्लामाबाद,** 25 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के सूचना प्रौद्योगिकी एवं दूरसंचार मंत्री, सैयद अमीन उल हक ने कहा कि समय की मांग है कि राष्ट्रीय विकास के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग और बढ़ावा दिया जाए।

मंत्री ने बुधवार को एआई पर आयोजित एक आधिकारिक बैठक में कहा कि पाकिस्तान को डिजिटल दुनिया के साथ आगे बढ़ने के लिए कई क्षेत्रों में प्रगति करनी होगी, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में। श्री हक ने कहा कि देश में एआई को प्रोत्साहित करने के लिए सभी कोशिश की जा रही है। मौजूदा सरकार आने वाले दिनों में अपनी पहली राष्ट्रीय एआई नीति की शुरुआत करने जा रही है। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं दूरसंचार मंत्रालय उद्योगों, शिक्षाविदों और एआई विशेषज्ञों को शामिल कर एक नीति समिति का गठन करेगा, जो एआई के संबंध में विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए प्रस्ताव देगा।



■ देश में एआई को प्रोत्साहित करने के लिए की जा रही हैं सभी कोशिशे

शिक्षाविदों के सहयोग से अगले पांच वर्षों में एक लाख स्नातकों को एआई प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एआई नीति डेटा की सुरक्षा के लिए मददगार साबित होगी और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में चुनौतियों से निपटने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है। पाक मंत्री ने कहा कि सरकार विदेशी एवं स्थानीय निवेशकों दोनों को एआई क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करेगी और रेखांकित किया कि आधुनिक प्रौद्योगिकी स्थानीय उद्योगों के विकास में भी सहायक होगी।

## सुडोकू 6206

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | 4 | | |
| | | 9 | | 2 | 8 | 1 | | |
| | | | | 4 | | | 9 | |
| | 3 | | | | | | | 7 |
| 4 | | | 3 | | 5 | | | 9 |
| 6 | | | | | | | 4 | |
| | 9 | | | 8 | | | | |
| | | 5 | 7 | 3 | | 6 | | |
| | | 6 | 1 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

ASTROLOGY.FM
FOR ASTROLOGY DIAL 55181*
■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 26 मई , 2023 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 5**

### राशिफल

मेष -आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। किसी व्यक्ति का कठोर व्यवहार आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है। तन-मन में अस्वस्थता और भय का अनुभव होगा। मां की तबीयत खराब होने से आपको चिंता रह सकती है।

वृषभ -शारीरिक तथा मानसिक रूप से अच्छा अनुभव करेंगे। आनंद का अनुभव होगा। रिश्तेदारों तथा पारिवारिक काम में आपको लाभ होगा। मित्रों के साथ घूमने जाएंगे। वित्तीय मामलों में ध्यान देना पड़ सकता है।

मिथुन -आपके निर्धारित काम पूरे होने में विलंब होगा। वित्तीय योजनाएं अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए दिन मध्यम रहेगा। मित्रों और प्रियजनों से मिलकर खुशी अनुभव करेंगे।

कर्क -आज आप बहुत इमोशनल रहने वाले हैं। मित्रों, परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ किसी गहरी चर्चा में उतर सकते हैं। घूमने- फिरने और स्वादिष्ट भोजन करने का अवसर मिलेगा। शुभ प्रसंग में उपस्थित हो सकेंगे।

सिंह -मन में अस्थिरता और भावना की दुर्बलता के कारण आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। गलत वाद-विवाद या चर्चाओं में न पड़ें। कानूनी मामलों में सावधानी रखें। वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखें। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा।

कन्या -आज आप अनेक तरह के लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आपके व्यापार और आय में वृद्धि होगी। नौकरी में भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मित्रों के साथ रमणीय स्थल पर घूमने जाने की संभावना है। मित्रों से लाभ होने की संभावना है।

तुला -आपके परिवार में खुशी और उत्साह का वातावरण रहेगा। नौकरी और ऑफिस में पदोन्नति होने तथा आय में वृद्धि होने की संभावना बनी रहेगी। माता से आर्थिक लाभ होगा। आप घर की सजावट का काम शुरू करेंगे।

वृश्चिक -आज आप नकारात्मक विचारों में रह सकते हैं। भय का अनुभव होगा, थकान लगेगी, स्फूर्ति का अभाव महसूस होगा। नौकरी या व्यवसाय में कठिनाई हो सकती है। अधिकारी के साथ वाद-विवाद ना करें।

धनु -आप वाणी पर नियंत्रण नहीं रखेंगे, तो किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। आज मन किसी चिंता में रहेगा। खर्च होने की संभावना है।

मकर -आपको काम की चिंता रहेगी। सगे- सम्बंधियों के साथ दिन मौज-मस्ती में दिन व्यतीत होगा। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने-फिरने का आनंद ले पाएंगे। सुखी दांपत्यजीवन गुजार सकेंगे। आपके व्यापार में वृद्धि हो सकेगी।

कुंभ -आप जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-जोल बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव करेंगे। नौकरी में सहकर्मियों का सहयोग मिलता रहेगा।

मीन -आज काल्पनिक दुनिया में विहार करना आपको पसंद आएगा। लेखन और साहित्य के क्षेत्र में अपनी रचनात्मकता प्रदर्शन कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**


## उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में पोलियो टीम पर गोलीबारी में तीन पुलिसकर्मी घायल

**इस्लामाबाद,** 25 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुवार को गोलीबारी हुयी जिसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। खैबर पुलिस ने एक बयान में कहा कि प्रांत के खैबर जिले में बच्चों को पोलियो का टीका लगाने के लिए डोर-टू-डोर अभियान के दौरान पोलियो कार्यकर्ताओं की सुरक्षा में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था तब अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा पुलिस कर्मियों पर हमला किया गया।

हमले में पोलियो टीम सुरक्षित रही और क्षेत्र में बच्चों को टीका लगाने का अभियान अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। घायल पुलिसकर्मियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि भागे हुए आतंकवादियों की गिरफ्तारी के लिए इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पांच साल से कम उम्र के 3.5 मिलियन से अधिक बच्चों को टीके लगाने के उद्देश्य से प्रांत के 12 जिलों में पांच दिवसीय पोलियो रोधी अभियान सोमवार को शुरू हुआ। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी 2021 से पाकिस्तान में रिपोर्ट किए गए सभी नए पोलियो मामले खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिणी भाग में सात पोलियो-स्थानिक जिलों से हैं।

# उ. कोरिया के मिसाइल प्रक्षेपण से रूस को कोई खतरा नहीं : मात्सेगोरा

**प्योंगयांग,** 25 मई (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया में रूसी राजदूत अलेक्जेंडर मात्सेगोरा ने कहा कि प्योंगयांग के मिसाइल प्रक्षेपण से रूस के सदूर पूर्व क्षेत्रों को कोई खतरा नहीं है। उत्तर कोरिया में रूसी राजदूत मात्सेगोरा ने एक साक्षात्कार में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक एवं क्रूज मिसाइलों का लगभग एक पूरा सेट विकसित किया है और कई परीक्षण किये हैं, लेकिन उनमें से किसी ने भी हमारे सुदूर पूर्वी क्षेत्रों के लिए कोई खतरा उत्पन्न नहीं किया है।



रूसी राजदूत ने कहा कि कोरियाई पक्ष ने बार-बार कहा है कि वह इस सिद्धांत का सख्ती से पालन करता है और हमारे पास उत्तर कोरिया पर भरोसा न करने का कोई कारण भी नहीं है। गौरतलब है कि अप्रैल के मध्य में उत्तर कोरिया ने एक नए ह्वासोंग-18 ठोस ईंधन अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था, जिसे जापान सागर की ओर प्रक्षेपित किया गया था, जिसने लगभग 1,000 किलोमीटर (621 मील) की दूरी पर सटीक निशाना साधा था और यह मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरा था। यह उत्तर कोरिया द्वारा 2023 में 9वां बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण और क्रूज मिसाइलों के साथ 12वां परीक्षण था।

## रूस के सेवस्तोपोल में ड्रोन हमले को नाकाम किया : रजवोझायेव



**सेवस्तोपोल**। रूसी गवर्नर मिखाइल रजवोझायेव ने गुरुवार को कहा कि रूसी बंदरगाह शहर क्रीमिया के सेवस्तोपोल में पूरी रात नौसेना और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरणों ने ड्रोन हमले को नाकाम किया। गवर्नर रजवोझायेव ने आज सुबह टेलीग्राम पर कहा, आज तड़के हमारी सेना ने सेवस्तोपोल पर एक और ड्रोन हमले को विफल कर दिया। ब्लैक सी फ्लीट फोर्सेज ने छोटे हथियारों से एक शहरी बस्ती के पास दो यूएवी को मार गिराया।

# तमिलनाडु में सिंगापुर के पूर्व प्रधानमंत्री ली कुआन यू का स्मारक बनेगा

**सिंगापुर,** 25 मई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा है कि राज्य सरकार तिरुवरूर जिले के मन्नारगुडी में सिंगापुर के पूर्व प्रधानमंत्री ली कुआन यू के स्मारक का निर्माण करेगी। श्री स्टालिन राज्य में निवेश को आकर्षित करने के लिए सिंगापुर और जापान की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान कल रात सिंगापुर में तमिल समुदाय को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन सिंगापुर के गृह एवं कानून मंत्री के षणमुगम की उपस्थिति में सिंगापुर के तमिलों संघों ने किया। ली कुआन यू के स्मारक के निर्माण की घोषणा करते हुए, श्री स्टालिन ने कहा कि स्मारक में उनकी प्रतिमा से साथ एक पुस्तकालय भी बनेगा। श्री स्टालिन ने कहा कि सिंगापुर के पिता के नाम से प्रसिद्ध ली कुआन यू तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री सीएन अन्नादुरई से बहुत प्रभावित थे और उनके निधन पर उनके पिता एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की थी। प्रवासी तमिल युवाओं के लिए वेरकलाई थेडी (जड़ों का पता लगाना) योजना का उद्घाटन करते हुए, श्री स्टालिन ने कहा, मैं आपलोगों के साथ एक खुशी की खबर साझा करना चाहता हूं कि राज्य सरकार नें तमिलनाडु में स्वं ली कुआन यू का एक स्मारक बनाने का निर्णय लिया है जो कि राज्य के मन्नारगुडी में बनेगा। उन्होंने कहा कि सिंगापुर में रहने वाले अधिकांश तमिल लोग मन्नारगुडी और पट्टुकोट्टई से हैं।




■ तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने की घोषणा

## राजनयिक संबंधों को बहाल करेंगे सऊदी व कनाडा

**रियाद,** 25 मई (एजेंसियां)। सऊदी अरब और कनाडा अपने राजनयिक संबंधों को पुन: बहाल करने जा रहे हैं। इस संबंध में सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है, कनाडा के साथ राजनयिक संबंधों को पहले की तरह ही फिर से बहाल करने का फैसला किया गया है। बुधवार को, कनाडा के विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा कि दोनों देश ' नए राजदूतों की नियुक्ति' करेंगे और कनाडा के विदेश मंत्रालय के एक बयान में जीन-फिलिप लिंटेउ को राज्य में ओटावा के नए दूत के रूप में नामित किया जाएगा। सऊदी अरब ने राजदूत के लिए अपने चयन का कोई उल्लेख नहीं किया। कनाडा के विदेश मंत्रालय द्वारा घोषित यह फैसला, पिछले साल क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो के बीच बैंकॉक में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) फोरम के शिखर सम्मेलन के मौके पर बातचीत के बाद आया है। वर्ष 2018 में मानवाधिकारों को लेकर दोनों देशों के बीच हुए विवाद के बाद सऊदी अरब ने कनाड़ा के राजदूत को निष्कासित कर दिया था और उसके साथ व्यापार पर भी रोक लगा दी थी।

## वर्ग पहेली 6206



**बायें से दायें:-**

१. जो किसी चीज का दुख सुख उठा चुका हो. कृत भोग
३. घुड़सवार
५. नया और कोमल पत्ता, विस्तार
६. बेचैनी, छटपटाहट
७. संज्ञा शब्द के बदले प्रयुक्त होने वाला शब्द
९. भौंरा, मिलिंद
१०. पैसे की तकलीफ़
१२. जहां जाना या जिसे समझना आसान हो, आसान
१३. बालि-सुग्रीव के राज्य की राजधानी
१४. जलवायु (उर्दू)
१६. दया, कृपा (उर्दू)
१८. रुकना,अटकना, हठ करना
२०. सम्राट अशोक का राज्य
२१. हथेली से धीरे-धीरे ठोंकना या आघात करना, थपकी देना
२३. सरस, रसीला

**ऊपर से नीचे:-**

१. भोगना, सहना, बीताना, पूरा होना
२. खाने की वस्तु
३. मौका, समय
४.रुकावट डालना, मना करना, गति चाल बंद करना
५. पतित, गलत रास्ते पर चलने वाला
८. जिसकी बड़ी महिमा हो, राज्यपाल आदि के सम्मान में प्रयुक्त शब्द
१०. विचित्र, अनोखा, अद्भुत (उर्दू)
११. जलपान
१२. मरम्मत, दोष या खराबी दूर करने की क्रिया
१३. लकड़ी, शीशे आदि का पल्ला जिसका दरवाजा बंद किया जाता है
१४. हमला
१५. बलराम
१७. रोमांचक
१८. बेहद
१९. स्वामी, पति
२२. गर्व, अभिमान (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6205



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1739 – मुगल सम्राट मोहम्मद शाह और ईरान के नादिर शाह बीच हुए समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद अफगानिस्तान भारतीय साम्राज्य का हिस्सा नहीं रहा।
1822– नार्वे में चर्च में आग लगने से 122 लोगों की मौत।
1912– प्रसिद्ध क्रांतिकारी छगनराज चौपासनी वाला का जन्म।
1926= लेबनान ने संविधान अपनाया।
1937– दक्षिण भारतीय सिनेमा की मशहूर हास्य अभिनेत्री मनोरमा का जन्म।
1946– सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिज्ञ अरुणा रॉय का जन्म।
1950– ब्रिटेन में पेट्रोल खरीदने पर लगी सीमा को समाप्त किया गया।
1969= अपोलो 10 के अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी पर लौटे।
1983– बीजिंग ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार का जन्म।
1986– हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध कथाकार, गीतकार, समीक्षक और राजनेता श्रीकांत वर्मा का निधन।
1999 – इसरो ने भारत, जर्मनी और दक्षिण कोरिया के तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया।
2002– चीन का विमान समुद्र में गिरने से 225 लोगों की मौत।
2007– भारत और जर्मनी की बीच रक्षा समझौता संपन्न हुआ।
2008– उत्तर प्रदेश सरकार ने अनाज और खाद्य तेलों की स्टॉक सीमा तय करने के संबंध में अधिसूचना जारी की।
2014– नरेंद्र मोदी ने भारत के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
2017– पंजाब के बहुचर्चित पूर्व पुलिस महानिदेशक के. पी. एस. गिल का निधन।

**बयान** *शीर्ष अमेरिकी सैन्य पद के लिए नामांकित हैं जनरल चार्ल्स क्यू. ब्राउन*

# भारत के साथ मजबूत रक्षा संबंधों के हैं पक्षधर

**न्यूयॉर्क, 25 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इंडो-पैसिफिक के पूर्व नेता और भारत के साथ करीबी रक्षा संबंधों के पैरोकार जनरल चार्ल्स क्यू. ब्राउन को देश का शीर्ष सैन्य अधिकारी नामित किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से मीडिया में आई खबरों के मुताबिक बाइडेन वायुसेना प्रमुख ब्राउन को अगले ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के तौर पर नामित करने की औपचारिक घोषणा करने वाले हैं। ब्राउन, जिन्होंने इंडो-पैसिफिक कमांड के वायु सेना घटक के कमांडर के रूप में काम किया है, सीनेट द्वारा पुष्टि किए जाने पर देश के शीर्ष सैन्य अधिकारी बनने वाले दूसरे अफ्रीकी-अमेरिकी होंगे।**

पहली बार, पेंटागन का नेतृत्व अफ्रीकी-अमेरिकियों द्वारा किया जाएगा, लॉयड ऑस्टिन रक्षा सचिव के रूप में और ब्राउन सर्वोच्च-रैंकिंग अधिकारी के रूप में होंगे।

ब्राउन जनरल मार्क मिले का स्थान लेंगे, जो सैन्य शाखाओं की देखरेख करने वाले अधिकारी के रूप में चार साल के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वह ऐसे समय में सत्ता संभालेंगे, जब दुनिया यूक्रेन पर रूसी आक्रमण और चीन के साथ बढ़ते तनाव से परेशान है, जो ताइवान के साथ खतरे के स्तर को बढ़ा रहा है। ब्राउन ने बार-बार अमेरिका व भारत के रक्षा संबंधों के महत्व की बात कही है।

उन्होंने 2018 में कलाईकुंडा और पानागढ़ में कोप इंडिया 19 संयुक्त भारत-अमेरिका अभ्यास में भाग लिया था और भारतीय वायु सेना के मिराज 2000 में उड़ान भरी थी। उस समय, उन्होंने कहा था, एक प्रतिबद्ध भागीदार के रूप में क्षेत्र में शांति, समृद्धि और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए, हम समर्थन और दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास के लिए भारत के आभारी हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका-भारत की साझेदारी कभी भी मजबूत नहीं रही है, हमारे साझा मूल्य, सुरक्षा हित, आर्थिक संबंध और हमारे लोगों के बीच घनिष्ठ संबंध द्विपक्षीय रूप से और क्षेत्र में अन्य करीबी भागीदारों और सहयोगियों के साथ सहयोग के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करते हैं।



ब्राउन ने इंडो-पैसिफिक कमांड के वायु सेना घटक के कमांडर के रूप में काम किया

हम न केवल साझेदारी के आधार को मजबूत करना चाहते हैं, बल्कि इसे कुछ क्षेत्रों में अगले स्तर तक ले जाना चाहते हैं। न्यूयॉर्क में पत्रकारों के साथ एक बैठक में ब्राउन ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच संचार संगतता और सुरक्षा समझौता विशेष रूप से कुछ हवाई जहाज, हवाई पहलुओं पर हमारी जानकारी साझा करने के लिए दरवाजा खोलता है। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा रूसी सैन्य हार्डवेयर का उपयोग भारतीय और अमेरिकी वायु सेना के एक साथ काम करने में बाधा है, क्योंकि इंटरऑपरेबिलिटी केवल उपकरणों के बारे में नहीं है, बल्कि इसमें परिचालन रणनीति शामिल है

## दुनिया को जानें

# जर्मनी में आर्थिक मंदी, विकास दर शून्य से नीचे

**बर्लिन,** 25 मई (एजेंसियां)। महंगाई के दबाव में जर्मनी आर्थिक मंदी की चपेट में आ गया है। गुरुवार को प्रकाशित आधिकारिक आंकड़ों में इसकी जानकारी मिली है। जर्मनी के संघीय सांख्यिकीय कार्यालय के संशोधित आंकड़ों से पता चलता है कि साल की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर शून्य से 0.3 प्रतिशत नीचे रही। इससे पहले दिसंबर 2022 में समाप्त तिमाही में विकास दर शून्य से 0.5 प्रतिशत कम रही थी। तकनीकी रूप से लगातार दो तिमाहियों में विकास दर शून्य से नीचे रहने पर देश में आर्थिक मंदी मानी जाती है। अप्रैल में जारी प्रारंभिक अनुमानों में कहा गया था कि साल की पहली तिमाही में विकास दर शून्य पर रही है और यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी आर्थिक मंदी से बाल-बाल बच गया। लेकिन आज जारी संशोधित अनुमान में अर्थव्यवस्था में 0.3 प्रतिशत की गिरावट की बात सामने आई है। डच बैंक आईएनजी के कार्स्टन ब्रजेस्की ने कहा, इसमें कुछ सांख्यिकीय संशोधन हुए, लेकिन अंततः जर्मन अर्थव्यवस्था में इस सर्दी के मौसम में वही हुआ जिसका डर हमें पिछली गर्मियों से सता रहा था।

# प्रादेशिकी

## प्रदेश की जनता कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त हैः राठौड


अजमेर, 25 मई (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त है और वह कांग्रेस से राहत चाहती है। श्री राठौड ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 31 मई को प्रस्तावित अजमेर यात्रा के लिए जिले में जनसंपर्क के दौरान आज केकड़ी मे कहा कि कांग्रेस का यह राहत शिविर एक ढकोसला मात्र है जिसे जनता समझ रही है। श्री राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस राज को साढ़े चार साल तक जनता की याद नहीं आई और अब झूठी घोषणाएं कर खुश करने का जो असफल प्रयास कर रही है उस पर जनता उन्हें सबक सिखाएगी।

# हिमाचल सरकार ने चिकित्सकों को मिलने वाला एनपीए बंद कर दिया

### राज्य में स्वास्थ्य, पशु पालन, आयुर्वेद विभाग में भर्ती होने वाले चिकित्सकों को एनपीए का भुगतान नहीं होगा

**शिमला,** 25 मई (देशबन्धु)। हिमाचल सरकार ने चिकित्सकों को मिलने वाला एनपीए बंद कर दिया है। मंत्रिमंडल के फैसले के बाद वित्त विभाग ने एनपीए बंद करने की अधिसूचना जारी कर दी है। फैसले के मुताबिक भविष्य में राज्य में स्वास्थ्य, पशु पालन, आयुर्वेद विभाग में भर्ती होने वाले चिकित्सकों को एनपीए का भुगतान नहीं होगा। फैसले से डॉक्टरों को वित्तीय नुकसान होगा, मगर खजाने में हर साल बचत होगी। माना जा रहा है कि संसाधन जुटाने के मकसद से सरकार ने यह फैसला लिया है।

राज्य में स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ पशु पालन व आयूष विभाग में कार्यरत चिकित्सकों को नॉन प्रैक्टिस एलाउंस अर्थात एनपीए मिलता है। एनपीए लेने के बाद चिकित्सक निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस नहीं कर सकते। चिकित्सकों को पहले मूल वेतन का 25 फीसद एनपीए मिलता था, मगर छठे पंजाब वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू होने के बाद एनपीए को 20 फीसद किया गया है। चिकित्सकों को सालों से एनपीए का



- चिकित्सकों को पहले मूल वेतन का 25 फीसद एनपीए मिलता था
- चिकित्सकों को सालों से एनपीए का भुगतान कर रही थी सरकार

भुगतान सरकार कर रही है। मूल वेतन में एनपीए को शामिल करने के बाद चिकित्सकों के डीए की गणना के साथ साथ पेंशन का निर्धारण भी होता है। मगर अब राज्य में भर्ती होने वाले चिकित्सकों को एनपीए नहीं मिलेगा। जाहिर है कि चिकित्सकों को इसका वित्तीय नुकसान होगा। लिहाजा चिकित्सक फैसले का विरोध करने लगे हैं।

हिमाचल मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ जीवानंद चौहान का कहना है कि सरकार का यह फैसला पूरी तरह से अव्यवहारिक है। देश के अन्य कांग्रेस शासित राज्यों के साथ भाजपा व अन्य दलों द्वारा शासित राज्यों में भी एनपीए का भुगतान हो रहा है। मगर सुक्खू सरकार ने इसे बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार को फैसले पर दोबारा विचार करना चाहिए। उन्होंने सरकार के इस फैसले पर हैरानी जताते हुए कहा कि अफसरशाही सरकार को इस तरह के फैसले लेने के लिए विवश कर रही है। पहले स्वास्थ्य विभाग में हिमाचल प्रदेश मेडिकल सर्विस कारपोरेशन का गठन करने का फैसला लिया गया। इस निगम के गठन से खरीद प्रक्रिया में विलंब होगा। दवाओं की खरीद में विलंब होने से रोगियों को दिक्कत होगी।

## हिमाचल प्रदेश 10वीं का रिजल्ट जारी, लड़कियों ने बाजी मारी

**धर्मशाला,** 25 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं की परीक्षा का परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिया। बोर्ड के मुताबिक परिणाम 89.7 फीसदी रहा। परीक्षा परिणाम में इस बार भी बेटियों ने परचम लहराया है। बोर्ड की ओर से तैयार की गई टॉप-10 मेरिट सूची में 79 मेधावियों ने जगह बनाई है। इसमें 61 छात्राएं और 18 स्थानों पर छात्रों ने कब्जा जमाया है। सूची में सरकारी स्कूलों के 22, जबकि निजी स्कूलों 57 विद्यार्थी शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा ने बताया कि बोर्ड से मिली जानकारी के मुताबिक 10वीं में 91440 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। 81732 अभ्यर्थी परीक्षा में पास हुए हैं। 7534 बच्चे परीक्षा में फेल हुए हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2022 में 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 87.5 प्रतिशत रहा था। इसी प्रकार गुरुवार को घोषित 10 वीं के परीक्षा परिणाम में सनोवर वैली पब्लिक स्कूल बजौरा (कुल्लू) की छात्रा मानवी ने 99.14 फीसदीः अंक हासिल कर प्रदेश भर में पहला स्थान हासिल किया है। मानवी ने कुल 700 में से 694 अंक प्राप्त कर टॉप किया। दूसरे स्थान पर हमीरपुर के सीनियर सेकेंडरी चबूतरा की छात्रा दीक्षा कतियाल ने बाजी मारी है। दीक्षा ने 99 फीसदी अंक हासिल किए हैं। उन्हें कुल 693 अंक प्राप्त हुए हैं। मेरिट में तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से दो छात्रों ने कब्जा किया है। जिनमें हमीरपुर के न्यू एरा पब्लिक स्कूल परोल के अक्षित शर्मा व हमीरपुर जिला के ही सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बीदारन के आकर्षक ठाकुर शामिल है।

## उड़ान योजना के तहत शिमला-धर्मशाला व शिमला-कुल्लू हवाई मार्गों पर एलायंस एयर की उड़ाने लगभग खाली

**शिमला,** 25 मई (देशबन्धु)। उड़ान योजना के तहत शिमला-धर्मशाला व शिमला-कुल्लू हवाई मार्गों पर एलायंस एयर की उड़ाने लगभग खाली हैं। विमानन कंपनी एलायंस एयर के वायु यान दोनों हवाई मार्गों पर इक्का दुक्का यात्रियों को लेकर उड़ रहे हैं। उड़ान योजना के तहत रियायती किराए पर भी हवाई सफर में यात्रियों की दिलचस्पी न के बराबर होने की वजह से अफसरों के साथ साथ विमानन कंपनी भी हैरत में है। यात्रियों की संख्या न बढने की स्थिति में सरकार दोनों मार्गों पर उड़ान योजना की दो माह बाद समीक्षा कर सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उड़ान योजना की शुरूआत शिमला से की थी। योजना के तहत पहले पहल शिमला -दिल्ली हवाई मार्ग पर भी यात्रियों की संख्या कम रही, मगर अब इस मार्ग पर यात्रियों को उड़ान योजना के तहत रियायती टिकट पर हवाई यात्रा के लिए सप्ताह भर भी इंतजार करना



**उड़ान योजना के तहत दोनों मार्गों पर हवाई जहाज से यात्रा करने वालों में सरकारी अधिकारी या फिर विधायक ही होते हैं**

पड़ता है। शिमला-दिल्ली मार्ग के बाद सरकार ने सरकार ने धर्मशाला-शिमला व शिमला-कुल्लू मार्गों पर उड़ान योजना के तहत हवाई सेवा प्रारंभ करने के लिए एलायंस एयर के साथ करार किया। इसके लिए 11 करोड़ की रकम सालाना वायबेलिटि गैप फंडिंग (वीजीएफ) के तौर पर रखी गई। अर्थात विमानन कंपनी को इन मार्गों पर हवाई उड़ान में घाटा होने पर सरकार वीजीएफ के जरिए पूरा करेगी। मगर दोनों ही हवाई मार्गों पर उड़ान में यात्रियों की दिलचस्पी न के बराबर है। लिहाजा बीते दिनों पर्यटन एवं नागरिक उड्डन विभाग के आला अधिकारियों ने मामला मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया। मुख्यमंत्री ने दो माह तक उड़ान योजना को देखने के बाद इसकी समीक्षा की बात कही है। उड़ान योजना के तहत दोनों मार्गों पर हवाई जहाज से यात्रा करने वालों में सरकारी अधिकारी या फिर विधायक ही होते हैं। शिमला से दोनों स्थानों के लिए रविवार को छोड़कर बाकी छह दिन उड़ानें होती हैं। जानकारों का कहना है कि विधायकों व सरकार के अधिकारियों को हवाई जहाज से यात्रा की औपचारिक स्वीकृति मिलती है तो दोनों स्थानों के लिए सीटों की संख्या बढ़ सकती है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राज्य की पूर्व व वर्तमान सरकार में अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्यों के लिए हवाई यात्रा की सुविधा प्रदान करने की फाइल दो मर्तबा चल चुकी है। अभी केवल फाइल पर अनुमति को लेकर लिखित कार्यवाही करना अनिवार्य है।

## सार संक्षेप

### खुक्खू ने गैर पंजीकृत वाहनों को पंजीकृत करने का दिया एक सुअवसर

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार गैर पंजीकृत वाहनों को पंजीकृत करने के लिए एक सुअवसर दिया है। इस पहल के अन्तर्गत दोपहिया, ट्रैक्टर, पोकलेन, जेसीबी व अन्य चार पहिया वाहन मालिक बिना किसी जुर्माने के मौजूदा बाजार दर पर अपने वाहनों का पंजीकरण करवा सकते हैं। श्री सुक्खू ने कहा कि इस कदम से राज्य में हजारों लोगों को गैर पंजीकृत वाहनों को चलाने से जुड़े जोखिमों को कम करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि वाहन पंजीकरण के अलावा प्रदेश सरकार ने बकाएदारों (डिफाल्टरों) के लिए पैसेंजर एण्ड गुड्स टैक्स (पीजीटी) पर जुर्माना माफ करने का निर्णय लिया है। पीजीटी डिफाल्टर 30 जून, तक इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए वे मूल राशि के साथ एक मुश्त निपटान शुल्क भुगतान करके राज्य कर एवं आबकारी विभाग से अनापत्ति और कर भुगतान पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वाहन की पासिंग और संचालन के लिए परिवहन विभाग से क्लीयरेंस अनिवार्य है। इस निर्णय से प्रदेश के कुल 1,60,291 माल वाहक मालिक विशेष रूप से छोटे और बड़े वाहनों के साथ-साथ ट्रैक्टर मालिक भी लाभान्वित होंगे। कोविड-19 महामारी के दौरान इन मालिकों को वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था, जिसके परिणामस्वरूप पीजीटी देनदारियों में वृद्धि हुई है।

### बेटियां सड़कों पर बैठी हैं, कोई सुध नहीं ले रहाः विनेश फोगाट

जींद। महिला पहलवान विनेश फोगाट ने गुरुवार को कहा कि जब वह मेडल लेकर आई थीं तो लगा था कि यहां बेटियों की बहुत इज्जत होती है, लेकिन अब यह हाल है कि वे सड़कों पर बैठी हैं और कोई सुध नहीं ले रहा है। विनेश यहां जींद-नरवाना नेशनल हाईवे के खटकड़ टोल प्लाजा पर किसान पंचायत में आई हुई थीं। पंचायत में विनेश के अलावा बजरंग पूनिया, अन्य पहलवान, पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक आदि वहां मौजूद थे। विनेश ने आरोप लगाया कि महिला खिलाड़ी अपने साथ हो रहे शोषण के कारण पिछले 12 साल से तिल-तिल मर रही थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि दरिंदा उनको नोंच-नोंच कर खा रहा था और वह अपने घर वालों को भी नहीं बता पा रही थी। पानी सर से गुजरने के कारण ही अब अपनी जान हथेली पर रखकर इस शोषण और अन्याय के खिलाफ उन सबको सड़क पर बैठना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल का बाहुबली सांसद होने के कारण ही बृजभूषण शरण सिंह को खुली छूट दी जा रही है। आरोपी खुलेआम मीडिया में इंटरव्यू दे रहा है और देश की बेटियों पर लांछन लगा रहा है।

### सुडोकू 6206 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 1 | 7 | 3 | 6 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 6 | 5 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 6 | 7 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 5 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 8 | 2 |

## आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री बीमा योजना से 24 हजार लोगों को लाभः सलारिया

**पठानकोट,** 25 मई (एजेंसियां)। पंजाब सरकार द्वारा चलाई गई आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना के तहत अब तक जिले के 24 हजार मरीज 21 करोड़ रुपए का लाभ ले चुके हैं। सिविल सर्जन डॉ अदिति सलारिया ने गुरुवार को बताया इस योजना के तहत लोग पब्लिक और इंपैनल्ड प्राइवेट हॉस्पिटल में पांच लाख तक की राशि का सलाना फ्री इलाज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के लगभग 91519 परिवार इस स्कीम के अधीन आते हैं जिनमें से अब तक 24000 मरीजों का इलाज इस स्कीम के द्वारा किया जा चुका है जिस पर 21 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है। डॉ अदिति ने बताया कि लोगों को ई-कार्ड दिए जा चुके हैं। उन्होने बताया कि यह कार्ड सिर्फ 30 में सिविल अस्पताल पठानकोट और इसके अधीन सभी सेहत संस्थाएं नरोट जैमल सिंह, घरोटा, बूंगल बधानी, सुजानपुर और नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर या सेवा केंद्रों में भी यह कार्ड बनाए जा सकते हैं। ई-कार्ड बनाने के लिए जिले में 25 मई से लेकर 30 जून तक विशेष शिविर लगाया जा रहा है।

## खट्टर ने 113 हाई स्कूलों को अपग्रेड करने की दी मंजूरी

**चंडीगढ़,** 25 मई (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 2023-24 के बजट अभिभाषण में प्रदेश में उच्च स्कूलों को सीनियर सेकेंडरी में अपग्रेड करने की प्रमुख घोषणा को पूरा करते हुए गुरुवार को प्रदेशभर में 113 हाईस्कूलों को अपग्रेड करने की मंजूरी दी है। एक सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में जिन स्कूलों में नौवीं और दसवीं कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या 80 या इससे अधिक है और एक एकड़ या इससे अधिक भूमि उपलब्ध है तथा सबसे निकटतम सीनियर सेकेंडरी स्कूल तीन किलोमीटर या इससे अधिक दूरी पर है, ऐसे सभी स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा।

### खट्टर ने नांगल चौधरी में मेधावी छात्राओं को दिये टैबलेट

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने महेंद्रगढ़ में अपने तीन दिवसीय जनसंवाद कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरुवार को नांगल चौधरी में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को टैबलेट प्रदान किये। श्री खट्टर ने गांव निजामपुर में एक दिन पहले आयोजित जनसंवाद





कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की ओर से रखी गई जयपुर और नांगल चौधरी तक बस सेवा आरंभ करने की मांग को पूरा करते हुए नारनौल से जयपुर वाया नांगल चौधरी-निजामपुर बस सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने नांगल चौधरी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मंडलाना से हाल में 97.20 प्रतिशत अंकों के साथ दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्रा अंतिमा तथा वहीं 12वीं में इसी विद्यालय की छात्रा सुषमा (97.20 प्रतिशत), रावमावि गांवड़ी जाट की छात्रा जागृति (94.60 प्रतिशत), रावमावि मुकुंदपुरा की छात्रा मोना (95.40 प्रतिशत) और रामवावि मंदोला की छात्रा कुसुम (95.40 प्रतिशत) को टैबलेट प्रदान किए। उन्होंने मेधावी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बहुत बढ़िया, ऐसे ही पढ़ते रहो-जीवन में आगे बढ़ते रहो।

## भुल्लर ने नेत्र दान का फार्म भरा

**चंडीगढ़,** 25 मई (एजेंसियां)। पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने गुरुवार को नेत्र दान का फार्म भरा। श्री भुल्लर नेत्र दान करने में राज्य के पहले कैबिनेट मंत्री बन गए हैं। उन्होंने आज रोटरी आई बैंक और कॉर्निया ट्रांसप्लांटेशन सोसायटी होशियारपुर के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद नेत्र दान का फॉर्म भरा। अपने कार्यालय में बैठक के दौरान उन्होंने



राज्य के लोगों से भी अपील की कि वह अधिक से अधिक संख्या में इस नेक कार्य में हिस्सा लें। रोटरी आई बैंक और कॉर्नियां ट्रांसप्लांटेशन सोसायटी के चेयरमैन जे.बी. बहल के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उनकी संस्था लोगों को मरने के उपरांत आंखें दान करने के लिए प्रेरित करती है और वह अब तक 3800 से अधिक लोगों को आंखों की रोशनी दिला चुके हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा हाल ही में नोटिफिकेशन जारी कर यूरोपियन देशों की तर्ज पर भारत में भी लाइसेंस बनाने के समय फॉर्म में आवेदनकर्ता द्वारा हादसे में मौत होने की सूरत में अपने अंग/आंखें दान करने के लिए सहमत/असहमत होने सम्बन्धी बॉक्स भरना शुरू हो गया है। श्री भुल्लर ने विभाग के अधिकारियों को हिदायत की कि वह समूह रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी सचिवों को पत्र जारी कर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने या नवीनीकरण करवाने के समय हर व्यक्ति को, सडक़ हादसे में मौत होने की सूरत में नेत्र दान करने के लिए प्रेरित करें ताकि भारत का सबसे अधिक नेत्रदान करने वाला राज्य बन सके।

## बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को भी मिलेगा पुरानी पेंशन योजना का लाभ

**शिमला,** 25 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने हिमाचल राज्य बिजली बोर्ड सीमित के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना के तहत शामिल करने का भरोसा दिया है। इससे बिजली बोर्ड के लगभग 6500 कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास तथा उन्नति में सरकारी कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का निर्णय लिया, जिससे 1.36 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिला है। प्रदेश सरकार इस योजना के तहत बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को शामिल कर उनके लाभ सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों का कल्याण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हिमाचल प्रदेश की निरन्तर प्रगति के साथ-साथ सरकारी कर्मचारियों के कल्याण तथा सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को सुरक्षित भविष्य प्रदान कर उन्हें प्रदेश के समग्र विकास में प्रभावी योगदान देने के लिए सक्षम बनाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के साथ-साथ प्रदेश सरकार ने सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि तीन प्रतिशत मंहगाई भत्ते की किस्त भी जारी कर दी गई है। प्रदेश की चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद राज्य सरकार ने दूरदर्शी सोच के साथ प्रदेश के विकास में कोई बाधा नहीं आने दी है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने बिना किसी बजट के प्रावधान के घोषणाएं की लेकिन उनके लाभ कर्मचारियों को नहीं मिल पाए जबकि वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ ही सभी बकाया देनदारियां चुकाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बारां में 2222 जोड़ें बनेंगे एक दूजे के लिए हम सफर

**बारां,** 25 मई (एजेंसियां)। राजस्थान के बारां जिला मुख्यालय के समीप त्रिभुवन विमल विहार तीर्थधाम बमूलिया प्रांगण में आयोजित अंजनशला का प्रतिष्ठा महामहोत्सव आज समापन के बाद शुक्रवार को खान एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया की पहल पर आयोजित सर्व धर्म निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में एक ही पांडल की छाव में 2222 वर वधु के जोड़ें वैवाहिक जीवन के हमसफर बनेंगे। इन जोडों में 111 मुस्लिम समाज के जोड़े हैं, जिनका काजी निकाह करवाएंगे। इसके अलावा राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश तथा अन्य प्रदेशों से भी विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन हुए हैं। इस तीर्थ स्थल को निहारने के लिए शहर तथा आसपास के इलाकों से भी सुबह- शाम लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। कम समय में एक साथ एक की पंडाल की छत के नीचे बड़ी संख्या में जोड़ों के विवाह का रिकॉर्ड दर्ज करने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी बारां पहुंचकर रिकॉर्ड का सत्यापन कर रही है। सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन को लेकर बड़े पैमाने पर व्यवस्थाओं को अंजाम दिया गया है। कोटा-बारां एनएच 27 पर 2000 बीघा पर विशाल मैदान बनाया गया है। यहां 70 बड़े डॉन बनाए गए हैं इनमें से मुख्य डोम में सभी जोड़ों को



एक साथ बैठाया जाएगा। गायत्री परिवार के पंडित अग्नि के समक्ष फेरे दिलवाएंगे वही काजी समाज के जोड़ों का निकाह कराएंगे। विवाह सम्मेलन सम्मेलन के बड़े एवं भव्य आयोजन में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत दिल्ली से भी नेता शिरकत करेंगे। देशभर से प्रमुख जैन उद्योगपति भी कार्यक्रम में भाग लेंगे, इसके तहत हेलीकॉप्टर के लिए भी हेलीपैड तैयार करवाए गए हैं। आयोजकों का दावा है कि इस सम्मेलन में हाड़ौती संभाग समेत राजस्थान एवं अन्य प्रदेश के इलाकों से भी तकरीबन 5 लाख लोगों के एकत्रित होने की उम्मीद है।

## महंगाई राहत शिविर आमजन के लिए राहत का सबब साबित हो रहे हैः जाट

भीलवाड़ा। राजस्थान के राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में लगाए जा रहे महंगाई राहत कैम्प आमजन के लिए राहत का सबब साबित हो रहे है। श्री जाट ने गुरुवार को मांडल तहसील की ग्राम पंचायत सुरास एवं करेड़ा तहसील की ग्राम पंचायत उमरी में आयोजित महंगाई राहत कैम्प एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान का अवलोकन कर पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को संबल देने में राजस्थान देश में अग्रणी राज्य बना है। उन्होंने कहा कि मंहगाई राहत कैम्प आमजन के लिए ना केवल राहतपूर्ण साबित हो रहे है बल्कि इन कैम्पों के जरिये राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं भी धरातल पर साकार हो रही है।

## इनेलो की परिवर्तन यात्रा का 84वें दिन हांसी और बरवाला में जोरदार स्वागत

**हिसार,** 25 मई (एजेंसियां)। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला की हरियाणा परिवर्तन यात्रा 84वें दिन वीरवार हिसार जिला के हांसी और बरवाला पहुंची ,जहां ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। श्री चौटाला इस भव्य स्वागत से अभिभूत समस्त ग्रामवासियों का अभिनंदन और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मान-सम्मान को वे ताउम्र याद रखेंगे और यह कर्ज इनेलो की सरकार बनते ही गांव का चौतरफा विकास करके चुकाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा परिवर्तन पदयात्रा को प्रत्येक वर्ग का ऐतिहासिक समर्थन एवं सहयोग मिल रहा है। इसी कड़ी में हर रोज सैकड़ों लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। वीरवार को पदयात्रा के दौरान गांव सुल्तानपुर से करमपाल श्योराण ने भाजपा को अलविदा कहते हुए इनेलो में अपनी आस्था जताई। वहीं दादरी से



**इनेलो की सरकार बनने पर मनरेगा का काम 200 दिन की जगह 365 दिन किया जाएगा और हर घर से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देंगे, जिसको नौकरी नहीं मिल पाएगी, उन्हें 21 हजार प्रति माह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा और पेंशन 7500 रूपए :- अभय सिंह चौटाला**

संदीप सिंह फौगाट, राजेश शर्मा, मोहित सांगवान व जयनारायण पार्टी में शामिल हुए। राहुल मलिक, विजय वाल्मीकि, राममेहर व सचिन मलिक अपने अनेक साथियों सहित पार्टी में शामिल हुए। सभी का पार्टी में स्वागत है और सभी को पार्टी में उचित मान-सम्मान दिया जाएगा।

यात्रा जब रामायण गांव में पहुंची तो गांव की एक महिला गेहूं के आटे का बैग लेकर पहुंची और अभय सिंह चौटाला को आटा दिखाते हुए बताया कि भाजपा सरकार से उन्हें जो आटा मिलता है वह इतना खराब है कि उसमें कीड़े चल रहे हैं। महिला ने कहा कि इस आटे की रोटी बना कर अगर कुत्तों को खिलाई जाए तो वे भी नहीं खाते लेकिन हमें यह खाने पर मजबूर होना पड़ रहा है और इस आटे को खाकर उनके बच्चे बीमार पड़ गए हैं। अभय ने महिला को आश्वासन दिया कि उनकी इस समस्या को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। श्री चौटाला ने भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इनके कार्यकाल में प्रदेश में बेहिसाब कर्ज बढ़ा और बड़े-बड़े घोटाले हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जितने भी घोटाले किये हैं, उन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के बीच बेनकाब किया जा रहा है। महिला कोच के साथ छेड़छाड़ के आरोपी मंत्री पर कार्रवाई की बजाय पूरी सरकार ढाल बनकर खड़ी हो गई, जिससे साबित होता है कि यह सरकार महिला विरोधी है।

उन्होंने कहा कि इनेलो की सरकार बनने पर मनरेगा का काम 200 दिन की जगह 365 दिन किया जाएगा और हर घर से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देंगे, जिसको नौकरी नहीं मिल पाएगी, उन्हें 21 हजार प्रति माह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा और पेंशन 7500 रूपए।

## मिशन लाइफ के 'स्वच्छता अभियान' के तहत घग्गर नदी के तट की सफाई की गई

**चंडीगढ़,** 25 मई (एजेंसियां)। पंजाब के विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर के दिशा-निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग के पुल के पास घग्गर नदी के तट की सफाई के लिए गुरूवार मिशन लाइफ के तहत 'स्वच्छता अभियान' चलाया गया। श्री हेयर ने कहा कि बारिश के पानी का प्रवाह चरम पर होने के दौरान घग्गर नदी में



कोई ठोस कचरा नहीं जाने देने के लिए मानसून से पहले यह अभियान चलाया गया है। इस अभियान में जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ आसपास के उद्योगों, एम.सी. डेराबस्सी और स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों के लगभग 100 लोगों ने भाग लिया। स्वयंसेवकों द्वारा बड़ी मात्रा में नदी के किनारे फेंके गए ठोस कचरे को साफ किया गया और 10 ट्रॉलियों को भरकर एम.सी. डेराबस्सी डंपिंग साइट पर भेजा गया। इसके अलावा इस स्थान पर कूड़ा न फेंकने के निर्देश वाले बोर्ड भी लगाए गए। इस पूरे अभियान का ड्रोन कवरेज भी किया गया। स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेने वाले सभी स्वयंसेवकों को जलपान करवाया गया और कपड़े के थैले वितरित किए गए।

# प्रादेशिकी

## बाइकों की जबरदस्त भिड़ंत में एक की मौत दूसरा घायल

**फर्रुखाबाद,**25 मई (देशबन्धु)। कानपुर फतेहगढ़ मार्ग पर बाइको की जबरदस्त भिड़ंत में एक की मौत हो गया तथा दूसरा घायल हो गया। थाना जहानगंज के ग्राम गढा खेरा निवासी संजीव अपनी मोटरसाइकिल से फतेहगढ़ से कमालगंज की ओर जा रहा था। उसी समय थाना मऊदरवाजा के गांव बाबा नगला पचपुखरा निवासी शिवम कुशवाहा अपनी बाइक से कमालगंज से फतेहगढ़ की ओर जा रहा था। दोनों युवक बाइकों को तेजी से भगा रहे थे रास्ते में रात करीब 9 बजे उसी समय लैन गांव के निकट दोनों की बाइको की आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइके क्षतिग्रस्त हो गई। 108 एंबुलेंस की सहायता से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज ले जाया गया। जहां संजीव को डॉक्टर मान सिंह ने मृत्यु घोषित कर दिया। घायल शिवम का इलाज चल रहा है।

# बैंकिंग के अलावा अन्य कार्यों में भी भागीदार बनेंगी बीसी सखी : योगी

### ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लेनदेन के प्रोत्साहन के लिए समर्थ 2023 का किया शुभारंभ



**लखनऊ,** 25 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश असीमित संभावनाओं वाला प्रदेश है। इन संभावनाओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तेजी से काम किया जा रहा है। ऐसे में हर ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय के निर्माण का कार्य अंतिम दौर में चल रहा है।

जल्द ही हर ग्राम पंचायत का अपना सचिवालय होगा। इन ग्राम सचिवालय में कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति पहले ही की जा चुकी है, जहां इससे जुड़े गांव के हर व्यक्ति की

- **कोरोना काल में बीसी सखी की हुई थी शुरुआत**

आय, निवास, जाति, जन्म और मृत्यु के प्रमाण पत्र देने की सुविधा होगी। इतना ही नहीं यहां बीसी सखी के बैठने की व्यवस्था भी होगी। इसके साथ ही ग्राम पंचायत, मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे महिला सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम, राजस्व, सभी विभागों की समीक्षा का केंद्र बिंदु होगा। 56 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में बैंकिंग लेनदेन के कार्यक्रम को तेजी के साथ आगे बढ़ाने के लिए वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में बीसी सखी की शुरुआत की थी। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लेनदेन के प्रोत्साहन के लिए समर्थ 2023 के शुभारंभ एवं बीसी सखी के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में कही।

### बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर महिला सशक्तीकरण का जीता जागता उदाहरण

सीएम योगी ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ हर तबके तक पहुंचाया जा रहा है। पहले इन योजनाओं का लाभ प्रदेशवासियों को नहीं मिल पाता था क्योंकि इन योजनाओं के धरातल में उतरने से पहले ही बंदरबांट हो जाती थी। लेकिन आज एक क्लिक से डायरेक्ट लाभार्थी के खाते में पैसे भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन की योजना का लाभ अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति तक बिना किसी रुकावट, बैरियर के देना ही सुशासन का लक्ष्य है। यही रामराज्य की अवधारणा है। आज सफलतापूर्वक देश के गांव गांव में हर नागरिक को जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिल रहा है। इसमें बड़ी भूमिका बीसी सखियों की है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय सम्मेलन प्रदेश में प्रधानमंत्री के विजन को जमीनी धरातल पर पहुंचाने और अन्य सेक्टर्स को इससे जोड़ने में सहायक होगा।

## ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल ट्रांजेक्शन बढ़ाने के लिए कार्यक्रम की शुरुआत

**लखनऊ,** 25 मई (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व मार्गदर्शन में, अंत्योदय के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दिन प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्र की दीदियों को संगठित करते हुए समावेशी विकास की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

उप मुख्यमंत्री की पहल पर इसी क्रम में देश की 50 हजार ग्राम पंचायतों में डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के लिए 'समर्थ' कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ निदेशक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन राघवेन्द्र सिंह व मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सी. इन्दुमती द्वारा आज किया गया। जिसमें विभिन्न राज्यों से आईं समूहों की दीदियों ने अपने अनुभव सांझा किए।

बुधवार को मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सी.इंदुमती की अध्यक्षता में डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने पर राष्ट्र स्तरीय कॉन्क्लेव 'समर्थ' का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के सभागार में किया गया। मिशन निदेशक सी. इंदुमती ने सभी का स्वागत करते हुए मिशन की प्रमुख घटकों में प्रगति एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को डिजिटल नवाचारों से जोड़ने सम्बन्धित विस्तृत प्रगति रिपोर्ट साझा करते हुए जानकारी दीं।

## जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारे अधिकारी : बृजेश पाठक

### उपमुख्यमंत्री ने की विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा

**फर्रुखाबाद,**25 मई (देशबन्धु)। उप्र के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ फर्रूखाबाद में विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी संबंधित विभागीय योजनाओं की जानकारी फिंगर टिप्स पर रखे और सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु पूरी ईमानकारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करें। उप मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि महिला संबंधित अपराधों में चार्जशीट ससमय लगे और सभी मामलों में ठीक से पैरवी करे और बेल न होने दें। जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश जारी



करे कि 30 दिन के अन्दर पैमाइश के मामलों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें। जमीन बटवारा संबंधी मामलों में भी इसी प्रकार कार्यवाही अमल में लायी जाए। खनन/स्टाम्प/परिवहन विभाग में वसूली कम देख उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय अधिकारी बड़े बकायेदारों के साथ बैठक कर राजस्व वसूली करें। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय योजना के अन्तर्गत अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु बेहतर इन्तजाम करने के निर्देश दिए।

### उपमुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को बांटे टेबलेट

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के अन्तर्गत लाभार्थी युवाओं को 10 टेबलेट वितरित किए गए व 648 टेबलेट वितरण हेतु शैक्षणिक संस्थानों को उपलब्ध कराए गए। इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत 10 लाभार्थियों को आवास की चाबी वितरित कीं एवं पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत 10 लाभार्थियों को प्रतिकात्मक चेक वितरित किए गए।

## सार संक्षेप

### अवैध कालोनी के निर्माण पर रोक, भेजा नोटिस

**मवाना।** मेरठ विकास प्राधिकरण ने मेरठ-मवाना मार्ग पर रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास में बिना नक्शा पास कराये विकसित की जारी अवैध कालोनी के निर्माण को ने रूकवा दिया है। साथ ही नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जवाब नहीं मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उधर मवाना नगर के चारों ओर मुख्य रास्तों पर अवैध कालोनियां काटी जा रही है। एमडीए के अफसरों द्वारा एक-दो कार्रवाई कर इतिश्री की जा रही है।

### अफसरों ने की गन्ना सर्वे की जांच

**मवाना।** गन्ना विकास परिषद और चीनी मिलों की कुल 59 टीमों ने गन्ना सर्वे का काम शुरू कर दिया है। बीज उत्पादन अधिकारीध्जिला गन्ना अधिकारी, मेरठ एवं अपर सांखिकीय अधिकारी, मेरठ ने गुरुवार को मवाना मिल क्षेत्र के ग्राम नगली ईशा, निलोहा अक्खेपुर, मवाना कलां में गन्ना सर्वेक्षण का औचक निरीक्षण किया। अफसरों ने ग्राम नगली ईशा में ट्रेंच बुआई के खेतों को देखा और किसानों को ट्रेंच सहफसली खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने, नए सदस्य बनने को पंजीकरण कराने की जानकारी दी गई। मौके पर सर्वे सही पाया गया। अफसरों ने कृषक को सर्वे पर्ची निकालकर दी।

### बीसीए के 15 छात्रों का चयन

**मेरठ।** परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में ऑनलाइन प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। सॉफ्टवेयर कंपनी इम्मेंस्फेयर बैंगलोर ने वर्ष 2023 में पास आउट होने वाले बीसीए के 15 छात्र छात्राओं का फाइनल चयन किया।

### जाम से निजात के लिए करें आवश्यक कार्रवाई : आयुक्त

**मेरठ।** आयुक्त सभागार में आयुक्त सेल्वा कुमारी जे.की अध्यक्षता में मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि.की निदेशक मंडल की बैठक आहूत की गई। बैठक में आयुक्त द्वारा यूपीएसआरटीसी के राजस्व को बढ़ाने तथा खर्चों को कम करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बैठक में उपस्थित चार्टर्ड एकाउन्टेंट से विभाग के खर्चों को कम करने के लिए सुझाव मांगे। जाम से निजात को अवैध वाहनो पर कार्यवाही तथा स्कूलों के आसपास लगने वाले जाम से निपटने को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

### जिला कारागार का किया दौरा

**मेरठ।** जिला न्यायाधीश रजत सिंह जैन, जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण द्वारा जिला कारागार तथा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में जिला न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी द्वारा भोजनालय, स्वास्थ्य केंन्द्र, स्टॉक रजिस्टर, मुलाकाती रजिस्टर, हैल्थ रजिस्टर, महिला बैरक आदि का निरीक्षण कर जेल अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरों से परिजनो की मुलाकात, बायोमैट्रिक उपस्थिति, सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## एमपीएस के छात्रों का कराटे प्रतियोगिता में जलवा



**मेरठ,**25 मई (देशबन्धु)। यूनाइटेड शोतोकान इंटरनेशनल कराटे फेडरेशन द्वारा आयोजित चौंपियनशिप में जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के छात्रों ने भाग लिया, जिसमें मेरठ पब्लिक स्कूल, द फर्स्ट स्टेप श्रद्धापुरी के छात्रों ने अंडर 12 में खेलते हुए विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों को परास्त कर उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाते हुए पदक प्राप्त किए। इस चौंपियनशिप का आयोजन चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के दारा सिंह हॉल में किया गया। जिसमें सब जूनियर कैटेगरी में खेलते हुए लव कुमार ने स्वर्ण पदक, विदुषी सिंह ने रजत पदक, तथा राघव शर्मा, यश भारद्वाज, अनमोल शर्मा, अरनव मलिक एवं रोनित सिंह ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

**नॉर्थ इंडिया यूनाइटेड शोतोकान कराटे चैंपियनशिप में पदक जीते**

## विजुअल इफेक्ट्स के प्रयोग के लिए बढ़ती जा रही है मांग : आशलेषा

**मेरठ,**25 मई (देशबन्धु)। यदि आप फिल्मों को देखने के शौकीन हैं, तो आपने हवा में उड़ती हुई कारें, भूकंप से गिरती बिल्डिंग्स, खतरनाक जानवरों से लड़ते व आसमान में सुपरहीरो जरूर देखे होंगे। ये किसी जगह शूट किए गए सीन नहीं होते, बल्कि यह सब वीएफएक्स यानी कि विजुअल इफेक्ट्स का कमाल होता है। इसी तरह इस तकनीक को गेमिंग में भी प्रयोग किया जा रहा है। यह बात वीएफएक्स आर्टिस्ट आशलेषा लोखण्डे ने देशबंधु की टीम से विशेष बातचीत के दौरान कही। उन्होंने करीब 4 वर्ष पूर्व मल्टीनेशनल कंपनी डबल नेगेटिव कंपनी में अपने कैरियर की शुरूआत की थी। उन्होंने बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड की बड़ी फिल्मों में अपनी आर्ट का लोहा मनवाया है। हॉलीवुड की फिल्म में तो उनकी टीम



- **गेमिंग के लिए भी इस्तेमाल की जा रही तकनीक**
- **कंप्यूटर व सॉफ्टवेयर की मदद से शूट होते हैं अन रियल सीन**

को वीएफएक्स ओस्कर अवार्ड भी मिल चुका है। आशलेषा ने बताया कि विजुअल एफ्फेक्ट को फिल्माने के लिए वास्तविक रूप से उस सीन को शूट करने की जरूरत नहीं पड़ती है। ये सब कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की मदद से कर दिया जाता है।

### एनिमेशन में करियर के बेहतर विकल्प

जो छात्र वीएफएक्स के फील्ड यानि एनिमेशन की दुनिया में अपना करियर बनाना चाहते हैं, उनके अंदर कई तरह के स्किल का होना जरूरी है। इसमें मुख्य रूप से क्रेटिविटी, विजुआलिजेशन, इमेजिनेशन के साथ प्रेजेंटेशन, सॉफ्टवेयर स्किल, कम्युनिकेशन स्किल और सॉफ्टवेयर की अच्छी जानकारी जरूरी है। एनिमेशन की दुनिया में आज का दौर करियर के बेहतर विकल्प है। फिल्म प्रोडक्शन हाउस, टीवी चौनल, विज्ञापन एजेंसी, गेम इंडस्ट्री और वेब इंडस्ट्री में एक्सपर्ट एनीमेटर के लिए जॉब मिलने की संभावना है।

## तक्षशिला की छात्रा को मिला भारतीय कला भूषण अवार्ड



**मेरठ,**25 मई (देशबन्धु)। तक्षशिला पब्लिक स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा वेदीका सिंह खोखर ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय ज्ञानपीठ द्वारा आयोजित ऑल इंडिया ड्राइंग, हैंड राइटिंग और निबंध राइटिंग प्रतियोगिता 2022-23 में हैंड राइटिंग वर्ग में बेस्ट हैंड राइटिंग का अवार्ड प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता में पूरे देश के सभी बोर्ड के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। स्कूल के चेयरमैन डा.ओमपाल सिंह व प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा व सभी शिक्षकों ने छात्र एवं उसके अभिभावकों को बधाइयां दी व उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शैक्षणिक से लेकर सामाजिक कार्यों तक का प्रतिबिम्ब है सजृन : डा.सुधीर



- **वेंक्टेंश्वरा ग्रुप के चीफ एडवाईजर बने डा.वीपीएस अरोरा**
- **वेंक्टेश्वरा की मेग्जीन के नए संस्करण का विमोचन**
- **वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रहित में किए गए शानदार**

**मेरठ,**25 मई (देशबन्धु)। गुरूवार का दिन वेंक्टेश्वरा के लिए बेहद खास रहा। देश के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा.वीपीएस अरोरा को वेंक्टेश्वरा के समूह चेयरमैन डा.सुधीर गिरि ने 'चीफ एडवाईजर' नियुक्त किया है। डा.वीपीएस अरोरा ने पदभार ग्रहण करते हुए सभी शिक्षको एवं कर्मचारियों के सहयोग से आगामी दस वर्षों में वेंक्टेश्वरा को देश के दस शीर्ष संस्थानों की सूची मे शुमार करने की बात कही है। इस अवसर पर श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं सामाजिक क्रियाकलापों का संग्रह प्रतिबिम्ब उसकी मैग्नीज सर्जन के नए संस्करण का भी लोकापर्ण किया गया। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालयध्संस्थान के डा. सीवी रमन सभागार में आयोजित डा.वीपीएस अरोरा के मनोनयन एंव 'सजृन' के लोकापर्ण कार्यक्रम का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, सीईओ अजय श्रीवास्तव नवनियुक्त सलाहकार प्रो वीपीएस अरोरा एवं प्रभारी कुलपति डा. राकेश यादव ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डा. सुधीर गिरि ने कहा कि वीपीएस अरोरा देश के बड़े शिक्षाविद है। मुझे विश्वास है कि उनके आने से वेंक्टेश्वरा समूह सफलता के नए आयाम स्थापित करेगा।

## पालिका ने शुरू किया नालों की सफाई अभियान

**मवाना,**25 मई (देशबन्धु)। मवाना नगर पालिका ने गुरुवार से नगर के नालों का सफाई अभियान शुरू कर दिया है। नालों से निकाली गई सिल्ट को दो दिन में मौके से उठवा लिया जाएगा।

सफाई अभियान की मानीटरिंग स्वयं अधिशासी अधिकारी कर रहे हैं। मवाना नगर में छोटे बड़े 17 नाले हैं। इनकी लम्बाई करीब आठ किलोमीटर है।

नगर के बड़े नाले वलीपुरा मोड से शौचालय को होते हुए चौधरीपुरा बड़े नाले तक, डेरे वाले पुल से दुमई नाले को होते हुए चौधरीपुरा बड़े नाले, मुन्नालाल जोहड़ से अटौरा रोड की पुलिया से होते हुए बैचलर हास्टल के पीछे तक, सुभाष चौक से फलावदा तिराहे तक बड़े नाले हैं।

## सामाजिक व मानसिक विकास के लिए ऐसे सम्मेलन कारगर : कुलपति



**मेरठ,**25 मई (देशबन्धु)। गुरुवार को शोभित विश्वविद्यालय में इनोवेशन रिसर्च इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन किया गया। कुलपति डॉ.अमर प्रकाश गर्ग ने सामाजिक विकास एवं मानसिक विकास के लिए इस तरह के सम्मेलन होने की आवश्यकता पर अपने विचार रखें। अच्छे शोध की परिभाषा बहुत ही सरल शब्दों में उपस्थित शोधकर्ताओं, छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया। प्रति कुलपति डॉ.जयानंद ने शोधकर्ताओं को शोध के माध्यम से छोटे-छोटे सामाजिक परेशानियों को दूर करने के लिए प्रेरित किया। सामाजिक समरसता स्थापित करने के लिए शोध कार्य किस प्रकार से मददगार साबित हो सकता है इसकी जानकारी उपस्थित लोगों को दी। डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग डॉ विनोद कुमार त्यागी ने ऑनलाइन तथा ऑफ लाइन लोगों का धन्यवाद दिया।

- **शोभित में चल रहे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन**
- **इनोवेशन रिसर्च इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी विषय पर रखे विचार**

# पास्को के बहाने कहीं जमीन बदलने की तैयारी तो नहीं!

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,**25 मई (देशबन्धु)। महिला पहलवानों के आरोपों से घिरे भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की अयोध्या में होने वाली रैली के कई निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। रैली में अपेक्षा की गई भीड़ जहां उनकी धर्म नगरी में पैठ का अनावरण होगी तो वहीं यह संकेत भी है कि वह सरयू के दक्षिण प्रतिष्ठित होना चाहते हैं।

कहा तो यह भी जा रहा है कि पॉस्को पर चर्चा के बहाने कैसरगंज सांसद अपनी पुरानी तमन्ना पूरी कर अयोध्या के होना चाहते हैं। शायद इसलिए स्थानीय सांसद लल्लू सिंह ने उनसे व उनके कार्यक्रम से दूरी बना रखी है। पांच जून को रामनगरी में साधु-संतों के आह्वान पर जनचेतना महारैली होने जा रही है। इसके कर्ताधर्ता भाजपा के बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह हैं। कहा जा रहा है कि साधुसंत पास्को व कुछ अन्य कानून में बदलाव का प्रस्ताव पास करेगें और लाखों की संख्या में जुटे लोग संत प्रस्ताव का समर्थन करेंगें। इस रैली पर बड़े बड़ों की निगाहें हैं, जानने की उत्सुकता है कि असली माजरा क्या है। छनकर जो बात सामने आ रही है उससे कहा जा सकता है कि भाजपा सांसद कहीं पास्को के बहाने जमीन बदलने की तैयारी तो नहीं कर रहे हैं। पांच जून की तारीख इंदिरा गांधी की इमरजेंसी के खिलाफ जयप्रकाश नारायण की 1974 में हुई पटना की ऐतिहासिक रैली के परिप्रेक्ष्य में रखी गई है। खुद बृजभूषण शरण सिंह अपने जनसंपर्क सभाओं में इसे बताते हैं और कहते हैं कि अयोध्या की रैली से कांग्रेस के समय बने कुछ कानूनों में संशोधन की मांग होगी। हालांकि वे कहते हैं कि इस रैली में ना तो मैं बोलूंगा और ना ही यौन शोषण के प्रकरण पर बात होगी तो सवाल यह उठता है कि पास्को एक्ट में संशोधन किसके लिए।

राष्ट्रकवि दिनकरजी की कविता झंझा सोई, तूफान रुका, प्लावन जा रहा कगारों में, जीवित है सबका तेज किंतु अब भी तेरे हुंकारों में, है जयप्रकाश वह जो न कभी



- **रैली के बहाने धर्मनगरी में अपनी पैठ का अनावरण कर रहे हैं कैसरगंज सांसद**
- **रैली का मकसद अयोध्या में बृजभूषण की पैठ का अनावरण**

सीमित रह सकता घेरे में, अपनी मशाल जो जला बांटता फिरता ज्योति अंधेरे में पटना की रैली में जेपी के लिए रेणु जी ने गाया था। कुछ इसी तर्ज पर रैली में समागम कर रहे अयोध्या व देश के अन्य साधुसंत भी ललकारेंगे। लाखों की भीड़ जुटाकर यह दिखाने की कोशिश होगी कि बिना भूषण दिल्ली दूर हो सकती है। रैली को लेकर बृजभूषण शरण सिंह का पूरा एजेंडा अभी तक स्पष्ट नहीं है। यौन शोषण के आरोपी भाजपा सांसद एक तो बहुत स्पष्ट तरीके से अपनी बात कह नहीं पा रहे हैं। दूसरा उनकी छवि ऐसी बन गई है जो उस खोल से बाहर निकलते नहीं दिख रहे लेकिन रैली का मकसद भांपने में खुफिया तंत्र भी पशोपेश में होगा। सूत्रों का मानना है कि रैली का मकसद अयोध्या में बृजभूषण की पैठ का अनावरण है। अयोध्या की लाइमलाइट और वैश्विक आकर्षण सिर्फ व्यवसायियों या पर्यटकों को ही अपनी तरफ नहीं खींच रही है बल्कि वहां का जनप्रतिनिधि बनने के लिए भी नेताओं में होड़ मची है। अयोध्या से जनप्रतिनिधि चुने जाने को राजनीतिक अभयदान की तरह देखा जा सकता है। यहां से चुने जाने के बाद प्रतिनिधि के साथ एक धर्म बल जुड़ जाता है और उसके साथ धार्मिक भावनाएं जुड़ जाती हैं। जाहिर सी बात है तब स्वाभाविक तौर पर उसके खिलाफ कोई मुद्दा प्लांट करना मुश्किल होता है। वहीं कैसरगंज में प्रतिस्पर्धा बढ़ने से बृजभूषण का वर्चस्व यथावत बने रहना कठिन है। तीस साल से सांसदी कर रहे बृजभूषण सिंह भलीभांति जानते हैं कि रैली की असफलता उन्हें राजनीतिक वनवास के अलावा वासुदेव बना सकती है। भाजपा संगठन और संगठन के अंदर विरोधियों पंर नरमी के साथ उन्होंने तगड़ी व्यूह रचना कर रखा है।

रामकथा पार्क में साधुसंतों व विशिष्ट लोग मौजूद रहकर प्रस्ताव पास करेगें। अयोध्या शहर के अंदर समर्थकों का हुजूम तो रहेगा ही। शहर की सीमाओं पर भी लोग एलईडी स्क्रीन के माध्यम से संतो को सुनेंगे और वहीं से प्रस्ताव का समर्थन करेंगें। सूत्रों के अनुसार लगभग एक दर्जन स्थानों पर रैली की पूर्व संध्या से ही लाखों लोगों के भोजन आदि का इंतजाम किया जा रहा है। वाहनों की पार्किंग के साथ पूरी अयोध्या में सैकड़ों स्थानों पर लाइव प्रसारण की व्यवस्था हो रही है।

## औरा ने के-पॉप स्टाइल में गाया मिथुन चक्रवर्ती का गोल्डन हिट 'जिमी जिमी' गाना

**मुंबई।** के-पॉप सिंगर, रैपर और म्यूजिक प्रोड्यूसर औरा ने 'जिमी जिमी' के अपने नए वर्जन के साथ भारतीय म्यूजिक और के-पॉप के लेटेस्ट रेंडिशन का मिक्सअप किया। नया वर्जन गुरुवार को एयरवेव्स पर हिट हुआ। कल्ट हिट सबसे पहले दिवंगत कंपोजर बप्पी लाहिड़ी द्वारा बनाया गया था और मिथुन चक्रवर्ती-अभिनीत फिल्म 'डिस्को डांसर' में चित्रित किया गया था। गाने के बारे में बात करते हुए, औरा ने कहा कि मैं पहली बार हिंदी में गाने के लिए रोमांचित हूं और 'जिमी जिमी' जैसे लोकप्रिय बॉलीवुड गाने का के-पॉप वर्जन प्रस्तुत किया, जो मेरे पसंदीदा में से एक है। यह सहयोग भारतीय म्यूजिक के लिए कुछ खास बनाने की मेरी इच्छा का उदाहरण है, जो दोनों संस्कृतियों के प्रशंसकों के साथ प्रतिध्वनित होता है।

## 'कुमकुम भाग्य' में आलिया के रूप में तूफान लेकर आ रही रेहाना पंडित



**मुंबई,** 25 मई (एजेंसियां)। एक्ट्रेस रेहाना पंडित 4 महीने बाद टीवी शो 'कुमकुम भाग्य' में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वह शो में आलिया के किरदार में वापसी करेंगी। हाल के एपिसोड्स में, दर्शकों ने देखा कि कैसे रणबीर ने खुशी को सबसे दूर ले जाने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जबकि प्राची हमेशा रणबीर के फैसले के खिलाफ रही है, वह पुलिस स्टेशन में रणबीर के साथ बहस करती है। अपनी वापसी के साथ, आलिया प्राची के खिलाफ रिया का ब्रेनवॉश करने की कोशिश करती नजर आएंगी और उसे प्लान बनाने और रणबीर को उसके जीवन में वापस लाने के लिए उकसाएगी।

शो में अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए, रेहाना पंडित ने कहा कि मैं 4 महीने बाद शो में वापस आने के लिए उत्साहित हूं। मेरा किरदार आलिया मेरे दिल के बहुत करीब है। शो में मेरी एंट्री हो चुकी है और मैं निश्चित रूप से कह सकती हूं कि मैं धमाकेदार एंट्री कर रही हूं। आलिया इस बार तूफान लेकर आने वाली है और यह वाकई दर्शकों के लिए देखने लायक होगा। शो में उनके लुक में भी काफी बदलाव आने वाला है। लीप से पहले उनका लुक बेहद ग्लैमरस था, लेकिन अब वह सिंपल पठानी सूट में नजर आएंगी।

# हिमालयी कच्चे पहाड़ों के लिए ईजाद हुई पर्यावरण अनुकूल सुरंग तकनीक

**देहरादून,** 25 मई (एजेंसियां)। हिमालय की शिवालिक श्रेणी के कच्चे या युवा मिट्टी वाले कम पथरीले पहाड़ों में प्रकृति एवं पर्यावरण के अनुकूल सुरंग बनाने की नयी तकनीक की ईजाद हुई है जिसे विश्व भर में सराहा जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बात का खुलासा किया है कि उत्तराखंड में ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेलवे लाइन परियोजना में इस तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है।

वैष्णव ने कल देर शाम मुख्यमंत्री आवास में आयोजित एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि ऋषिकेश और कर्णप्रयाग के बीच एक नई ब्रॉडगेज रेल लाइन उत्तराखण्ड राज्य की बेहद महत्वपूर्ण विकासात्मक परियोजना है। यह 125 किलोमीटर की लाइन में 104 किलोमीटर सुरंगें बननी है। उन्होंने कहा कि हिमालय में पहली बार टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) का प्रयोग किया जा रहा है। पहले सुरंग एनएटीएम तकनीक से बनाई जाती है। लेकिन अब वैज्ञानिकों एवं अभियंताओं ने हिमालयन टनलिंग मैथड को ईजाद किया है। रेल मंत्री ने कहा कि सुरंग में स्थिरता लाने के लिए पारंपरिक डिजाइन को बदल कर अर्ध दीर्घवृत्ताकार बनाया गया है जिससे पहाड़ के दबाव को ही सुरंग की स्थिरता का कारक बनाया गया है। इस प्रकार से सुरंग बनाने के लिए पर्यावरण एवं प्रकृति का तकनीक से सामंजस्य स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि हम कहते हैं कि पहाड़ महाराज, हमको थोड़ा रास्ता दे दो। उन्होंने कहा कि अभी तक ऑस्ट्रिया एवं स्विट्जरलैंड की डिजाइन एवं तकनीक को विश्व में सबसे उत्तम माना जाता था लेकिन कम चट्टान एवं अधिक मिट्टी वाले पर्वतीय क्षेत्र में भारत की हिमालयन टनलिंग मैथड की उन देशों में भी प्रशंसा हो रही है। उन्होंने कहा कि कि इस विधि पर एक शोध पत्र तैयार किया गया है और उसे कई बड़े मुल्कों ने साझा करने का अनुरोध किया है। अधिकारियों के अनुसार यह परियोजना सितम्बर 2020 में शुरू ही गई थी तथा दिसम्बर 2025 तक पूरी करके रेल परिचालन शुरू करने का लक्ष्य है। इस 125 किलोमीटर की परियोजना का काम दस पैकेजों में किया जा रहा है और करीब-करीब 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। अगले दो वर्षों में ऋषिकेश से कर्णप्रयाग की दूरी रेल मार्ग से आधी हो जाएगी। ट्रेन से ऋषिकेश से दो घंटे में कर्णप्रयाग और करीब साढ़े चार घंटे में बद्रीनाथ पहुंच सकेंगे। अभी यह दूरी तय करने में सड़क मार्ग से आठ घंटे का समय लगता है। दिल्ली से बद्रीनाथ धाम एक दिन में पहुंचा जा सकेगा। इस रेलमार्ग पर 100 किलोमीटर की गति से ट्रेनों का आवागमन हो सकेगा। चूंकि पहले से ही योगनगरी ऋषिकेश तक रेललाइन है इसलिए कर्णप्रयाग तक देश के विभिन्न शहरों से ट्रेन और मालगाड़ियां पहुंच जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना में 17 सुरंगों, 13 सहायक सुरंगों, पांच महत्वपूर्ण पुल, 13 प्रमुख पुल एवं 34 छोटे पुल बनाए जा रहे हैं।



- 125 किलोमीटर की लाइन में 104 किलोमीटर सुरंगें
- रेल लाइन देहरादून, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, रूद्रप्रयाग और चमोली के पांचों जिल को जोड़ेगी

### नई तकनीक का प्रयोग सड़क परियोजनाओं में

वैष्णव ने कहा कि सुरंग बनाने की नई तकनीक का सड़क परियोजनाओं और अन्य अवसंरचना परियोजनाओं में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। ऋषिकेश में निर्माणाधीन टनल-1 में परियोजना प्रबंधक रविकांत के अनुसार शुरुआती पहाड़ मिट्टी के होने के कारण सुरंग बनाने का काम अपेक्षा कृत धीरे-धीरे होता है। इसमें टीबीएम की जगह जम्बो मशीनों से सुरंग बनायी जा रही है। इसमें पहले सुरंग की संरचना का प्रोफाइल ड्रा किया जाता है। फिर उसकी लाइन से बाहर कुछ दूरी पर 12-12 फुट तक पाइप डाले जाते हैं और उनमें शक्ति के साथ कंक्रीट/मोर्टार इंजेक्ट किया जाता है। इससे भूस्खलन की संभावना खत्म हो जाती है। तब नीचे से मिट्टी खोद कर रास्ता बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह से प्रतिदिन 75 सेंटीमीटर से एक मीटर तक की खुदाई हो पाती है। यदि पथरीले पहाड़ हों तो रोजाना चार मीटर तक की खुदाई होती है।

# 6 बच्चों की मां को चढ़ा इश्क का बुखार

## प्रेमी से मिलकर कांट्रेक्ट किलर से करवा दी पति की हत्या

**गोपालगंज,** 25 मई (एजेंसियां)। बिहार के गोपालगंज जिले में एक छह बच्चो की मां पर इश्क का ऐसा बुखार चढ़ा कि वह अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति के पैसे से ही कांट्रेक्ट किलर बुलाकर पति की हत्या करा दी। हालांकि पुलिस ने इस मामले में महिला, उसके प्रेमी और कांट्रेक्ट किलर को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए कहा कि श्रीपुर सहायक थाना क्षेत्र के लाढ़पुर गांव में रविवार की रात मछली व्यवसायी ईश मोहम्मद मियां की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस चर्चित मामले में पुलिस ने एसआईटी का गठन कर जांच शुरू की। जांच के क्रम में प्रेम संबंध का मामला सामने आया है।

गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि मृतक की पत्नी नूरजहां खातून ही इस हत्या की मास्टर माइंड है। मृतक पहले विदेश कमाने चला गया था, उसी दौरान खातून का प्रेम बथुआ बाजार निवासी नौशाद आलम से हो गया।

कुछ दिन पहले ईश मोहम्मद मियां विदेश से आकर घर पर ही मछली का व्यवसाय करने लगा। इसी दौरान उसे अपने पत्नी के प्रेम संबंध को लेकर जानकारी मिली। इसके बाद यह पत्नी के प्रेम में रोड़ा बनने लगा, जो उसकी पत्नी को नागवार गुजरा और उसने हत्या की योजना बना ली। उन्होंने अपने प्रेमी से मिलकर 50 हजार में दो कांट्रेक्ट किलर को तैयार किया और रविवार को रात जब ईश मियां अपने घर के दरवाजे पर सोया था, तब उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। सबसे गौर करने वाली बात है कि खिड़की से खातून ने अपने पति की हत्या का लाइव भी देखा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने महिला के प्रेमी प्रेमी बथुआ बाजार का नौशाद आलम, बालेपुर गांव निवासी कांट्रैक्ट किलर मंसूर आलम, कंठी बथुआ का परवेज अंसारी और ईश मोहम्मद मियां की पत्नी नूरजहां खातून को गिरफ्तार कर लिया गया है।

अपराधियों के पास से एक देसी पिस्तौल, तीन गोली, पांच मोबाइल और एक बाइक बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में महिला ने जुर्म स्वीकार कर लिया है।

# धूम्रपान से पुरुष बांझपन की संभावना 30 प्रतिशत तक बढ़ी

**जालंधर,** 25 मई (एजेंसियां)। फरीदकोट स्थित बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस स्कूल ऑफ हेल्थ साइंस के विजिटिंग प्रोफेसर डॉ. नरेश पुरोहित ने गुरुवार को कहा कि धूम्रपान करने से पुरुषों में बांझपन की संभावना 30 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। धूम्रपान करने वाले पुरुषों और महिलाओं दोनों में बांझपन की दर गैर-धूम्रपान करने वालों में बांझपन की दर लगभग दोगुनी होती है।



डॉ. पुरोहित ने पिछले दशक से पंजाब में नि:संतान दंपतियों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए यहां यूनीवार्ता को बताया कि भारत सहित दुनिया भर में प्रजनन संबंधी समस्याएं एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है। उन्होंने कहा कि रोजाना धूम्रपान करने वाली सिगरेट की संख्या से प्रजनन संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। महिलाओं के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि महिला धूम्रपान करने वालों को आईवीएफ के दौरान अधिक अंडाशय-उत्तेजक दवाओं की आवश्यकता होती है और अभी भी पुनर्प्राप्ति के समय कम अंडे होते हैं और आईवीएफ रोगियों की तुलना में 30 प्रतिशत कम गर्भावस्था दर होती है जो धूम्रपान नहीं करती हैं। क्योंकि धूम्रपान अंडे और शुक्राणु में आनुवंशिक सामग्री को नुकसान पहुंचाता है, धूम्रपान करने वाले रोगियों में गर्भपात और संतान जन्म-दोष दर अधिक होती है। डॉ. पुरोहित ने कहा कि धूम्रपान करने वाले पुरुषों और महिलाओं को धूम्रपान न करने वालों की तुलना में गर्भवती होने में अधिक समय लगता है। सेकेंड हैंड स्मोकिंग लगभग स्मोकिंग जितना ही हानिकारक होता है और जो महिलाएं सेकेंड हैंड स्मोक के संपर्क में आती हैं उन्हें गर्भधारण करने में उन महिलाओं की तुलना में अधिक समय लगता है जो नहीं करती हैं। सिगरेट में मौजूद रसायन अंडे और शुक्राणु को नुकसान पहुंचा सकते हैं जो भविष्य में होने वाले बच्चे के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। डॉ. पुरोहित ने कहा कि शोध से पता चलता है कि धूम्रपान हार्मोन उत्पादन को प्रभावित करता है, जो धूम्रपान करने वाली महिलाओं के लिए गर्भवती होने के लिए और अधिक कठिन बना सकता है। अध्ययनों से यह भी पता चला है कि जो पुरुष गर्भ धारण करने की कोशिश करने से पहले या उसके दौरान सिगरेट पीते हैं, उनकी प्रजनन क्षमता कम हो जाती है।

धूम्रपान न करने वालों की तुलना में, पुरुष जो धूम्रपान करते हैं उनमें शुक्राणुओं की संख्या, घनत्व, गतिशीलता, वीर्य की मात्रा और निषेचन क्षमता कम होती है। उन्होंने कहा कि धूम्रपान भी पुरुषों में इरेक्टाइल डिसफंक्शन (ईडी) का एक कारण है। प्रति दिन कम से कम पांच सिगरेट धूम्रपान पुरुषों और महिलाओं में कम प्रजनन दर के साथ जुड़ा हुआ है।

- प्रति दिन कम से कम पांच सिगरेट धूम्रपान पुरुषों व महिलाओं में कम प्रजनन दर के साथ जुड़ा
- आईवीएफ के दौरान अधिक अंडाशय-उत्तेजक दवाओं की आवश्यकता

## आयुर्वेदिक दवाईयों का नहीं शरीर पर कोई दुष्प्रभाव : डॉ. हरीश वर्मा

**नई दिल्ली,** 25 मई (एजेंसियां)। आयुर्वेदाचार्य डॉ. हरीश वर्मा का कहना है कि सोरायसिस एक त्वचा रोग है जिससे त्वचा पर सफेद चमकीली पपड़ी-सी बन जाती है और सूखे, कड़े चकत्ते बन जाते है जो खुजलीदार हो सकते हैं और कभी-कभी चमडी मोटी होने लगती है और उस पर खुरंड और पपडीयां उत्पन हो जाती हैं। यह रोग स्केल्प (सिर के बालों के पीछे), हाथ-पांव अथवा हाथ की हथेलियों, पांव के तलवों, नाखून में, कोहनी, घुटनों पर, पीठ पर और सिर के बालों के पीछे अधिक होता है । हाथों के नाखूनों और पैर की उंगलियों के नाखूनों में गड्ढ़े हो सकते हैं और उनका रंग बदल सकता है। इस बीमारी में दवाओं का सेवन लम्बे समय तक करना आवश्यक होता है। दवाओं का सेवन नियमपूर्वक न करना भी बीमारी को आगे बढ़ाने में पूर्ण सहायक होता है। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को खाने-पीने में शुद्ध शाकाहारी भोजन, हरी सब्जियां, फल आदि का प्रयोग करना अति आवश्यक है। यह जानकारी आयोजित एक बेविनार में आयुर्वेदाचार्य एवं कैनेडियन कॉलेज ऑफ आयुर्वेद एंड योग के प्रमुख डॉ. हरीश वर्मा ने दी। डॉ. वर्मा ने कहा कि सोरायसिस के रोगियों के लिए तैयार किया गया रोगियों के लिए हेल्फलाईन नबंर 9910672020 भी जारी किया गया है। डॉ. हरीश वर्मा ने बताया कि यह आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों का यह फार्मूला तथा तेल सोरायसिस रोग को जड़ से खत्म कर डालने में रामबाण है। यह आयुर्वेदिक फार्मूला ऐलोपेथिक दवाईयों के मुकाबलें में बहुत ही सस्ता है तथा इसका शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है।



# 1983 विश्व कप जीत के सम्मान में केरल के प्रोफेसर ने म्यूजिक वीडियो, कैलेंडर लांच किया

**तिरुवनंतपुरम,** 25 मई (आईएएनएस)7 1983 क्रिकेट विश्व कप जीत की 40वीं वर्षगांठ पर केरल के एक रिटायर्ड कॉलेज प्रोफेसर ने एक संगीत वीडियो और एक कैलेंडर लांच किया है। इसमें उन्होंने सभी ऐतिहासिक पलों को कैद किया है। प्रो एम.सी. वशिष्ठ मालाबार क्रिश्चियन कॉलेज, कैलीकट के इतिहास विभाग के पूर्व प्रमुख रहे हैं। वो क्रिकेट इतिहासकार और कवि भी हैं। उन्होंने एक गीत संकलित किया है और भारत द्वारा पहली बार विश्व कप जीत के 40वें वर्ष का जश्न मनाने के लिए एक कैलेंडर लांच किया है।



वशिष्ठ ने कहा कि गीत के बोल मेरे हैं जिसकी मेरे छात्र साई गिरिधर ने धुन बनाई है और गाया है। गीत और कैलेंडर का मकसद 'राष्ट्रीय एकता के लिए क्रिकेट' संदेश को बढ़ावा देना है।

ऐतिहासिक जीत से संबंधित तस्वीरों में कैद किए गए कई क्रिकेटिंग पलों के अलावा, कैलेंडर में सबसे प्रभावशाली चित्रण विजेता भारतीय क्रिकेट टीम की पे स्लिप है। यह 9 सितम्बर, 1983 को एकदिवसीय मैच के लिए भारतीय टीम को किए गए भुगतान के बारे में है। सभी खिलाड़ियों और टीम मैनेजर बिशन सिंह बेदी को तीन दिनों के लिए प्रति दिन 200 रुपए का दैनिक भत्ता दिया गया। साथ ही 1500 रूपए का मैच फीस का भुगतान भी किया गया, जिससे कुल भुगतान 2,100 रुपए हो गया।

प्रत्येक खिलाड़ी ने 2,100 रुपए की राशि प्राप्त करने पर हस्ताक्षर भी किए हैं। वशिष्ठ ने कहा कि 25 जून, 2023 को 1983 की विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम की याद में मैं अपने स्कूल मालाबार क्रिश्चियन कॉलेज हायर सेकेंडरी स्कूल, कोझिकोड में एक प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा हूं। इस दिन, 40 साल पहले, कपिल देव के नेतृत्व में भारतीय टीम ने विश्व कप फाइनल में शक्तिशाली वेस्टइंडीज को हराया था।

## इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने बनाया बहुत कम लागत में वेंटीलेटर



**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। गलगोटियास कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के तहत एक पोर्टेबल कम कीमत वाले वेंटीलेटर के डिजाइन और विकास का काम पूरा कर दिया है। इस वेंटीलेटर को 'सेवियर' का नाम दिया गया है। इस प्रोजेक्ट को शशिकांत, हर्षित गौड़, अलिया शाहिन और श्रिष्टि यादव ने डॉ. मोहम्मद शाहिद की पर्यवेक्षण में पूरा किया है। इस प्रोजेक्ट को विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के अधीन डॉ. मोहम्मद शाहिद की मार्गदर्शन में पूरा किया है। वेंटीलेटर में एकीकृत डिजाइन के कारण यह कई क्षमताओं से युक्त है, जैसे ईसीजी माप, तापमान माप। इसमें वेंटीलेटर डेटा को स्मार्टफोन पर प्रसारित और प्रदर्शित करने की आईओटी क्षमता है। कोविड-19 महामारी के दौरान अस्पतालों में वेंटीलेटरों की कमी के कारण आपातकालीन योजनाएं बनाई गई हैं। उच्च मूल्य के कारण, ये वेंटीलेटर सामान्य अस्पतालों या गरीब परिवारों के लिए अभीतक अनुभव करने में मुश्किल हो रहे हैं। 'सेवियर' वेंटीलेटर, जो उच्च गुणवत्ता और कम कीमत का संगम है, बीमार रोगियों को जरूरतमंद ऑक्सीजन आपूर्ति प्रदान करने के लिए एक वरदान साबित हो सकता है। इसमें एक ईसीजी मापन उपकरण और तापमान मापन उपकरण शामिल हैं, जो मरीजों के गंभीर स्वास्थ्य स्थिति को मॉनिटर करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, यह वेंटीलेटर आईओटी क्षमता के साथ लैस है जिससे इसके डेटा को स्मार्टफोन पर प्रसारित और प्रदर्शित किया जा सकता है। इससे चिकित्सक और देखभाल कर्मी अपने स्मार्टफोन के माध्यम से मरीजों की स्थिति का निगरानी कर सकते हैं और जरूरत अनुसार उपयुक्त इंटरवेंशन कर सकते हैं। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से, विद्यार्थियों ने संभावित खर्च कम करके एक वाणिज्यिक रूप में उपयोग होने वाले वेंटीलेटर का निर्माण किया है, जिससे सामान्य अस्पतालों और गरीब परिवारों तक इस सुविधा का पहुंचना संभव होगा।

- वेंटिलेटर कई क्षमताओं से है युक्त, ईसीजी व तापमान का करेगा मापन
- कोविड महामारी के दौरान वेंटिलेटर की मांग अस्पतालों में तेजी से बढ़ी

# 7 साल की उज्बेकिस्तानी बच्चे की सर्जरी

**नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। नोएडा में 7 साल की उज्बेकिस्तानी बच्चे के मस्तिष्क के पिछले भाग (हाइंडब्रेन) से 4 सेमी आकार का ट्यूमर निकालने के लिए एक जटिल सर्जरी की गई। मरीज का उपचार पोस्टीरियर फॉसा (खोपड़ी के पिछले भाग में एक छोटे भाग) में रीडू सर्जरी से किया गया। डॉ. राहुल गुप्ता, डायरेक्टर, न्यूरो सर्जरी के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने करीब 5 घंटे चली इस सर्जरी को पूरा किया। सर्जरी के चार दिन बाद बच्चे को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

**मस्तिष्क से 4 सेमी लंबे आकार का ट्यूमर निकाला, 4 दिन में की छुट्टी**



### उज्बेकिस्तान में हुए इलाज से नहीं मिली थी राहत

मरीज का इससे पहले, उज्बेकिस्तान में 2021 में भी इलाज किया गया था। तब रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी से ट्यूमर को आंशिक रूप से ही हटाया गया। कोई सुधार नहीं होने पर मरीज का परिवार उन्हें भारत लेकर आया। उसके सिर में तेज दर्द भी था, बीच-बीच में उल्टी की शिकायत के साथ-साथ चलने में परेशानी और भूख न लगने जैसी समस्याएं भी बनी हुई थीं। मरीज के मस्तिष्क की एमआरआई जांच से ट्यूमर की पुष्टि हुई। मस्तिष्क में पानी भी भरा था (हाइड्रोसेफलस)। डॉक्टरों ने मरीज की दोबारा सर्जरी करने का फैसला किया। लेकिन यह करना आसान नहीं था क्योंकि इस छोटे बच्चे की यह रिपीट सर्जरी थी और वो भी खोपड़ी के उस जटिल हिस्से में इस प्रक्रिया को अंजाम दिया जाना था जहां पहले ही रेडिएशन से इलाज किया गया था।

सर्जरी के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. राहुल गुप्ता, डायरेक्टर, न्यूरोसर्जरी, फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा ने कहा कि ट्यूमर के आकार को देखते हुए यह काफी जटिल मामला था क्योंकि इसमें ट्यूमर का साइज हाइंडब्रेन की तुलना में बड़ा था और यह ब्रेन स्टेम को दबा भी रहा था।

### सर्जरी के दौरान ये थी चुनौतियां

मस्तिष्क में बहुत छोटे आकार का कंपार्टमेंट होता है। इस मामले में, ब्रेन स्टेम जैसी महत्वपूर्ण संरचना और ट्यूमर के आसपास की महत्वपूर्ण रक्त वाहिकाओं की वजह से चुनौती बढ़ गई थी। यहां तक कि एक मामूली सर्जिकल त्रुटि से भी मरीज के शरीर में कई किस्म की जटिलताएं पैदा हो सकती थीं।

## एक्टर और मोटिवेशनल स्पीकर आशीष विद्यार्थी ने 60 की उम्र में की शादी

**नई दिल्ली,** 25 मई (एजेंसियां)। मोटिवेशनल स्पीकर, ट्रेवल और फूड व्लॉगर तथा राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता एक्टर (द्रोहकाल) आशीष विद्यार्थी, जिन्होंने वेब सीरीज 'राणा नायडू' में राणा दग्गुबाती के बड़े भाई की भूमिका निभाई है, 60 साल की उम्र में दूसरी बार परिणय सूत्र में बंधे हैं। उन्होंने एक साधारण समारोह में रूपाली बरुआ से शादी की है, जो मूल रूप से असम से हैं लेकिन कोलकाता में रहती हैं, जहां वह एक फैशन स्टोर से जुड़ी हैं। मीडिया रिपोर्टें के अनुसार, रूपाली ने सोने की टेंपल ज्वलेरी के साथ एक सुंदर सफेद मेखला पहना था और आशीष ने सफेद और सुनहरे रंग का मुंडू पहना था जो उनके पुश्तैनी राज्य केरल का प्रतिनिधित्व करता है। दिलचस्प बात यह है कि आशीष की पहली पत्नी राजोशी भी असम से हैं। वह गुजरे जमाने की असमिया अभिनेत्री शकुंतला बरुआ की बेटी हैं। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के स्नातक आशीष अपनी खलनायक की भूमिकाओं के लिए प्रसिद्ध थे। उन्होंने पहली बार बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म सरदार (1993) में वी.पी. मेनन की भूमिका निभाई। वह 11 भाषाओं में 300 से अधिक फिल्मों में काम कर चुके हैं और कई पुरस्कार जीत चुके हैं। हाल के दिनों में वह कई टेलीविजन और वेब सीरीज में दिख चुके हैं।





| सर्वाधिक बढने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 1.75 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.18 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.07 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.00 प्रतिशत |
| इंडसएंड | 1.91 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.21 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.11 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.07 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.97 प्रतिशत |
| एलटी | 0.88 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

नई दिल्ली, 25 मई (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल में गिरावट आने के बावजूद आज घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर रहा। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर आज जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने मुफ्त बिजली देने की परंपरा पर चिंता जताई

**नई दिल्ली,** 25 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने वोट हासिल करने के लिए मुफ्त बिजली देने की परंपरा पर चिंता व्यक्त करते हुए गुरुवार को कहा कि यह सेक्टर को कमजोर करता है और इससे बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है। यहां आयोजित सीआईआई वार्षिक सत्र 2023 में ऊर्जा मंत्री राज कुमार सिंह ने बिजली क्षेत्र में राजनीतिकरण के बारे में बोलते हुए वोट हासिल करने के लिए मुफ्त बिजली का वादा करने वाले अदूरदर्शी राजनेताओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने जोर देकर कहा कि मुफ्त बिजली जैसी कोई चीज नहीं है, क्योंकि यह अंततः उन करदाताओं पर बोझ डालती है जो बिल का भुगतान करते हैं।

उन्होंने कहा कि मुफ्त की रेवड़ी बांटने और मुफ्त बिजली देने की प्रथा से यह सेक्टर कमजोर होता है। सिंह ने समय पर भुगतान के महत्व पर जोर दिया, क्योंकि ऐसा करने में विफलता न केवल बिजली की आपूर्ति को प्रभावित करती है बल्कि कोयले की आपूर्ति पर भी दबाव डालती है, जो एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में निहित चुनौतियों को दशार्ता है। हालांकि, मंत्री ने निवेशकों को आश्वस्त किया कि बिजली क्षेत्र अब निवेश का अनुकूल अवसर है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि वित्तीय कठिनाइयों का सामना करने वाली और नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में दिवाला कार्यवाही से गुजरने वाली कई फर्मो ने सकारात्मक परिणाम देखे हैं।

सिंह ने बिजली क्षेत्र में किए गए परिवर्तनकारी उपायों पर प्रकाश डाला, जिसके परिणामस्वरूप डिस्कॉम का नुकसान 22 प्रतिशत से घटकर 17 प्रतिशत रह गया है। उन्होंने अगले साल तक घाटे को 15 प्रतिशत से कम करने की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का खुलासा किया। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के बावजूद थर्मल और हाइड्रो क्षमता विस्तार दोनों के लिए भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। सिंह ने वैश्विक मांगों के अनुरूप सुरक्षित और स्वच्छ तरीके से ऊर्जा प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया।




**मुफ्त बिजली जैसी कोई चीज नहीं है, क्योंकि यह अंततः उन करदाताओं पर बोझ डालती है जो बिल का भुगतान करते हैं:- राज कुमार सिंह**

# नए खरीददारों से बिजली का पिछला बकाया वसूल किया जा सकता है: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,** 25 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि किसी संपत्ति के पिछले मालिक का बिजली बकाया नए खरीददार से वसूल किया जा सकता है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, किसी परिसर में बिजली की आपूर्ति फिर से शुरू करने से पहले वितरण लाइसेंसधारी को पिछले उपभोक्ता के बकाए के भुगतान की शर्त 2003 अधिनियम (विद्युत अधिनियम 2003) की योजना के तहत वैध है। शीर्ष अदालत कई सारी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी कि क्या पूर्व मालिक का बिजली बकाया बाद के मालिक से लिया जा सकता है। विद्युत यूटिलिटीज ने तर्क दिया था कि 2003 अधिनियम की धारा 43 के तहत बिजली की आपूर्ति की जवाबदेही पूर्ण नहीं है। अगर पिछले मालिक का बकाया है, तो नया कनेक्शन इनकार किया जा सकता है जब तक कि पिछले मालिक द्वारा बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है।



इसके विपरीत, नीलामी से खरीदने वालों ने तर्क दिया कि धारा 43 वितरण लाइसेंसधारियों को इस बात के लिए बाध्य करती है कि वो हर हाल में बिजली की सप्लाई करे। यह तर्क दिया गया था कि विद्युत अधिनियम 1910 और विद्युत (आपूर्ति) अधिनियम 1948 के प्रावधान, बिजली बोर्ड को यह अधिकार नहीं देते हैं कि वह ऐसे परिसर के नए मालिक या कब्जाधारी से पिछले मालिक के बिजली बकाया की वसूली कर सके और बिजली बकाया का भुगतान केवल उसी व्यक्ति पर होता है जिसे बिजली की आपूर्ति की जाती है। पीठ ने कहा कि धारा 43 के तहत बिजली की आपूर्ति की जिम्मेदारी केवल परिसर के मालिक या कब्जा करने वाले को लेकर है।

खंडपीठ ने कहा, धारा 43 के तहत बिजली की सप्लाई करने की जिम्मेदारी परिसर के मालिक या कब्जा करने वाले के बारे में है। 2003 का अधिनियम उपभोक्ता और परिसर के बीच तालमेल की बात करता है। धारा 43 के तहत, जब बिजली की आपूर्ति की जाती है, तो मालिक या कब्जा करने वाला केवल उन विशेष परिसरों के संबंध में उपभोक्ता बन जाता है जिसके लिए बिजली की मांग की जाती है और विद्युत उपयोगिताओं द्वारा प्रदान की जाती है। 19 मई को दिए गए फैसले में, शीर्ष अदालत ने 19 मामलों का फैसला किया, जो करीब दो दशकों से लंबित थे।

# सिलिकॉन वैली बैंक के नए मालिक ने की करीब 500 कर्मचारियों की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को,** 25 मई (एजेंसियां)। अमेरिका स्थित सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) के नए मालिक फर्स्ट सिटिजन्स बैंकशेयर इंक ने लगभग 500 एसवीबी कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। द सैन फ्रांसिस्को स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, फर्स्ट सिटिजन्स के सीईओ फ्रैंक होल्डिंग द्वारा सभी कर्मचारियों को भेजे गए एक ईमेल के अनुसार, नौकरी में कटौती में क्लाइंट-फेसिंग पोजीशन या भारत में कंपनी की सपोर्ट टीम का कोई भी सदस्य शामिल नहीं है। इसके अलावा, कंपनी के कर्मचारियों के लिए होल्डिंग की ओर से एक संदेश में कहा गया है, यह स्पष्ट है कि प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए हमें अपने दायरे और पैमाने को सही आकार देने के लिए निर्णय लेना चाहिए। जिन कर्मचारियों को हटा दिया गया, उन्हें मानव संसाधन कर्मचारियों के साथ बैठकों में सूचित किया गया था कि वे 9 जून तक बैंक द्वारा नियोजित रहेंगे। निदेशक स्तर के एक कर्मचारी के मुताबिक और छंटनी संभव है। इसके अलावा, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि अधिग्रहण के बाद, एसवीबी कर्मचारियों ने एक सांस्कृतिक संघर्ष के बारे में शिकायत की, क्योंकि फर्स्ट सिटीजन्स बैंक ने उस पर कब्जा कर लिया, जो दशकों से एक प्रमुख वित्तीय खिलाड़ी था।

सिलिकॉन वैली बैंक 2008 के वित्तीय संकट के बाद विफल होने वाला सबसे बड़ा बैंक बन गया। फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (एफडीआईसी) के अनुसार, पिछले साल के अंत में कुल संपत्ति में 209 बिलियन डॉलर के साथ, यह शीर्ष 20 अमेरिकी वाणिज्यिक बैंकों में से एक था।

# जापानी उत्पाद साके की भारत में बढ़ रही लोकप्रियता: राहुल प्रसाद

**नई दिल्ली,** 25 मई (देशबन्धु)। भारत और जापान के बीच दोस्ती जितनी प्रगाढ़ है उतनी ही प्रगाढ़ता वहां के उत्पादों को लेकर भारत में है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान के दौरे से लौटे हैं। इस बीच युवा उद्यमी राहुल प्रसाद ने जापान के लोकप्रिय ब्रांड 'साके' को भारतीय बाजार में लांच किया है। साके चावल से बनाई जाने वाली मदिरा है जो जापान में काफी लोकप्रिय है। भारतीय बाजार में साके की बॉटलिंग करने का श्रेय स्पार्कलिंग एन साके इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड को जाता है जिसके एमडी एवं सीईओ राहुल प्रसाद है। प्रसाद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेक इन इंडिया की पहल से प्रेरित होकर उन्होंने नया व्यवसाय चुना है। प्रसाद पेशे से कंपनी सेक्रेट्री हैं और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के फेलो सदस्य हैं।

**स्पार्कलिंग एन साके इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड ने इशू होन्जोजो साके भारतीय बाजार में किया लांच**

राहुल चार्टर्ड गवर्नेंस इंस्टीट्यूट, यूके और आयरलैंड के फेलो सदस्य भी हैं और उन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से स्नातक किया है। प्रसाद ने यह ब्रांड अपने बेटे 'इशू' के नाम पर रखा है।

प्रसाद बताते हैं कि भारत में बॉटलिंग का सबसे बड़ा फायदा यह है कि गुणवत्ता से समझौता किए बिना उचित मूल्य पर जापानी ब्रांड उपलब्ध है।


प्रसाद बताते हैं कि इशू होन्जोजो गोवा के अलावा जल्द ही कर्नाटक, दमन और दीव, महाराष्ट्र, लेह, लद्दाख और राजस्थान में लॉन्च किया जा रहा है। प्रसाद कहते हैं कि सच्ची सफलता के लिए बाज़ार पर केंद्रित एक स्पष्ट, दीर्घकालिक दृष्टि, एक कार्य दर्शन और जुनून की आवश्यकता होती है। वह भारत में लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए रोजगार सृजित करने के लिए उत्सुक हैं।

# सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी

**मुंबई,** 25 मई (एजेंसियां)। वैश्विक बाजार में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर दूसंचार, इंडस्ट्रियल्स, कैपिटल गुड्स, रियल्टी और टेक समेत 14 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 98.84 अंक चढ़कर 61872.62 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 35.75 अंक की बढ़त लेकर 18321.15 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.36 प्रतिशत की तेजी लेकर 26,584.54 अंक और स्मॉलकैप 0.27 अंक बढ़कर 30,014.82 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3611 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1875 में तेजी जबकि 1615 में गिरावट रही वहीं 121 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी में 30 कंपनियां हरे जबकि 19 लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के 14 समूहों में लिवाली हुई। सीडी 0.57, एफएमसीजी 0.69, हेल्थकेयर 0.02, इंडस्ट्रियल्स 0.57, आईटी 0.31, दूरसंचार 1.67, यूटिलिटीज 0.24, ऑटो 0.50, बैंकिंग 0.06, कैपिटल गुड्स 0.70, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.29, पावर 0.54, रियल्टी 1.10 और टेक समूह के शेयर 0.58 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.15, जर्मनी का डैक्स 0.03, हांगकांग का हैंगसेंग 1.93, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.50 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.11 प्रतिशत टूट गया जबकि जापान के निक्केई में 0.39 प्रतिशत की बढ़त रही। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 68 अंक गिरकर 61,706.13 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद 61,484.66 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। कारोबार के अंतिम चरण में हुई लिवाली की बदौलत यह 61,934.01 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 61,773.78 अंक के मुकाबले 0.16 प्रतिशत की बढ़त लेकर 61,872.62 अंक पर रहा।




निफ्टी भी 17 अंक फिसलकर 18,268.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 18,202.40 अंक के निचले जबकि 18,338.10 अंक के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 18,285.40 अंक की तुलना में 0.20 प्रतिशत चढ़कर 18,321.15 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स में तेजी पर रही कंपनियों में भारती एयरटेल 2.75, आईटीसी 1.76, कोटक बैंक 1.17, एलटी 0.99, पावरग्रिड 0.74, बजाज फाइनेंस 0.70, नेस्ले इंडिया 0.65, एशियन पेंट 0.65, इंफोसिस 0.47, एचसीएल टेक 0.29, एक्सिस बैंक 0.22, बजाज फिनसर्व 0.14, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.11, रिलायंस 0.06 और मारुति 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, गिरावट पर रहने वाली कंपनियों में विप्रो 1.35, टाटा मोटर्स 1.06, एचडीएफसी 0.79, सन फार्मा 0.79, इंडसइंड बैंक 0.70, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.43, टाटा स्टील 0.38, एचडीएफसी बैंक 0.37, एसबीआई 0.21, टीसीएस 0.19, अल्ट्रासिमको 0.18, टेक महिंद्रा 0.17, टाइटन 0.09, एनटीपीसी 0.09 और आईसीआईसीआई बैंक 0.06 प्रतिशत है।

# बीमा वितरकों को स्थायी लाइसेंस देने का प्रस्ताव: पांडा

नई दिल्ली, 25 मई (एजेंसियां)। बीमा विनियामक इरडाई ने बीमा पालिसी वितरकों को स्थायी लाइसेंस देने तथा बीमा कंपनियों को मूल्य वर्धित सेवाओं का कारोबार करने की छूट देने का प्रस्ताव किया है। भारतीय बीमा विनियमन एवं विकास प्राधिकरण (इरडाई) के चेयरमैन देवाशीष पांडा ने गुरुवार को यहां कहा कि बीमा बाजार के नियम कायदों में और सुधार की जरूरत है और इसके लिए सरकार को प्रस्ताव भेजे गए हैं। उन्होंने उद्योगमंडल सीआईआई के वार्षिक अधिवेशन के एक सत्र में कहा कि नए सुधारों की आवश्यकता की पहचन की गयी है और इसके लिए सरकार को प्रस्ताव भेजे गए हैं Kउन्होंने कहा कि इन प्रस्तावों में विभिन्न बाजार खंडों और भौगोलिक क्षेत्रों की जरूरत को पूरा करने के लिए बीमा अधिनियम में बदलाव, वितरकों के लिए स्थायी लाइसेंस की अनुमति देना और बीमा कंपनियों को मूल्य वर्धित सेवाओं की पेशकश करने की अनुमति देना शामिल है।

श्री पांडा ने कहा कि प्राधिकरण बीमा क्षेत्र के लिए यूपीआई जैसा माहौल नाने पर भी काम कर रहा है। इसके लिएभीम त्रिमूर्ति - भीम सुगम, भीमा विस्तार और महिला केंद्रित भीमा वाहक को माध्यम बनाने का प्रस्तावा है। उन्होंने बताया कि अंतिम छोर तक पहुंचने के लिए , एक राज्य-स्तरीय बीमा योजना का प्रस्ताव भी है। श्री पांडा ने कहा, बीमा क्षेत्र एक बड़ा बाजार प्रदान करता है जो क्षेत्र के विकास के लिए एक मजबूत क्षमता प्रदान करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों की तुलना में भारत की आबादी में अभी बीमा संरक्षण का विस्तार अपेक्षाकृत कम है। यह तथ्य इस बात का संकेत है कि भारत में नयी इकाइयों के प्रवेश की बड़ी संभावना है। उन्होंने उद्योग जगत से इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाकर '2047 तक सभी के लिए बीमा' को एक वास्तविकता बनाने का आह्वान किया। बीमा विनियामक निकाय के प्रमुख ने कहा कि कंपनियों के सबार्डिनेट (गौण) ऋण की सीमा दोगुनी कर दी गयी है।

## सार संक्षेप

### आईओएस के लिए 11 देशों में लॉन्च हुआ चैटजीपीटी ऐप

**नई दिल्ली।** ओपनएआई ने अपने आईओएस ऐप की उपलब्धता का विस्तार और देशों में किया है। इसे पहले केवल अमेरिकी बाजार के लिए लॉन्च किया गया था। 1 1 देशों के यूजर्स, जिसमें यूएस, अल्बानिया, क्रोएशिया, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, जमैका, कोरिया, न्यूजीलैंड, निकारागुआ, नाइजीरिया और यूके शामिल हैं, सहित ऐप्पल ऐप स्टोर में चैटजीपीटी ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। आईओएस पर चैटजीपीटी अभी भारत में नहीं आया है। कंपनी ने कहा, हम आने वाले हफ्तों में और देशों और क्षेत्रों में रोल आउट करना जारी रखेंगे। कंपनी ने शेयर लिंक नामक एक नया फीचर पेश किया। यह फीचर यूजर्स को दूसरों के साथ चैटजीपीटी कन्वर्सेशन और शेयर करने की अनुमति देता है। ओपन एआई ने कहा, आपके शेयर किए गए लिंक के प्राप्तकर्ता या तो कन्वर्सेशन देख सकते हैं या थ्रेड को जारी रखने के लिए इसे अपनी चैट में कॉपी कर सकते हैं। यह फीचर वर्तमान में अल्फा में टेस्टर के एक छोटे ग्रुप के लिए शुरू की जा रही है, आने वाले सप्ताहों में सभी यूजर्स तक इसका विस्तार करने की योजना है।

### इको-फ्रेंडली नैपकिन पेश

**नई दिल्ली।** प्रीमियम और किफायती हाइजीन समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी नाईन सैनिटरी नैपकिन्स ने देश के पहले पीएलए आधारित बायोडीग्रेडेबल सैनिटरी पैड लॉन्च किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ये पैड सीआईपीईटी सर्टिफाईड है, जिसके चलते पैड का 90 फीसदी हिस्सा 175 दिनों के अंदर और शेष हिस्सा 1 साल के अंदर डीकंपोज़ हो जाता है। बाहरी कवर और डिस्पोजेबल बैग सहित पूरी पैकेजिंग बायोडिग्रेडेबल है। ये पैड नियमित सैनिटरी पैड की तुलना में अवशोषण, आराम और रिसाव संरक्षण में असाधारण प्रदर्शन प्रदान करते हैं। इसके अलावा ये पैड 100 फीसदी कैमिकल्स से रहित और वेगन हैं तथा सुरक्षित एवं स्थायी विकल्प हैं। नवीकरणीय स्रोतों जैसे स्टार्च और गन्ने से मिलने वाला पीएलए. बायोडीग्रेडेबल एवं कम्पोस्टेबल पॉलिमर है, जो गैर-नवीकरणीय स्रोतों पर निर्भरता कम करने की नाईन की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

### बून की आसियान देशों में एकल उपयोग प्लास्टिक के निष्पादन की योजना

**नई दिल्ली।** आईओटी सक्षम वॉटर-टेक ग्लोबल स्टार्टअप बून अफ्रीका और मध्य पूर्व क्षेत्रों में स्वयं को स्थापित करने के बाद अब आसियान देशों, जैसे कि थाईलैंड, इंडोनेशिया और फिलीपींस, की ओर बढ़ रही है। इसी क्रम में कंपनी ने आसियान देशों में एकल उपयोग प्लास्टिक के निस्तारण के लिय एक करोड़ डॉलर की योजना बनाई है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस विस्तार का उद्देश्य आसियान क्षेत्र की संवेदनशील पर्यावरण पारिस्थितिकी को समृद्ध व संरक्षित रखना है ताकि क्षेत्रभर में कार्बन नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सके। इसी दिशा में बून द्वारा थाईलैंड स्थित अंतारा होटल के साथ साझेदारी की गई है जिसके तहत एकल उपयोग प्लास्टिक के निष्कासन के उद्देश्य से कंपनी ने अपने ए-आई आधारित वॉटर प्यूरीफायर 'वॉटरक्यूब' को स्थापित किया है।

# रिलायंस रिटेल में 2,500 नए रोजगार का सृजन

नई दिल्ली, 25 मई (एजेंसियां)। रिलायंस रिटेल ने इस साल जनवरी से अब तक 2,500 नए रोजगार का सृजन किया है। बाजार के सूत्रों के अनुसार, 567 लोगों ने इस्तीफा दिया। रिलायंस के खुदरा कारोबार में चार लाख से अधिक लोग हैं। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड, अपनी सहायक कंपनियों और सहयोगी कंपनियों के माध्यम से, किराना, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और लाइफस्टाइल और फार्मा के क्षेत्र में 18,040 स्टोर और डिजिटल कॉमर्स प्लेटफॉर्म के एक एकीकृत ओमनी-चैनल नेटवर्क का संचालन करता है और अपने न्यू कॉमर्स के माध्यम से 3 मिलियन से अधिक व्यापारियों के साथ भागीदारी की है। इसकी एफएमसीजी सहायक कंपनी, रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, का उद्देश्य एक बहुमुखी ब्रांड पोर्टफोलियो के तहत उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करना है जो लाखों भारतीयों की दैनिक जरूरतों को पूरा करता है। आरआरवीएल ने 3 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए 260,364 करोड़ रुपए (31.7 अरब डॉलर) का समेकित कारोबार और 9,181 करोड़ रुपए (1.1 अरब डॉलर) का शुद्ध लाभ दर्ज किया। इसके अतिरिक्त इसके पास 249 मिलियन का पंजीकृत ग्राहक आधार है और 31 मार्च, 2023 को समाप्त पिछली तिमाही में इसके स्टोरों में 219 मिलियन लोगों की संख्या देखी गई।

# ईओजीईपीएल ने तेल और गैस क्षेत्र में डिजिटलीकरण और दूर से संचालन के लिए सेंसिया से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली,** 25 मई (एजेंसियां)। भारत की अग्रणी अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन (कोल बेड मीथेन) कंपनी एस्सार ऑयल एंड गैस एक्सप्लोरेशन एंड प्रोडक्शन लिमिटेड (ईओजीईपीएल) ने गुरुवार को सेंसिया के साथ अपने सहयोग की घोषणा की। एवलॉन डिजिटल प्लेटफॉर्म इंटरफेस से संचालन बढ़ाने के लिए सेंसिया डिजिटल समाधान का अग्रणी प्रदाता है। इस रणनीतिक साझेदारी का मकसद मेजरमेंट सिस्टम को एकीकृत करना, निर्णय लेने को अनुकूलन करना और ईओजीईपीएल के कुओं, सुविधाओं और ग्राहक इंटरफेस में महत्वपूर्ण मापदंडों के रिमोट कंट्रोल को सक्षम करना है। सेंसिया का एवलॉन प्लेटफॉर्म एक व्यापक इंटरफेस प्रदान करता है जो संबंधित गतिविधियों और कस्टमर के हिसाब से संचालन को सरल बनाता है। मेकैनिकल, पावर, गैस और वाटर फ्लो, प्रेशर और पावर बैकअप डिवाइस डेटा जैसे आवश्यक मापदंडों का यह प्लेटफॉर्म रीयल-टाइम डेटा देता है। रिमोट एक्सेस और कंट्रोल क्षमताओं के साथ, ईओजीईपीएल महत्वपूर्ण कुओं और सुविधा मापदंडों की निगरानी और समायोजन करने की क्षमता प्राप्त करता है, जिससे कुशल संचालन और सही निर्णय लेने की सुविधा मिलती है।




ईओजीईपीएल के सीईओ पंकज कालरा ने कहा, हम सेंसिया के साथ सहयोग और उसके एवलॉन डिजिटल प्लेटफॉर्म इंटरफेस की तैनाती से खुश हैं। यह साझेदारी हमारी डिजिटलीकरण यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह हमें अपने मेजरमेंट सिस्टम को एकजुट करने, निर्णय लेने की क्षमता का अनुकूलन करने और हमारे संचालन में महत्वपूर्ण मापदंडों को दूर से कंट्रोल करने में सक्षम बनाती है। उन्नत प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाकर, हमें विश्वास है कि हम उत्पादन में वृद्धि, कम परिचालन लागत और बढ़ी हुई दक्षता हासिल करेंगे, जो टिकाऊ और कुशल ऊर्जा उत्पादन के प्रति हमारी वचनबद्धता की पुष्टि करते हैं।

ईओजीईपीएल ने पहले ही रानीगंज ब्लॉक में 350 कुओं की खुदाई में 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। कंपनी अगले 18 से 24 महीनों में 200 और कुओं की खुदाई के लिए और 2,000 करोड़ रुपए का निवेश करने पर विचार कर रही है। कंपनी उत्पादन को 0.9 एमएमएससीडी से बढ़ाकर 1.3 एमएमएससीडी करने के लिए मौजूदा कुओं में नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल कर रही है। सेंसिया के साथ संविदात्मक साझेदारी के तहत, ईओजीईपीएल ने मौजूदा कुओं (बीयू-1 स्कोप) की वास्तविक समय की निगरानी में महत्वपूर्ण प्रगति की है और वर्तमान में अतिरिक्त 200 कुओं (बीयू-2 स्कोप) की निगरानी की प्रक्रिया में है। इस काम में एकीकृत स्वचालन समाधान समग्र डिजिटलीकरण प्रयासों में योगदान देगा, दूर से संचालन को सक्षम करेगा और बीयू-2 में उत्पादन विस्तार योजनाओं के लिए दक्षता में सुधार करेगा।

# खेल जगत

## 'कोहली-कोहली' की आवाज़ें प्रेरित करती हैं : नवीन

**चेन्नई,** 25 मई (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक का कहना है कि पिछले कुछ मैचों के दौरान दर्शक-दीर्घा से आने वाली 'कोहली-कोहली' की आवाज़ों ने उन्हें बेहतर खेलने के लिये प्रेरित किया। नवीन ने बुधवार को मुंबई इंडियन्स से मुकाबले के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं इसका आनंद लेता हूं। मुझे अच्छा लगता है कि मैदान में खिलाड़ी उनका या किसी और का नाम ले रहे हैं। इससे मुझे अपनी टीम के लिये बेहतर खेलने की प्रेरणा मिलती है। गौरतलब है कि एक मई को लखनऊ और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच इकाना स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले के दौरान नवीन और कोहली के बीच भिड़ंत हो गयी थी, जो मैच के बाद बढ़कर लखनऊ के मेंटर गौतम गंभीर तक पहुंच गयी। भारत में कोहली के अथाह प्रशंसक होने के कारण पिछले तीन हफ्तों में नवीन को देशभर के अलग-अलग मैदानों में 'कोहली-कोहली' की आवाजों का सामना करना पड़ा है।



# पहले क्वालीफायर की गलतियों से सीखना चाहेगी गुजरात

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

### क्वॉलिफायर 2 का समय : शाम साढ़े सात बजे से



- ■ गुजरात टाइटंस को खिताब बरकरार रखने की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए मुंबई से हिसाब चुकाना होगा
- ■ गुजरात के शुभमन और मिलर का मुंबई के मधवाल के खिलाफ होगा इम्तिहान

नई दिल्ली, 25 मई (देशबन्धु)। सूर्य कुमार यादव जैसे समग्र बल्लेबाज, कैमरून ग्रीन, इशान किशन, रोहित शर्मा, नेहाल वढेरा और टिम डेविड जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों की मौजूदगी में बेशक मजबूत बल्लेबाजी मुंबई इंडियंस की ताकत है। चोट के चलते बाहर पूरे सीजन से रफ्तार के सौदागर जसप्रीत बुमराह और नॉकआउट शुरू होने से पहले ही जोफ्रा आर्चर के भी बाहर हो जाने से गेंदबाजी मुंबई इंडियंस कमजोर कड़ी कही जा रही थी। टेनिस बॉल क्रिकेट से कौशल को निखारने कर मात्र सात मैचों 13 विकेट चटकाने वाले अनजान से तेज गेंदबाज आकाश मधवाल ने खासतौर पर अपनी खतरनाक यॉर्कर से मात्र 3.3 ओवर में पांच विकेट चटका मुंबई इंडियंस को इलिमिनेटर में लखनउ सुपर जायंटस के खिलाफ चेन्नै में 81 रन से जीत दिला उसे आईपीएल 2023 के क्वॉलिफायर 2 में पहुंचा कर उसके छठे बार खिताब जीतने के बहुत करीब पहुंचा दिया। तेज गेंदबाज आकाश मधवाल के साथ अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला (21 विकेट) की मौजूदगी में मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी भी बहुत धारदार हो गई है। मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस के सामने अपना खिताब बरकरार रखने की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए अब अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में क्वॉलिफायर 2 में शुक्रवार को पांच बार चैंपियन रह चुकी मुंबई इंडियंस को हरा उससे लीग मैच में वानखेड़े स्टेडियम में मिली 27 रन से मिली हार का हिसाब चुका फाइनल में पहुंचने की मुश्किल चुनौती है। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांडया ने ठीक ही कहा कि उनकी टीम को चेन्नै सुपर किंग्स के खिलाफ क्वॉलिफायर 1 में की गई छोटी छोटी गलतियों से बचना होगा। चेन्नै सुपर किंग्स ने चेन्नै में क्वॉलिफायर 1 में गुजरात टाइटंस की छोटी छोटी गलतियों का लाभ उठाकर ही 15 रन से जीत के साथ सबसे पहले फाइनल में प्रवेश किया था। हार्दिक को खासतौर पर मोहम्मद शमी और मोहित शर्मा के साथ एकादश में तीसरे तेज गेंदबाज को चुनाव ज्यादा सूझबूझ से करना होगा।

गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच क्वॉलिफायर 2 का विजेता रविवार को फाइनल में अहमदाबाद में ही चेन्नै सुपर किंग्स से भिड़ेगा। सूर्य कुमार यादव के आतिशी अविजित शतक और आकाश मधवाल (3/31) के कहर से मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े में गुजरात टाइटंस को हरा उसके हौसले पस्त कर दिए थे। वानखेड़े स्टेडियम में आकाश मधवाल ने खासतौर पर यॉर्कर पर अपने बेहतरीन नियंत्रण से गुजरात टाइटस के लगातार दो शतक और चार शतक जमा रन बनाने में सबसे आगे चल रहे शुभमन गिल की गिल्लियां बिखेरने के साथ उनके सलामी जोड़ीदार रिद्धिमान साहा और विस्फोटक डेविड मिलर को एलबीडब्ल्यू आउट कर उसकी कमर तोड़ कर मुंबई को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वानखेड़े स्टेडियम में अकेले गुजरात टाइटंस के राशिद खान (अविजित 79 रन, मात्र 32 गेंद, दस छक्के, तीन चौके ) जवाबी हमला बोल कर जरूर अकेले दम मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी टीम को एक नामुमकिन सी जीत दिलाने की कोशिश की थी। बेशक शुक्रवार को भी मधवाल की कोशिश विकेट लेने में सबसे आगे चल रहे अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला(कुल विकेट) के साथ भी अब अहमदाबाद में भी गुजरात टाइटंस के लिए रन बनाने में सबसे आगे चल रहे शुभमन गिल (कुल 722 रन), एक अर्द्धशतक जडने् वाले साहा (कुल 299 रन), डेविड मिलर ( कुल 259 रन), तीन अर्द्धशतक जड़ चुके विजय शंकर (कुल 301 रन), दो अर्द्धशतक जडने् कप्तान हार्दिक पांडया (कुल 297 रन) सहित मुंबई के शीर्ष और मध्यक्रम को बिखेर कर मुंबई को क्वॉलिफायर 2 में जीत दिला फाइनल में पहुंचाने की होगी। गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल, मिलर और खुद कप्तान हार्दिक पांडया का बतौर बल्लेबाज मुंबई इंडियंस की रफ्तार की नई सनसनी मधवाल, जेसन बेहरनडर्फ(कुल विकेट) और पीयूष चावला के खिलाफ इम्तिहान होगा। मधवाल शुरू के पॉवरप्ले और आखिर के मारधाड़ वाले ओवरों में मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी के तुरुप के इक्के साबित हुए हैं। बावजूद इसके इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि शुभमन गिल, साहा, शंकर और मिलर में मुंबई के मधवाल के %तूफान' से गुजरात की %कश्ती' को निकालने का दम है। शुभमन गिल और मिलर को मधवाल की गेंदों को उछाल को भांप कर खेलना होगा। एक अर्द्धशतक और चार अर्द्धशतक सहित रन बनाने में आगे चल रहे सूर्य कुमार यादव(कुल 544 रन), एक शतक और दो अर्द्धशतक जड़ चुके कैमरून ग्रीन (कुल 422 रन), तीन अर्द्धशतक जड़ वाले इशान किशन (कुल 454 रन), दो -दो अर्द्धशतक जडने् वाले फिनिशर नेहाल वढेरा(कुल 237 रन) व कप्तान रोहित शर्मा(कुल 324 रन) जैसे मुंबई इंडियंस के धुरंधर बल्लेबाजों के लिए मौजूदा आईपीएल में अब तक सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी(कुल 26 विकेट),मोहित शर्मा (19 विकेट), अफगानी लेग स्पिनर राशिद खान (कुल 25 विकेट) और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद (कुल 14 विकेट) से पार पाना आसान नहीं होगा।

# भारत ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये तैयारियां शुरू कीं



**लंदन,** 25 मई (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी टीमों के अभियान की समाप्ति के बाद लंदन पहुंच चुके भारतीय खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिये तैयारियां शुरू कर दी हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को इसकी जानकारी देते हुए ट्वीट किया, भारतीय टीम की नयी प्रशिक्षण किट का अनावरण करते हुए। साथ ही, डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारियां भी शुरू हुईं। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई ने स्पोर्ट्सवियर ब्रांड एडिडास के साथ पांच साल का अनुबंध किया है जिसके तहत भारतीय टीम की जर्सी एवं किट बदल गयी है।

आईपीएल का सफर खत्म होने के बाद कोचिंग स्टाफ के साथ-साथ विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन, उमेश यादव, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, मोहम्मद सिराज और जयदेव उनादकट लंदन रवाना हो चुके हैं। बीसीसीआई द्वारा जारी तस्वीरों में मुख्य कोच राहुल द्रविड़, बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, फील्डिंग कोच टी दिलीप और गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे के साथ शार्दुल और उमेश नज़र आये। भारत को सात जून से यहां द ओवल मैदान पर होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है। भारत ने लगातार दूसरी बार खिताबी मुकाबले में जगह बनायी है, जबकि पिछली बार उसे न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

**डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये भारतीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट, ईशान किशन (विकेटकीपर)।

**स्टैंडबाय खिलाड़ी :** रुतुराज गायकवाड़, मुकेश कुमार, सूर्यकुमार यादव।

# शरत कमल, सत्यन सहित चार पैडलर्स को फ्रेंचाइजी ने रिटेन किया



**मुंबई,** 25 मई (एजेंसियां)। भारत के शीर्ष क्रम के पुरुष पैडलर अचंत शरत कमल (विश्व रैंकिंग 51) और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता सत्यन गणशेखरन (56) अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के सीजन 4 के लिए अपने-अपने फ्रेंचाइजी द्वारा रिटेन किये गए चार खिलाड़ियों में शामिल हैं जो अगले महीने पुणे में होना है। गत चैंपियन चेन्नई लायंस ने दस बार के राष्ट्रीय चैंपियन शरत कमल को बरकरार रखा है, जबकि यूटीटी सीजन 3 के फाइनलिस्ट दबंग दिल्ली टीटीसी ने सत्यन को बनाये रखने का फैसला किया है। अन्य खिलाड़ियों में, भारत की स्टार महिला पैडलर मनिका बत्रा (39) को बेंगलुरू स्मैशर्स ने अपने पूर्व फ्रेंचाइजी से रिटेंशन ट्रांसफर के साथ बरकरार रखा है, जबकि एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता मानव ठक्कर यू मुंबा टीटी में बने रहेंगे। सत्यन ने कहा, यूटीटी सीजन 4 के लिए दबंग दिल्ली टीटीसी द्वारा रिटेन किए जाने से मैं बेहद खुश हूं और दबंग दिल्ली के लिए यह मेरा लगातार चौथा सीजन होगा। सबसे अविस्मरणीय क्षण निश्चित रूप से सीजन 2 में दबंग दिल्ली के लिए चैंपियनशिप पॉइंट जीतना और यूटीटी ताज लेना था। मैं फिर से दिल्ली परिवार के लिए खेलने और इस साल यूटीटी जीतने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा प्रवर्तित फ्रेंचाइजी-आधारित लीग पुणे के बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 13 से 30 जुलाई तक खेली जाएगी।

सीजन 4 में छह टीमें होंगी : बेंगलुरु स्मैशर्स, चेन्नई लायंस, दबंग दिल्ली टीटीसी, गोवा चैलेंजर्स, पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस और यू मुंबा टीटी।

# भारत के हंदल, अमनदीन, उत्तम, बॉबी और पुवन्ना की गोल की बारिश में बह गई चीनी ताइपे की चुनौती



**नई दिल्ली,** 25 मई (देशबन्धु)। बेहतरीन स्ट्राइकर-ड्रैग फ्लिकर अरिजित सिंह हंदल (19वे,20वें, 30वें, 59 वें मिनट) के हैट्रिक सहित दागे चार तथा मैन ऑफ द' मैच अमनदीप (37 वें, 38 वें मिनट व 41 वें मिनट) की हैट्रिक की बदौलत मौजूदा चैंपियन भारत की जूनियर टीम ने सलालाह(ओमान) में जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप में गोल बरसाते हुए कमजोर चीनी ताइपे को मंगलवार रात 18-0 से धोकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। भारत के लिए स्ट्राइकर कप्तान उत्तम सिंह (दसवें व 59 वें मिनट), उपकप्तान बॉबी सिंह धामी (11 वें व 46 वें मिनट) तथा चंडुरा बॉबी पुवन्ना (39 वें व 54 वें मिनट) ने भी दो-दो तथा आदित्य अर्जुन ललगे(37 वें मिनट), ड्रैग फ्लिकर शारदा नंद तिवारी (11 वें मिनट)। अंगद बीर सिंह (37 वें मिनट), आमिर अली (51 वें मिनट) तथा योगेंबर रावत (60 वें मिनट) ने भी एक-एक गोल किया। कप्तान उत्तम सिंह द्वारा मैच के दसवें मिनट में भारत के ने गोल बरसने का जो सिलसिला शुरू किया व अंतिम मिनट)में योगेंबर द्वारा दागे मैच के 19 वें और आखिरी गोल के साथ ही थमा।

भारत ने कप्तान उत्तम सिंह, उपकप्तान बॉबी सिंह धामी के मैदानी तथा शारदा नंद तिवारी के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल से पहले क्वॉर्टर के खत्म होने तक 3-0 की बढ़त ले ली थी। अरिजीत सिंह हंदल लगातार 19 वें और 20 वें मिनट तथा फिर दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से ठीक पहले दनदनाते शॉट से गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी कर भारत को हाफ टाइम तक 6-0 से आगे कर दिया था। तीसरे क्वॉर्टर के सातवें मिनट में अंगद बीर सिंह और आदित्य अर्जुन ललगे तथा अगले ही मिनट अमनदीप के गोल से भारत ने अपनी बढ़त 9-0 कर ली। भारत ने इसी क्वॉर्टर के खत्म होने से पहले तीन और गोल कर अपनी बढ़त 12-0 कर ली। चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के दूसरे मिनट में बॉबी सिंह धामी ने अपना दूसरा गोल कर भारत को 13-0 से आगे कर दिया।आमिर अली(51 वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर अचूक ड्रैग फ्लिक से गोल कर स्कोर 14-0 तथा,पूवन्ना ने अगले मिनट में और पांच मिनट बाद कप्तान उत्तम सिंह ने अपना अपना मैच का दूसरा गोल कर भारत को 16-0 से आगे कर दिया। अरिजित हंदल ने मैच के 59 वें मिनट में अपना चौथा तथा योगेंबर ने आखिरी मिनट में गसृल कार भाात को 18-0 से जिता दिया,।

# एशिया कप आयोजन पर फैसला 28 मई को




**मुंबई,** 25 मई (एजेंसियां)। एशिया कप 2023 के 'हाइब्रिड' आयोजन की अटकलों के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल के दौरान रविवार को इस टूर्नामेंट पर अंतिम फैसला ले सकता है। क्रिकबज़ की ओर से गुरुवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी), अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) और बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्षों को आईपीएल फाइनल के लिये आमंत्रित किया है। रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई सभी एशियाई बोर्डों की बैठक के बाद एशिया कप के आयोजन को लेकर घोषणा कर सकता है। बीसीसीआई के सचिव और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा, बंगलादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के संबंधित अध्यक्ष 28 मई को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होने वाले आईपीएल 2023 फाइनल की शोभा बढ़ाएंगे। हम एशिया कप 2023 के संबंध में भविष्य की कार्रवाई की रूपरेखा तैयार करने के लिये उनके साथ चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि 50 ओवर प्रारूप में होने वाले एशिया कप 2023 की मेजबानी मूल रूप से पाकिस्तान के हाथ में थी लेकिन बीसीसीआई ने इस टूर्नामेंट के लिये पड़ोसी देश का दौरा करने से साफ मना कर दिया था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नजम सेठी ने टूर्नामेंट के आयोजन के लिये 'हाइब्रिड मॉडल' का सुझाव दिया था जिसके तहत भारत अपने सभी मैच संयुक्त अरब अमीरात में खेलेगा, जबकि अन्य मैच पाकिस्तान में खेले जायेंगे। शाह के इस प्रस्ताव को अस्वीकार करने के बाद सेठी ने नया मॉडल पेश किया था जिसके तहत एशिया कप के चार मैच पाकिस्तान में होने थे, जबकि अन्य मैच यूएई में आयोजित होने थे। क्रिकबज़ के अनुसार, पिछले एक हफ्ते में पर्दे के पीछे हुई बातचीत के बाद एसीसी के सदस्य आम सहमति पर पहुंच गये हैं। अब बस यह तय होना बाकी है कि एशिया कप का दूसरा आयोजन स्थल यूएई होगा या श्रीलंका। रिपोर्ट में कहा गया कि अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के एक अधिकारी आईपीएल के दौरान बीसीसीआई से अमीरात में खेलने का अनुरोध करने के लिये भारत आये थे, लेकिन बीसीसीआई सचिव शाह दुबई, शारजाह और अबू धाबी में टूर्नामेंट खेलने के पक्ष में नहीं थे। अहमदाबाद बैठक के दौरान संयुक्त अरब अमीरात में प्रतिकूल मौसम की स्थिति पर भी चर्चा की जाएगी क्योंकि श्रीलंका और बंगलादेश के बोर्ड पहले ही सितंबर में गर्मी के कारण वहां महाद्वीपीय चैंपियनशिप खेलने से इनकार कर चुके हैं। पीसीबी हालांकि मैचों को यूएई में कराने के पक्ष में है। एशिया कप पर आम सहमति होने के कुछ सकारात्मक परिणाम भी होंगे। यह अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले विश्व कप से संबंधित मुद्दों को हल कर सकता है। पीसीबी ने कहा था कि अगर भारत एशिया कप के लिये पाकिस्तान नहीं गया तो वह भी विश्व कप के लिये भारत नहीं आयेगा। अहमदाबाद की चर्चा में सकारात्मक घोषणा के बाद इस समस्या का समाधान होने की उम्मीद है।


# बुमराह की जगह नहीं ले सकता : मधवाल



**चेन्नई,** 25 मई (एजेंसियां)। जसप्रीत बुमराह और जोफ्रा आर्चर, जिनसे इस सीजन में मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी का नेतृत्व करने की उम्मीद की जा रही थी, चोटों के कारण बाहर हो गए, आकाश मधवाल ने अपने असाधारण प्रदर्शन के साथ कदम रखा और तुरंत ही उनकी तुलना सही विकल्प के रूप में की जाने लगी। मधवाल ने सनसनीखेज पांच विकेट (5-5) लिए और मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर में लखनऊ सुपर जायंट्स को 81 रनों से हरा दिया और बुधवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में आईपीएल 2023 के क्वालीफायर 2 में प्रवेश किया। उन्होंने कुछ दिन पहले वानखेड़े में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आखिरी लीग मुकाबले में चार विकेट लेकर मुंबई इंडियंस को प्लेऑफ में पहुंचाया था।

बुमराह को उनकी पीठ की समस्या के कारण टूर्नामेंट से पहले आईपीएल 2023 से बाहर कर दिया गया था, आर्चर कोहनी की चोट के कारण बीच में ही घर लौट आए। मधवाल ने मुंबई इंडियंस द्वारा बुधवार रात एलएसजी के खिलाफ 81 रन की जीत दर्ज करने के बाद मैच के बाद प्रस्तुति समारोह में, मैं टीम द्वारा मुझे दी गई जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहा हूं। मैं बुमराह का प्रतिस्थापन नहीं हूं, लेकिन मैं वही करने की पूरी कोशिश कर रहा हूं जो मैं कर सकता हूं। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम की पिच तेज गेंदबाजों के लिए अच्छी नहीं रही है, लेकिन मधवाल इस पर अपना वर्चस्व जमाने में कामयाब रहे।

# प्रणय, श्रीकांत ने किया उलटफेर, सिंधू की आसान जीत, लक्ष्य बाहर



मलेशिया मास्टर्स

**कुआलालम्पुर,** 25 मई (एजेंसियां)। भारत की सर्वोच्च रैंकिंग वाली एकल खिलाड़ी पी.वी. सिंधु, एच.एस. प्रणय और किदांबी श्रीकांत गुरुवार को यहां महिला और पुरुष एकल के अपने-अपने राउंड ऑफ 16 मुकाबलों में विपरीत जीत के साथ मलेशिया मास्टर्स 2023 बैडमिंटन चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। नवीनतम बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 9वें स्थान पर रहने वाले प्रणय ने मलेशियाई राजधानी में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 इवेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, चीन के ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शिफेंग के खिलाफ कोर्ट 1 पर तीन गेमों में शानदार जीत दर्ज की।

प्रणय ने बुधवार को चीनी ताइपे के छठी वरीयता प्राप्त होउ तिएन चेन को 16-21, 21-14, 21-13 से हराकर अपने अभियान की शुरूआत की थी, उन्होंने अपने चीनी प्रतिद्वंद्वी को राउंड ऑफ 16 में 13-21, 21-16 21-11 से हराया। शुक्रवार को अंतिम-8 के मुकाबले में उनका सामना जापान के केंटा निशिमोटो से होगा।

वहीं पुरुष एकल में 2021 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले किदांबी श्रीकांत ने पुरुष एकल राउंड ऑफ 16 में थाईलैंड के आठवें वरीय कुनलावुत विटिडसन को 45 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 21-19 से हराया।

यहां छठी वरीय डबल ओलंपिक पदक विजेता सिंधू के लिए महिला एकल के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबला कुछ आसान रहा क्योंकि उन्होंने जापान की अया ओहोरी को 40 मिनट में 21-16, 21-11 से आसानी से हरा दिया।

सिंधु, जिन्होंने 2016 में रियो ओलंपिक में रजत जीता था और उसके बाद टोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीता था, सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए चीन की झांग यी मैन से भिड़ेंगी। हालांकि, विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को हांगकांग के एनजी का लॉन्ग एंगस ने प्री-क्वार्टर फाइनल में 21-14, 21-19 से हरा दिया। 28 वर्षीय एंगस बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 14वें स्थान पर हैं जबकि लक्ष्य, एकल रैंकिंग में 22वें स्थान पर हैं।

वह दिन प्रणय का था, जिन्होंने मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन को पछाड़कर बड़ा उलटफेर किया। प्रणय, जिन्होंने पिछले साल थॉमस कप खिताब जीतने में भारत की मदद की थी, पहले गेम में चीनी स्टार से हार गए, जिन्होंने 4-2 की शुरूआती बढ़त से 9-2 के अंतर को खोला। चीनी खिलाड़ी ने 4-5 अंकों की बढ़त बनाए रखी और पहला गेम 21-13 से जीत लिया।

दूसरे गेम में कड़ा मुकाबला था और प्रणय और ली शिफेंग ने दो बार बढ़त का आदान-प्रदान किया। भारतीय खिलाड़ी ने 6-3 की बढ़त बना ली। चीनी शटलर ने अंतर को एक अंक तक सीमित कर दिया, इससे पहले प्रणय ने लगातार कुछ अंक जीतकर इसे 11-7 कर दिया। लेकिन शिफेंग ने स्कोर को 11-ऑल किया। प्रणय ने फिर से 14-13 की बढ़त हासिल की और इसे 18-13 पहुंचा दिया। प्रणय गेम जीतकर मैच को निर्णायक गेम तक ले गए।

तीसरे गेम में, शुरूआती आदान-प्रदान के बाद, 30 वर्षीय भारतीय दाएं हाथ के खिलाड़ी ने 4-4 से 8-5 के अंतर से शुरूआत की और लगातार आठ अंक जीतकर स्कोर 16-5 कर दिया। शिफेंग इससे उबर नहीं सके और उन्होंने अंतर को 16-9 तक सीमित कर दिया, प्रणय ने गेम को 21-11 से जीत लिया और 70 मिनट के मुकाबले में यादगार जीत दर्ज की।

## सार संक्षेप

### अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप :कोलंबिया ने वापसी कर जापान को 2-1 से हराया

**ला प्लाटा (अर्जेंटीना)।** कोलंबिया ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी की और ला प्लाटा स्टेडियम में देर रात जापान पर ग्रुप सी के मैच में 2-1 से जीत दर्ज की और फीफा अंडर 20 विश्व कप टूर्नामेंट के अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली। जापान ने 30वें मिनट में ट्रेनिंग ग्राउंड से सीधे कॉर्नर-किक रूटीन से गतिरोध तोड़ा। सोटा किटानो के साथ पासों के अच्छे आदान-प्रदान के बाद, ताइची फुकुई ने रिकू यामाने के लिए एक पास दिया, जिसने बॉटम कॉर्नर में गेंद पहुंचा दी। हालाँकि, दूसरा भाग कोलंबिया के बारे में था। यासर एस्प्रिला और स्थानापन्न टॉमस एंजल ने खेल दोबारा शुरू होने के पहले 15 मिनट के अंदर कोलंबिया को आगे कर दिया था। जापान के कप्तान कुर्यु मत्सुकी के दो मौकों पर क्रॉसबार पर गेंद मारने के साथ मैच नाटकीय रूप से समाप्त हुआ। रेफरी जोस मारिया सांचेज मार्टिनेज द्वारा ऑन-पिच वीएआर समीक्षा के बाद समुराई ब्लू को स्पॉट-किक दिए जाने के बाद पहला पेनल्टी स्पॉट से था, और दूसरा एक शानदार हेडर से था। जापान अपने चूके हुए अवसरों को बर्बाद कर रहा था क्योंकि अब उनका सामना 27 मई को इजराइल के खिलाफ एक महत्वपूर्ण ग्रुप सी निर्णायक मैच से होगा, जबकि कोलंबिया ने अंडर-20 विश्व कप में दूसरे सीधे नॉकआउट चरण में अपनी प्रगति का जश्न मनाया।

### हम जो चाहते हैं उसे पाने के लिए अपना रास्ता खुद बनाते हैं : रोहित शर्मा

**चेन्नई।** आईपीएल 2023 के क्वालीफायर-2 में जगह बनाने के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को एलिमिनेटर मुकाबले में 81 रन से हराने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने विभिन्न बाधाओं को पार करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। पांच- बार की चैंपियन टीम पिछले साल सबसे नीचे रहने के बाद इस साल क्वालीफायर दो में पहुंच गयी है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन के पूरे सीजन के लिए अनुपलब्ध रहने, जोफ्रा आर्चर के बार-बार कोहनी की चोट के कारण पांच मैच खेलने के बाद स्वदेश लौटने और तिलक वर्मा के हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण कुछ लीग मैचों से बाहर हो जाने के बावजूद, मुंबई ने लखनऊ की चुनौती को आसानी से पार कर लिया और अब वह शुक्रवार को अहमदाबाद में क्वालीफायर 2 में गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी। रोहित ने मैच खत्म होने के बाद कहा, मैंने निश्चित रूप से इसके बारे में सोचा था। यही वह है जो हमने वर्षों से किया है। लोग हमसे कुछ चीजें करने की उम्मीद नहीं करते हैं लेकिन हम सभी बाधाओं से बाहर निकलते हैं और हम जो चाहते हैं उसे पाने के लिए अपना रास्ता बनाते हैं। उन्होंने कहा, ईमानदारी से, सीजन की शुरुआत में, निश्चित रूप से, हम जानते थे कि पिछले सीजन में जो हुआ उसकी तुलना में इस बार हमारे पास करने के लिए बहुत काम है।